मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 27.4 | 14.8 |
| जमशेदपुर | 29.3 | 13.8 |
| डालटनगंज | 28.2 | 10.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

* * * * *


पेज 12

www.lagatar.in | बुधवार, 31 जनवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 06, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 283 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

# बाबूलाल के दिमाग का इलाज कराओ, हम देंगे 11 लाख : झामुमो

## हमारा सीएम हिमंता विश्वाशर्मा, अजीत पवार और नीतीश नहीं, शिबू का बेटा है

विशेष संवाददाता। रांची

झामुमो, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के इनामी स्टंट वाले कदम से बिफर पड़ा है. पार्टी केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने मंगलवार को कहा कि राजनीति में इतना घटिया स्तर और इतना निचला स्तर कभी नहीं देखा गया. मरांडी से इतने निचले स्तर के कदम की उम्मीद नहीं थी. वे खुद एक मुख्यमंत्री रह चुके हैं, मुख्यमंत्री एक व्यक्ति नहीं और संवैधानिक संस्थान हैं. मुख्यमंत्री एक व्यक्ति भी हैं, हर किसी की निजी जिदंगी और दिनचर्या होती है, बार-बार कहा जा रहा है कि वे निजी काम से गए हुए थे. बाबूलाल मरांडी भी अचानक कई दिनों तक सीएम रहते गायब हो जाते थे, तब तो कोई सवाल नहीं उठा. तो हेमंत सोरेन पर इतना बावेला क्यों. सभी को बताना देना चाहते हैं कि हमारे सीएम हिमंता विश्वशर्मा, अजीत पवार और नीतीश कुमार नहीं हैं, जो डराने और धमकाने से पलट जाएंगे. वह दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पुत्र हैं. ये बातें उन्होंने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कहीं.

### हेमंत के साथ क्रिमिनल जैसा व्यवहार, जब आज पूछताछ का दिया समय, तो ईडी क्यों पहुंची दिल्ली

- बाबूलाल व निशिकांत के बयानों पर बिफरा झामुमो, कहा- करेंगे मानहानि का केस
- बाबूलाल सीएम रहते कहां-कहां चले जाते थे, यह किसी को क्यों नहीं बताते थे
- दिल्ली आवास में मिला 36 लाख का कैश ईडी और भाजपा का प्लांटेड



### 36 लाख रुपए ईडी और भाजपा का प्लांटेड

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि दिल्ली के सीएम हाउस से जो 36 लाख रुपए की बरामदगी का मामला है, वो पूरी तरह से ईडी और भाजपा की प्लांटेड कहानी है. इसमें कोई सच्चाई नहीं है. राज्य का राजनीतिक महौल बिगाड़ने के लिए ये लोग कुछ भी कर सकते हैं. 40 घंटे में कई काम होते हैं, कोई व्यक्ति शौचालय से लेकर बेड रूम में सोने, बाथरूम में नहाने, खाना खाने का भी काम करते हैं, क्या इसका हिसाब भी एक सीएम को भाजपा को बताना होगा. वे निजी काम से गए और काम खत्म होने के बाद रांची वापस लौट आए.

### क्या सीएम भाजपा दफ्तर में जाकर बॉयोमैट्रिक्स में हाजिरी लगाएं

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा के लोगों ने एक सीएम के मान-सम्मान के साथ खिलवाड़ किया है. यह काम सीआरपीसी की धारा 499 के दायरे में आता है. इसलिए झामुमो बाबूलाल मरांडी और निशिकांत दुबे के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज करेगा. चूंकि मरांडी की वास्तव में मनो स्थिति खराब हो गयी है. इसलिए पार्टी 11 लाख रुपए खर्च करके उनका इलाज करवाएगी. इनलोगों की भाषा की गरिमा नहीं रही है. भाषा और काम दोनों ही संविधान और नीति-नियम के खिलाफ हो गया है. क्या एक सीएम भाजपा कार्यालय जाकर बॉयोमैट्रिक्स में उपस्थिति दर्ज कराएगा. सुप्रियो ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के साथ केंद्र सरकार के इशारे पर क्रिमिनल जैसा व्यवहार किया जा रहा है. जब सीएम ने 31 जनवरी को पूछताछ का समय दे दिया था, तो ईडी उनके दिल्ली आवास पर क्यों पहुंची? क्या सीएम ईडी को बता कर कहीं आएं-जाएं.

### बाबूलाल की ऐसी खातिरदारी करेंगे कि वे भी याद रखेंगे

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बाबूलाल जी बहुत न्याय और भ्रष्टाचार की दुहाई देते फिर रहे हैं. थोड़ा सयंम रखें, धीरज रखें. बाबूलाल की उम्र हो चुकी है. इसलिए और भी अधिक ठीक से रहना चाहिए, नहीं तो उनकी ऐसी खातिरदारी करेंगे कि वे भी याद रखेंगे. उन्हें बहुत संयम और धैर्यवान व्यक्ति के रूप में जाना जाता था. मगर हाल के दिनों में जिस प्रकार से वे हरकत कर रहे हैं उससे यही लग रहा है कि सही में उनकी मानसिक स्थिति खराब हो गयी है. रही बात निशिकांत दुबे के ट्वीट की, तो उन्हें ऐसा री-ट्वीट करेंगे कि वे भी क्या याद रखेंगे.

### गांधी के कातिल जिंदा हैं, इससे हम शर्मिंदा हैं

सुप्रियो भट्टाचार्य ने गांधी जी की 76 पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि गांधी के देश में गांधी के कातिल आज भी जिंदा हैं, इससे हम शर्मिंदा हैं. बापू का कत्ल करने वाले आज संविधान के कत्ल करने पर उतारू हैं. वे हमें ऐसी शक्ति प्रदान करें कि संविधान के कत्ल करने वाले समाप्त हो जाएं, ताकि इस देश में लोकतंत्र बचा रह सके.

### राज्यपाल को कैसे लग रहा कि राज्य में विधि-व्यवस्था खराब हो गयी 40 घंटे में

सुप्रियो भट्टाचार्य ने राज्यपाल के बयान और उनके कदमों का विरोध करते हुए कहा कि अच्छा है कि वे मुख्य सचिव और डीजीपी को बुलाते हैं. अब जरा उन्हें राज्य की जनता को यह भी बताना चाहिए कि उन्हें कैसे लगा रहा है कि राज्य की विधि व्यवस्था में 40 घंटे में खराब हो गयी. कहां कौन-सी ऐसी घटना हुई, जिससे यह प्रतीत होता है कि विधि व्यवस्था फेल हो चुकी है.

---

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,000 |
| चांदी (किलो) | 76,000 |

**ब्रीफ खबरें**

### नक्सली हमले में तीन जवान शहीद, 14 घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर और सुकमा जिलों की सीमा पर मंगलवार को नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के दौरान दो कोबरा कमांडो समेत सीआरपीएफ के कम से कम तीन जवानों की मौत हो गयी और 14 अन्य घायल हो गए. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि तीन शहीद जवानों में दो कोबरा की 201वीं बटालियन के और एक सीआरपीएफ की 150वीं बटालियन का है. सीआरपीएफ की 'कमांडो बटालियन फॉर रिजॉल्यूट एक्शन' (कोबरा) जंगल में युद्ध अभियान चलाने वाली इकाई है.

### सड़क हादसे में पूर्व मंत्री की बहू की मौत

**जयपुर।** राजस्थान में अलवर के नौगांव थाना क्षेत्र में मंगलवार शाम को सड़क हादसे में बाड़मेर के पूर्व सांसद मानवेंद्र सिंह जसोल और उनका बेटा घायल हो गया, जबकि उनकी पत्नी की मौत हो गई. मानवेंद्र सिंह पूर्व केंद्रीय मंत्री जसवंत सिंह के बेटे हैं. पुलिस के अनुसार दिल्ली से जयपुर आ रहे सिंह की कार नौगांव के पास एक पुल की दीवार से टकरा गई जिससे उसमें सवार सभी लोग घायल हो गये. अस्पताल में मानवेंद्र सिंह की पत्नी चित्रा सिंह को मृत घोषित कर दिया गया.

### भारत ने न्यूजीलैंड को 214 रन से रौंदा

**ब्लोमफोंटेन।** मुशीर खान के दूसरे शतक के बाद स्वामी पांडे की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के सुपर सिक्स चरण के मुकाबले में मंगलवार को यहां न्यूजीलैंड को 214 रन से रौंद दिया.

---

**सियासत में हलचल : आज दोपहर एक बजे सीएम आवास में होगा आमना-सामना**

# सीएम हेमंत पर ईडी की तलवार !

सौरभ सिंह/विनीत उपाध्याय। रांची

जमीन घोटाला मामले में मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री तो नहीं मिले, लेकिन उनके आवास से ईडी ने कबर्ड में रखे हुए 36 लाख रुपए नकदी, बीएमडब्ल्यू कार व जमीन से संबंधित दस्तावेज की बरामदगी की है. इतना ही नहीं, मुख्यमंत्री के दिल्ली स्थित आवास पर छापेमारी व 24 घंटे तक उनके लापता हो जाने संबंधित हाई वोल्टेज ड्रामा का भी मंगलवार की दोपहर अंत हो गया. जिस मुख्यमंत्री की दिल्ली से लेकर रांची तक तलाश हो रही थी, उन्होंने दोपहर में रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में गठबंधन दल के विधायकों के साथ बैठक कर सबको चौंका दिया. दिल्ली हवाई अड्डा से लेकर रेलवे स्टेशन तक हेमंत की खोज होती रही और वे सड़क मार्ग से सकुशल रांची पहुंच गए तथा किसी को भनक तक नहीं लगी. बहरहाल, मुख्यमंत्री अब ईडी की बुधवार को प्रस्तावित पूछताछ की तैयारी में जुट गए हैं. बताया जा रहा है कि बुधवार को दोपहर करीब एक बजे ईडी के अधिकारी मुख्यमंत्री आवास जाएंगे और उनसे पूछताछ करेंगे.जमीन घोटाला प्रकरण में सीएम आवास में मुख्यमंत्री से ईडी की पूछताछ का यह दूसरा अवसर होगा. इससे पूर्व 20 जनवरी को ईडी ने करीब सात घंटे की पूछताछ की थी. कुल मिला कर सीएम हेमंत सोरेन को ईडी ने घेर लिया है और उन पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है.

**बरामद रुपए, कार व जमीन के दस्तावेज को लेकर होगी पूछताछ :** जमीन घोटाला प्रकरण में पूछताछ के क्रम में बुधवार को ईडी के अधिकारी उनके दिल्ली स्थित आवास से बरामद 36 लाख रुपए के स्रोत की जानकारी लेंगे. रुपए कहां से आए और किसने दिए, उसका कहां उपयोग होना था, यह पूछा जाएगा. जिस बीएमडब्ल्यू कार की बरामदगी हुई है, उसके मालिक का नाम भगवान दास होल्डिंग प्राइवेट लिमिटेड बताया गया है. इस नाम के व्यक्ति की कार सीएम आवास में क्या कर रही थी. कहीं यह मुख्यमंत्री की कार तो नहीं जो अज्ञात नाम से पंजीकृत है, इसका भी पता लगाया जा रहा है. जमीन संबंधित दस्तावेज किस उद्देश्य से रखे गए थे.

**सुप्रीम कोर्ट जाने के निर्णय पर भी ली जा रही कानूनी सलाह :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली जाने के पीछे यह बात सामने आई है कि उन्होंने ईडी के हाल के दिनों की गतिविधियों के विरुद्ध कानूनी सलाह ली है. वे जल्द ही सर्वोच्च न्यायालय में ईडी के अधिकारों को चुनौती देने जा रहे हैं. हालांकि, अधिकृत रूप से इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है.

## न प्लान ए- न प्लान बी, सत्ता पक्ष एकजुट, कहा- आत्मरक्षा का अधिकार सभी को



शुभम संदेश टीम। रांची

सियासी हलचल के बीच मंगलवार की रात कांके रोड स्थित सीएम आवास में हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सत्ता पक्ष के विधायकों की बैठक हुई. दो घंटे तक चली बैठक में वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा हुई और आगे की रणनीति पर मंथन किया गया. हालांकि बैठक में क्या निर्णय लिये गये यह स्पष्ट रूप से बाहर नहीं आ पाया है. दोपहर एक बजे ईडी की टीम के सीएम आवास पहुंचने से पहले पहले बुधवार को दिन के साढ़े 11 बजे से सत्ता पक्ष के विधायकों की फिर बैठक होगी. बैठक के बाद भी एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए मंत्री व विधायक सीएम आवास में ही मौजूद रहेंगे. इससे पूर्व मंगलवार दोपहर सीएम ने सत्ता पक्ष के विधायकों के साथ बैठक की थी. बैठक के बाद सभी एकसाथ मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे थे. शाम को दोबारा हुई बैठक में सत्ता पक्ष के दो-तीन विधायकों को छोड़ सभी विधायक मौजूद थे. ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने जिस तरह से चार साल का कार्यकाल पूरा किया है, आगे की भी कार्यकाल पूरा करेगी.

**कांग्रेस एकजुट और सरकार के साथ है : बन्ना गुप्ता :** मंगलवार रात 10 बजे बैठक समाप्त होने के बाद सबसे पहले स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता बाहर निकले. बैठक से बाहर निकले मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि प्लान बी की कोई बात नहीं. प्लान बी तब होगा, जब प्लान ए में गड़बड़ होगी. न प्लान ए है, न प्लान बी है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के साथ है. पूरी पार्टी एकजुट है. आत्मरक्षा का अधिकार सभी को है.

**तृत्व परिवर्तन की बात केवल प्रोपागेंडा : प्रदीप यादव :** विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि सत्ता पक्ष के तमाम विधायक व वाम दल के विधायक पूरी तरह एकजुट हैं. नेतृत्व परिवर्तन की बात केवल प्रोपागेंडा है. इसमें कहीं कोई सच्चाई नहीं है. हमलोगों ने और राज्य की जनता ने 5 साल के लिए हेमंत सोरेन को चुना है, इसलिए भाजपा चाहे जितनी भी कोशिश कर ले, हमलोग भाजपा को मुख्यमंत्री की कुर्सी तक न तो पहुंचने देंगे और न ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को छूने देंगे.

### कार्यकाल पूरा करेगी सरकार, दोबारा सत्ता में आएगी: महुआ

राज्यसभा सांसद महुआ मांझी ने कहा कि हम लोग पूरी तरह कॉन्फिडेंट हैं. सरकार अपना 5 साल पूरा करेगी और 2024 में भी सरकार दोबारा आएगी. बुधवार को सीएम से ईडी के पूछताछ के सवाल पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इसके लिए पूरी तरह तैयार हैं. ईडी कोई नई बात तो करेगी नहीं. पुराने सवालों को ही दोहराएगी.

**झामुमो ने दोनों विधायकों की नाराजगी और टच में नहीं रहने को पूरी तरह किया खारिज**

## सीता सोरेन निजी काम से दिल्ली में, रामदास बीमार

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन के रांची पहुंचने और सीएम हाउस की बैठक में हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन की उपस्थिति को लेकर लगाये जा रहे कयासों को पार्टी ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है. झामुमो महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि मीडिया का दायित्व है कि वह इस तरह की खबरों से बचे और प्रोपगेंडा न फैलाए. कहा कि सीता सोरेन अपने निजी काम से दिल्ली में हैं और विधायक रामदास सोरेन बीमार हैं. जान लें कि बैठक में कल्पना सोरेन की उपस्थिति के बाद यह कयास लगाया जा रहा है कि विधायक सीता सोरेन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को हेमंत का उत्तराधिकारी बनाये जाने की संभावना से नाराज हैं. इसलिए वे बैठक में नहीं आयीं. मगर पार्टी ने इसे एक सिरे से खारिज कर दिया है. सुप्रियो ने कहा कि पूरा गठबंधन चट्टान की तरह सीएम हेमंत सोरेन के साथ खड़ा है.

### दिल्ली से कैसे घर तक पहुंचे सीएम !



**रांची।** सीएम दिल्ली से लौट आए हैं. वह मंगलवार दोपहर 1:30 बजे जनता के सामने आए. लेकिन, दिल्ली से कैसे और कब लौटे, यह सस्पेंस बना है. विधायकों के साथ बैठक में भी उन्होंने अपने आने की कहानी बताते हुए इतना ही कहा कि बस आ गए. हालांकि, कहा जा रहा है कि वह एक इनोवा से अपने गार्ड के साथ दिल्ली से निकले. सड़क मार्ग से ही गढ़वा पहुंचे और गढ़वा से रात में ही यात्रा करते हुए अलसुबह सीएम आवास पहुंच गए. हालांकि, सीएम के पहुंचने की बात गोपनीय रखी गयी थी. मंगलवार दोपहर 12 बजे के बाद यह बात आने लगी कि रात में ही सीएम अपने सरकारी आवास पहुंच गये. फिर 1:30 बजे सीएम विधायकों की बैठक में सामने आए. उनकी तस्वीर भी जारी की गयी. सीएम से जब पूछा गया कि वह कहां थे? तो उन्होंने इतना ही कहा कि आपके दिल में थे.

---

**आरक्षी भर्ती परीक्षा** सामान्य,ओबीसी 1, ओबीसी 2, एसटी-एससी के लिए अलग-अलग सीटें रिजर्व

# झारखंड में पहली बार सिपाही चयन में मिलेगा आरक्षण

रजनीश प्रसाद। रांची

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आरक्षी भर्ती के लिए परीक्षा ली जाएगी. आयोग द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार 24 जिलों में अलग-अलग संख्या में रिक्तियां है. लेकिन सभी जिलों में सामान्य,ओबीसी 1, ओबीसी 2, एसटी और एससी के लिए रिजर्व सीटें नहीं हैं, वहीं कुछ जिलों में केवल महिलाओं के लिए सीट है. रांची में अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति की सीट रिजर्व नहीं है.

खूंटी जिले में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए सीट रिजर्व है. सिमडेगा जिले में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए सीट रिजर्व नहीं है. जबकि गुमला जिले में अनुसूचित जनजाति के लिए सीट रिजर्व है. हजारीबाग में अनुसूचित जाति के लिए सीट रिजर्व है. कोडरमा में अनुसूचित जनजाति,अनुसूचित जाति के लिए सीट रिजर्व नहीं है. चतरा में अनुसूचित जाति के लिए सीट रिजर्व है. गिरिडीह में भी एससी के लिए सीट रिजर्व है. रामगढ़ जिले में एसटी के लिए रिजर्व है. बोकारो में एससी-एसटी के लिए सीट रिजर्व नहीं है. धनबाद में एससी-एसटी के लिए कोई सीट रिजर्व नहीं है.

पलामू की बात करें तो वहां एससी-एसटी के लिए सीट रिजर्व है. लातेहार में एससी के लिए रिजर्व है. दुमका में एससी-एसटी के लिए सीट रिजर्व नहीं है. जामताड़ा में एससी-एसटी के लिए एक भी सीट रिजर्व नहीं है. देवघर में एससी के लिए सीट रिजर्व है. गोड्डा में एससी-एसटी के लिए एक भी सीट रिजर्व नहीं है. साहिबगंज जिले में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए सीट रिजर्व नहीं है. पश्चिमी सिंहभूम में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए कोई सीट रिजर्व नहीं है.

### जानिए कहां हैं कितनी रिक्तियां


बता दें कि आरक्षी परीक्षा में कुल 4919 रिक्तियां निकली है, जिसमें 3799 फ्रेशर वहीं 1120 बेगलॉग है. वहीं सभी जिलों में अलग-अलग रिक्तिया है. सबसे ज्यादा गिरिडीह जिला में 452 रिक्तियां है.

**नियमित नियुक्ति**

| | | | |
|---|---|---|---|
| रांची | 76 | दुमका | 164 |
| खूंटी | 86 | जामताड़ा | 52 |
| सिमडेगा | 103 | देवघर | 343 |
| गुमला | 12 | गोड्डा | 46 |
| हजारीबाग | 212 | साहिबंगज | 131 |
| कोडरमा | 42 | पश्चिमी सिंहभूम | 322 |
| चतरा | 50 | सरायकेला खरसावां | 305 |
| गिरिडीह | 452 | जेएपीटीसी | 10 |
| रामगढ़ | 200 | रेल धनबाद | 244 |
| बोकारो | 136 | जेड़ब्ल्यूएफएस | 14 |
| धनबाद | 337 | सीटीसी | 52 |
| पलामू | 44 | रेल जमशेदुपर | 254 |
| लातेहार | 112 | | |

**रिक्त (बैकलॉग)**

| | | | |
|---|---|---|---|
| खूंटी | 27 | गढ़वा | 4 |
| गुमला | 51 | पाकुड़ | 49 |
| लोहरदगा | 123 | पूर्वी सिंहभूम | 288 |
| हजारीबाग | 146 | जेपीएम | 6 |
| कोडरमा | 17 | रेल धनबाद | 43 |
| चतरा | 127 | जेड़ब्ल्यूएफएस | 20 |
| पलामू | 148 | सीटीसी | 20 |
| लातेहार | 50 | रेल जमशेदपुर | 01 |



---

**कोयला, लोहा, बालू ,जमीन की तरह नौकरी भी लुटवा रही हेमंत सरकार**

# सीएम के परिवार का रिकॉर्ड भगोड़े का: बाबूलाल

संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को प्रेसवार्ता की. कहा कि पिछले दिनों सीएम के करीबियों के घर छापे पड़े. करोड़ों मिले. इसके बाद जांच एजेंसियों ने केस करने को लिखा पर कुछ नहीं हुआ. उन्होंने कहा कि जनता को सरकार से अब उम्मीद नही बची. राज्य में भगोड़ा सीएम है जो ईडी के डर से भागते भागते दिल्ली से रांची पहुंच गया. कैसा दृश्य रहा होगा, जब एक सीएम ईडी के डर से छुप कर दिल्ली से भाग रहा होगा. जो सीएम ईडी की डर से भागता फिर रहा वह राज्य की सुरक्षा क्या करेगा. उन्होंने कहा कि हेमंत का परिवार ही भगोड़ा है. इनके पिता शिबू सोरेन भी मनमोहन की सरकार में संसद से भाग गए थे. कई दिनों तक लापता रहे, फिर इनको तिहाड़ जेल जाना ही पड़ा था.



**भ्रष्टाचारियों को अंतिम मुकाम तक पहुंचा कर ही दम लेंगे :** बाबूलाल ने कहा की बीजेपी भ्रष्टाचार के खिलाफ लगातार संघर्ष कर रही है. भ्रष्टाचारियों को मुकाम तक पहुंचा कर ही दम लेंगे. सभी चोरों को होटवार जेल जाना ही होगा. उन्होंने कहा कि हेमंत भी कितना भागेंगे, कब तक भागेंगे. इन्हें होटवार में जाना ही पड़ेगा. सीएम स्वयं भ्रष्टाचार में लिप्त हैं और दलालों, बिचौलियों के संरक्षक भी हैं. तभी तो इन्होंने भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई नहीं की. उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड के लिए संकल्पित है.

### जेएसएससी परीक्षा में भ्रष्टाचार की हो

मरांडी ने जेएसएससी परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार पर बड़ा निशाना साधा. कहा कि हेमंत सरकार में केवल लूट और भ्रष्टाचार ही हुआ है. यह सरकार कोयला, लोहा, बालू,पत्थर और जमीन की तरह और युवाओं की नौकरी भी लुटवा रही. उन्होंने कहा कि जेएससीसी की परीक्षा अपरिहार्य कारणों से नहीं बल्कि भ्रष्टाचार उजागर होने के कारण रद्द करनी पड़ी है. यह कोई पहली बार नहीं हुआ, बल्कि 7वीं से 10 वीं जेपीएससी परीक्षा की कहानी भी सबको पता है. उन्होंने पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की. कहा कि राज्य में लाखों पद रिक्त हैं, लेकिन बहाली नहीं हो रही है. यह दुखद है.



## लापता होने के सवाल पर बोले सीएम हेमंत

**कल्पना सोरेन** पहली बार विधायक दल की बैठक में पहुंचीं
**40 घंटे बाद** हेमंत के 'प्रकट' होने पर सियासी हलचल तेज
**हेमंत सोरेन** ने आज ईडी अधिकारियों को आवास पर बुलाया

# मैं था, हूं और मैं रहूंगा

**सत्य शरण/प्रवीण।रांची** झारखंड में सियासी हलचल के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 40 घंटे बाद मंगलवार को मीडिया के सामने आए. लापता होने के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में सीएम हेमंत सोरेन ने चुप्पी साध ली. हालांकि मीडियाकर्मियों की ओर से बार-बार पूछे जाने पर हेमंत सोरेन ने सिर्फ इतना ही कहा- मैं था, मैं हूं और मैं रहूंगा. हेमंत सोरेन मंगलवार को राजधानी रांची के बापू वाटिका में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे थे. मुख्यमंत्री ने कहा कि बापू के दिखाए रास्ते हर युग में प्रासंगिक हैं. हम सभी को गर्व होना चाहिए कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जैसे शख्सियत हमारे देश में जन्मे और हमारा मार्गदर्शन किया. देश-दुनिया भी उनके आदर्श और विचारों का अनुसरण करती है. मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी लोग निश्चित रूप से इसके लिए कृतसंकल्पित हैं कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पद चिह्नों में चल कर उनके विचार और संदेश को सदैव आगे बढ़ाते रहें. इस मौके पर मंत्री बन्ना गुप्ता और अन्य विधायकों ने नारेबाजी कर हेमंत सोरेन का हौसला बढ़ाया.

### कल्पना सोरेन विधायक दल की बैठक में पहुंचीं

हेमंत सोरेन मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे सामने आए. सीएम आवास से उनका काफिला बाहर निकला और शिबू सोरेन के आवास पर पहुंचा. बाद में सीएम हेमंत बापू वाटिका पहुंचे. इससे पहले सीएम हेमंत सोरेन ने अपने आवास पर सत्तापक्ष के विधायकों के साथ बैठक की. बैठक में झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी शामिल हुए. जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी विधायक दल की बैठक में पहली बार कल्पना सोरेन भी शामिल हुईं.

### 40 घंटे बाद हेमंत के प्रकट होने पर सियासी हलचल उफान पर

इससे पहले हेमंत सोरेन 40 घटे तक गायब रहे. हेमंत के दिल्ली जाने की सूचना पर प्रवर्तन निदेशालय के अफसरों ने उनके आवास पर दबिश दी थी. घंटों इंतजार के बाद भी उनके बारे में कुछ पता नहीं चल रहा था. वे कहां थे, इस बारे में चीफ सेक्रेट्री, डीजीपी भी राज्यपाल को सही जानकारी नहीं दे पाए थे. राज्यपाल ने इसे गंभीर स्थिति बताया था. उनकी सुरक्षा में तैनात स्पेशल ब्रांच के अधिकारियों को भी मुख्यमंत्री के बारे में कोई जानकारी नहीं थी.

## राज्यपाल राधाकृष्णन ने जताई थी चिंता

पूर्ण बहुमत वाली सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन का इस तरह लापता हो जाना किसी की समझ में नहीं आ रहा था. झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन भी चिंतित थे. उन्होंने मंगलवार को चीफ सेक्रेट्री और डीजीपी को राजभवन तलब किया. राज्य के दोनों बड़े अधिकारी भी उनका कोई सुराग नहीं दे सके. रांची में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे राज्यपाल ने मीडिया के सवालों पर सिर्फ इतना ही कहा कि जिस तरह से मुख्यमंत्री के बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं है, उसी तरह उन्हें भी कुछ पता नहीं है. वे खुद उनके बारे में जानना चाहते हैं कि आखिर वे हैं कहां. राज्यपाल ने यह भी कहा कि सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ताओं का रवैया भी ठीक नहीं है. सीएम का कोई पता नहीं और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता हुड़दंग मचाने में व्यस्त हैं.

### जमीन घोटाले में सीएम से होनी है पूछताछ

हेमंत सोरेन से जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी उनसे पूछताछ करना चाहते हैं. उन्हें अब तक इस बाबत 10 समन ईडी जारी कर चुका है. आठ समन पर तो वे पूछताछ से बचते रहे, पर नौवें समन पर उन्होंने पूछताछ के लिए ईडी को अपने आवास आने को कहा. ईडी की टीम ने 20 जनवरी को उनसे पूछताछ की भी थी. चूंकि ईडी उनसे कुछ और जानकारी हासिल करना चाहता है, इसलिए उन्हें 10वां समन देकर 27 से 31 जनवरी के बीच का समय मांगा था. उन्होंने उस समन का जवाब 29 जनवरी की शाम तब ईडी को तम मेल के जरिए भेजा, जब अधिकारियों ने दिल्ली में उनके मौजूद रहने की सूचना पर घर पर दबिश दी. हालांकि वे वहां नहीं मिले. ईडी अफसरों ने घंटों उनका इंतजार किया.

### मरांडी ने घोषित किया था 11 हजार का इनाम

उधर, विपक्षी पार्टी भाजपा ने तो सीएम के लापता का पोस्टर ही जारी कर दिया था. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा कि लापता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जानकरी देने वाले को 11 हजार रुपये का इनाम दिया जाएगा. पोस्टर में मुख्यमंत्री का हुलिया और उनका पूरा डिटेल दर्ज था. बाबूलाल मरांडी का कहना था कि यह बहुत ही गंभीर मामला है. 24 घंटा से अधिक समय सीएम के बारे में किसी को कुछ पता नहीं है. राज्य के खुफिया और पुलिस महकमे को भी जानकारी नहीं. आरोप तो मुख्यमंत्री पर है, सरकार पर नहीं. सीएम का पता नहीं और जवाब सीएम सचिवालय भेज रहा है. इसका मतलब यही है कि अफसरों को असलियत मालूम थी.

सीएम हेमंत बापू वाटिका पहुंचे, महात्मा गांधी को नमन किया

## हम आ गये तो क्या तकलीफ है



सत्ता पक्ष के विधायक-मंत्री भी बापू वाटिका पहुंचे, महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

**रांची।** सीएम हाउस में बैठक करने के बाद सीएम हेमंत सोरेन रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका पहुंचे और महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि पर नमन किया. इस दौरान झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर भी नजर आये. मीडिया की ओर से सीएम से सवाल पूछा गया कि आप कहां थे. इसके जवाब में सीएम ने कहा कि हम आ गये हैं तो इसमें क्या तकलीफ है. भाजपा की ओर से थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराये जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह क्या सवाल है.

### सीएम हेमंत ने कहा- हम सब मिलकर बापू के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लेते हैं

सीएम ने अपने संबोधन में कहा कि गांधी की पुण्यतिथि पर सभी विधायक-मंत्री ने बापू की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. कहा कि हमें गर्व है कि ऐसे लोग हमारे बीच में जन्मे और हमें मार्गदर्शन दिया. बापू के कदमों पर हम ही नहीं देश-दुनिया भी आचार-विचार का अध्ययन करती है. हम सब निश्चित रूप से इसके लिए संकल्पित हैं. महात्मा गांधी के विचार दबे नहीं और जिस तरीके से आजादी से लेकर आज तक उनको याद किया जाता है. उनके विचारों को आगे बढ़ाया जाता है. हम सब मिलकर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेते हैं.

**खेला अभी बाकी है: इरफान**
सीएम से पहले सत्ता पक्ष के विधायक-मंत्री बापू वाटिका पहुंच कर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान इरफान अंसारी ने कहा कि सत्यमेव जयते. खेला भी बाकी है.

## राज्यपाल ने अधिकारियों को तलब कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया

**विशेष संवाददाता।रांची**



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा तलाशी लिए जाने के बाद पैदा हो रही राजनीतिक स्थिति के मद्देनजर राज्य के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों को मंगलवार को तलब कर और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की. एक शीर्ष अधिकारी ने यह जानकारी दी. पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह ने बताया कि राज्यपाल राधाकृष्णन ने यहां राजभवन में मुख्य सचिव लालबियाक्तलुआंगा खियांग्ते और अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) अविनाश कुमार समेत अन्य अधिकारियों से मुलाकात की. उन्होंने कहा, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य भर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है और 7,000 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है. अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री आवास, राजभवन और डोरंडा स्थित प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय सहित रांची के प्रमुख इलाकों में पूर्वाह्न 10 बजे से रात 10 बजे तक निषेधाज्ञा लागू की गई है.

# ईडी ने सोरेन के दिल्ली स्थित आवास से 36 लाख नकद, दो बीएमडब्ल्यू कार जब्त की

**प्रमुख संवाददाता।रांची/ दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास की तलाशी के बाद 36 लाख रुपए, एक बीएमडब्ल्यू एसयूवी और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए हैं. आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी.

प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम झारखंड में कथित भूमि धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के एक मामले की जांच के संबंध में पूछताछ करने के लिए सोमवार को सोरेन के दक्षिण दिल्ली स्थित 5/1 शांति निकेतन आवास पहुंची थी और वह वहां 13 घंटे से अधिक समय तक रही. इस दौरान उन्होंने परिसर की तलाशी ली.

सूत्रों ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के दलों ने दिन भर की कार्रवाई के दौरान लगभग 36 लाख रुपए नकद, हरियाणा के नंबर प्लेट वाली एक 'बेनामी' बीएमडब्ल्यू कार और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए. मंगलवार को रांची पहुंचे सोरेन (48) ने निदेशालय को सूचित किया था कि वह बुधवार को दोपहर एक बजे अपने आवास पर बयान दर्ज कराने के लिए तैयार हैं.

### जमीन घोटाला मामले में अब तक 14 गिरफ्तार

केंद्रीय जांच एजेंसी के अनुसार, यह जांच झारखंड में माफिया द्वारा भूमि के मालिकाना हक को अवैध रूप से बदलने के एक बड़े गिरोह से संबंधित है. ईडी ने इस मामले में अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया है जिसमें 2011 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी छवि रंजन भी शामिल हैं. वह राज्य के समाज कल्याण विभाग के निदेशक और रांची के उपायुक्त के रूप में कार्यरत रहे थे. इस मामले में झारखंड भूमि राजस्व विभाग के एक कर्मचारी भानु प्रसाद प्रसाद को भी एजेंसी ने गिरफ्तार किया था.



### राजधानी रांची के प्रमुख इलाकों में निषेधाज्ञा लागू

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास की ईडी द्वारा तलाशी लिए जाने के बाद पैदा हुई राजनीतिक स्थिति के मद्देनजर मंगलवार को रांची के प्रमुख इलाकों में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है. उप संभागीय मजिस्ट्रेट (रांची) उत्कर्ष कुमार ने कहा, हमने मुख्यमंत्री आवास, राजभवन और डोरंडा स्थित प्रवर्तन निदेशालय के कार्यालय के 100 मीटर के दायरे में पूर्वाह्न 10 बजे से रात 10 बजे तक (धारा 144 के तहत) निषेधाज्ञा लागू कर दी है. प्रतिबंधों के तहत इन क्षेत्रों में और इनके आसपास प्रदर्शन, रैलियां या बैठकें आयोजित नहीं की जा सकेंगी.

CLASSIFIED

SHARDA SCHOOL
Run by:S. E. T., Reg No.:4/223,Sl No. 4729, U.Dise -20050115504
Email:info@shardaschoolkoderma.com,
Website:www.shardaschoolkoderma.com
Near Durga Mandap Maduatand Jhumari Telaiya PIN- 825409 (Jharkhand)
Mob: 8210034302

AMRITA HOSPITAL & RESEARCH CENTRE
7870865821
Dr. Sumedha Gargy
MBBS, MD (Obs 'n' Gynae), ECFMG (Certified USA), MRCOG (London) & ESGO, Certified in Gynaecological Oncology (Europe), Fellowship in Gynae Oncology TATA Medical Centre, Kolkata, Ex. Sr. Resident, Dept. of Surgical Oncology, RIMS, Ranchi
Shyamli, Kali Mandir Road
Burdwan Compund, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob : 8271505819, E-mail : gargysumedha@gmail.com

BAKSHI HEALTH CARE & DIAGNOSITC CENTRE
4D COLOR ULTRASOUND | ECG | OPD | PATHOLOGY
All Types of Surgery Male & Female
डॉ मिसेज बी. के. बक्सी M.B.B.S., DGO, GYNECOLIGIST SURGEON, GENERAL PHYSSICIAN, SONOLOGIST
स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
नॉर्मल डिलीवरी मात्र 10,000/- हाइड्रोसील ऑपरेशन 12,000/-
ऑपरेशन डिलीवरी मात्र 25,000/- हर्निया ऑपरेशन 20,000/-
College Road GHATSILA
For Quiery Please Call 9199504443

INDU BHUSHAN MEMORIAL SCHOOL
Class:- Nursery to XIIth
Co-Education, English Medium
Our Features
- Reasonable Fee Structure
- Qualified and Trained Teachers
- Innovative Teaching
- Appropriate Student- Teacher Ratio
- No Heavy Bags
- Pre-Primary Play Area
- Attentin Towards Every Child
- Parenting Classes (For Parents)
- CCTV Monitoring
- Transport Facility
Admission is going on.
Contact : 9430370823, 9955449958
Kawatu, Ichak, Hazaribag (Jharkhand)

श्री गणेश नर्सिंग होम
लोअर चुटिया, रांची, फोन : 9835588850
सुविधाएं : सभी तरह के ऑपरेशन, गॉल ब्लाडर, अपेंडिक्स, हर्निया, हाइड्रोसील बवासीर एवं हड्डी की चोट समेत सम्पूर्ण जांच की व्यवस्था उचित दर पर उपलब्ध
Dr. Randhir Kumar
M.B.B.S., D. Ortho
Ms (General Surgery), FIAGES
Ex-Resident (Neurosurgery) RIMS
24 Hours Emergency Pathology Service
(Home Collection also available here)
Vaccination Facility Child
इशानी मेडिकल हॉल
यहां सभी तरह की दवाएं उचित मूल्य पर दी जाती है।

Estd. : 2014 Under the Management of Shanti Seva Trust
R.C. Mission Residential School
(A Co-educational, English Medium, CBSE Board School)
Baba Path, Hurhuru, Hazaribagh | M-8162890238, 9113769641
Admission Open
छात्रावास में सुविधाएं :
- लाइब्रेरी की सुविधा
- सुबह-शाम ट्यूशन
- सीसी टीवी कैमरा
- 24 घंटे सिक्युरिटी
- 24 घंटे बिजली-पानी
- कंप्यूटर लैब
- मेन्यू अनुसार भोजन
Minku Kumar Director
School Building

लोकनायक जेपी विद्या मंदिर
सीबीएसई मान्यता प्राप्त नर्सरी टू नाइंथ
नामांकन जारी
बस की सुविधा खेल का मैदान
सीसीटीवी कैमरा एवं योग्य शिक्षक
प्राचार्या सुनीता देवी
नामांकन के लिए संपर्क करें पता, नंगवा टोल प्लाजा हजारीबाग

श्री साईं नर्सिंग होम
24 घंटा सेवा उपलब्ध
मरीजों की सुलभता हेतु सारी सुविधा उपलब्ध
मिथिलेश कुमार शर्मा
संचालक
श्री साईं नर्सिंग होम, हजारीबाग, संपर्क करें 9931579949,8789744618

24 घंटा सेवा उपलब्ध... अनुभवी डॉक्टर के साथ...
जीवन अनमोल हॉस्पिटल
राजा बांग्ला ओकनी रोड हजारीबाग
निवेदक सुबोध कुमार

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सहायता केंद्र
24 घंटा सेवा उपलब्ध
फ्री इलाज एवं ऑपरेशन के लिए संपर्क करें
राहुल ठाकुर
संचालक
मां अंबे नर्सिंग होम
कालीबाड़ी रोड, बैंक ऑफ बड़ौदा, हजारीबाग फोन : 8709644624

मणिपाल मोन्टेसरी हाई स्कूल
नामांकन जारी
प्ले ग्रुप से दसवीं कक्षा तक
सीबीएसइ पाठ्यक्रम
गैस गोदाम रोड, मंडईकला, हजारीबाग, संपर्क : 9693535747

संत रोबोट बालक मध्य विद्यालय हजारीबाग
नामांकन जारी
रेमंड सोरेन
प्रधानाध्यापक
होली क्रॉस रोड कैथोलिक आश्रम, सम्पर्क : 9798141537

DR. RADHAKRISHNAN SCHOOL OF LEARNING
SENIOR SECONDARY SCHOOL (10+2)
Affiliated to C.B.S.E. New Delhi (3430409)
नामांकन जारी
खेल का मैदान, योग्य शिक्षक, बस की सुविधा
लाइब्रेरी एवं प्रैक्टिकल के लिए उत्तम प्रबंध
NH-33 बोंगा इचाक, हजारीबाग
सम्पर्क करें : 9471041355

EDUCATION TO-LET BUSINESS REAL ESTATE RECRUITMENT MATRIMONY & Many More
Book your CLASSIFIED ADS IN
हिन्दी दैनिक शुभम संदेश एक राज्य-एक अखबार
Contact : 9835511272, 9905709361, 9546277001, 7004715743

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | बुधवार, 31 जनवरी 2024 ● माघ कृष्ण पक्ष 06, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 283 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र


**वारदात :** मामला गोड्डा के पोड़ैयाहाट उत्क्रमित विद्यालय चतरा का


# त्रिकोणीय प्रेम-प्रसंग में दो टीचर की हत्या, आरोपी ने भी खुद को मारी गोली

संवाददाता। गोड्डा

तीन शिक्षकों के बीच चल रहे त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग के बीच गोली चलने से दो शिक्षकों की मौके पर मौत हो गई. जबकि गोली चलाने वाले तीसरे शिक्षक ने आत्महत्या करने के प्रयास में अपने सिर पर गोली मार ली और गंभीर रूप से जख्मी होकर अस्पताल पहुंच गया. घटना मंगलवार दिन के 12 बजे गोड्डा जिला अंतर्गत पौड़ैयाहाट थाना अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय चतरा की है. बताया जाता है कि विद्यालय में क्लास चल रही थी. इसी बीच घटना में शामिल तीनों शिक्षक लाइब्रेरी भवन पहुंचे और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया. बाद में अचानक शिक्षक रवि रंजन ने अपने पास से देसी पिस्तौल निकाल कर शिक्षिका सुजाता कुमारी के ऊपर फायर कर दिया. गोली लगने से कुर्सी पर बैठी शिक्षिका सुजाता लुढ़क कर नीचे गिर गईं और मौके पर ही मौत हो गई. दूसरी गोली आदर्श सिंह पर चलायी गयी, उनकी भी कुर्सी पर बैठे-बैठे मौत हो गई. बाद में गोली चलाने वाले शिक्षक रवि रंजन ने आत्महत्या करने की नीयत से एक गोली अपने सिर पर मार ली और गंभीर रूप से जख्मी होकर नीचे गिर पड़ा.







## क्या है पूरा मामला

बताया जा रहा है कि रवि रंजन का पहले से सुजाता कुमारी के साथ प्रेम चल रहा था, बाद में सुजाता का चक्कर आदर्श के साथ चलने लगा. यह बात रवि रंजन को नागवार गुजरी और उसने पूरे खेल को ही समाप्त कर देने का बड़ा फैसला ले लिया. इसके लिए योजना के तहत तीन नए नए देसी रिवॉल्वर की व्यवस्था की और तीनो गोली अलग अलग रिवॉल्वर से चलायी. हालांकि पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तीनों रिवॉल्वर और खोखा को बरामद कर लिए हैं. एक साथ दो शिक्षकों की लाश स्कूल से निकलने के बाद पूरे शिक्षा महकमे में मातम छा गया है. इस घटना को लेकर तरह-तरह की बातें की जा रही हैं. आखिर शिक्षा के मंदिर में ऐसा घिनौना खेल कैसे खेला जा रहा था. विद्यालय प्रबंधन पर भी लोग सवाल उठा रहे हैं. फिलहाल इस वीभत्स घटना की सर्वत्र निंदा हो रही है.

## जमा हो गयी ग्रामीणों की भीड़

घटना की खबर फैलते ही अगल-बगल के सैकड़ों ग्रामीण स्कूल में जमा हो गए. सदर एसडीपीओ जेपीएन चौधरी पौडेयाहाट थाना प्रभारी भी मौके पर पहुंचे और गेट को तोड़ कर घायल शिक्षक रवि रंजन को इलाज के लिए गोड्डा अस्पताल भेजा. स्थिति ज्यादा गंभीर होने के कारण शिक्षक को भागलपुर रेफर कर दिया गया. बाद में उसे बंगाल ले जाया गया. घटना में मृत शिक्षिका सुजाता कुमारी ग्राम दांडे की निवासी हैं, जबकि रवि रंजन पोडैयाहाट के निवासी हैं और आदर्श सिंह यूपी के बताए जाते हैं. गोड्डा के पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने बताया, दो शिक्षकों के शव स्कूल के एक कमरे में खून से लथपथ मिले, जिनमें एक महिला थी. वहीं आरोपी शिक्षक भी गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला, जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है.



भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता पर वरिष्ठ कांग्रेसियों की बैठक

# न्याय यात्रा झारखंड में कुचक्रों का देगी मुंहतोड़ जवाब : मीर

रेहान अहमद। रांची

भारत जोड़ो न्याय यात्रा की सफलता को लेकर कांग्रेस भवन में प्रदेश कांग्रेस के पदधारियों एवं वरिष्ठ नेताओं की बैठक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अध्यक्षता में मंगलवार हुई. मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर शामिल हुए. उन्होंने कहा कि झारखंड में राहुल गांधी की न्याय यात्रा कांग्रेस जनों के लिए परीक्षा की घड़ी है. कांग्रेस जनों के बीच न्याय यात्रा को लेकर उत्साह है परंतु इस यात्रा के असली उद्देश्यों यानी न्याय के पांच स्तंभों को जनता के पास पहुंचना ही यात्रा की सफलता का परिचायक होगा. उन्होंने कहा कि आज झारखंड के कांग्रेस जनों के पास इतिहास रचने का समय है और ऐसा मौका बार-बार नहीं मिलता. झारखंड में न्याय यात्रा की ऐतिहासिक सफलता केंद्र सरकार द्वारा झारखंड की जनता के खिलाफ रचे जा रहे कुचक्रों की मुंह तोड़ जवाब होगी. उन्होंने कहा कि झारखंडी अवाम जुनून की पक्की है और उनके जज्बे को देख कर लग रह है कि यात्रा पूरे झारखंड में झारखंडी रंग में रंगी नजर आएगी.

मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव चेतन चौहान, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी अपने विचार रखे. बैठक में प्रदीप तुलस्यान, अनवार अहमद अंसारी, रांजीव रंजन प्रसाद, रवींद्र सिंह, अमुल्य नीरज खलखो, संजय लाल पासवान, अजय नाथ शाहदेव, मदन मोहन शर्मा, राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, विनय सिन्हा दीपू, सोनाल शांति, कमल ठाकुर, आभा सिन्हा, डॉ एम तौसीफ, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, जेबा खान, डॉ बिरसा उरांव, खुर्शीद हसन रूमी, डॉ संजय सिंह, राजेश सिन्हा सन्नी, डॉ कुमार राजा, ईश्वर आंनद, बेलस तिर्की, चंचल चटर्जी, गजेन्द्र सिंह, गुंजन सिंह, नेली नाथन, बबलू शुक्ला, अजहर पप्पु, भानू प्रताप बड़ाईक, सुरेन राम, छोटू सिंह, राखी कौर, प्रिय प्रदर्शनी, गुलजार अहमद, हुसैन खान,शिव कच्छप, सेंकी खान, सुरेंद्र उरांव आदि शामिल थे.



## न्याय यात्रा की सफलता से विपक्ष की धज्जियां उड़ जाएंगी

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस जनों के खून में ही मेहनत और संघर्ष दौड़ता है. हमारे लिए यह गर्व की बात है कि न्याय यात्रा झारखंड में 8 दिनों में 13 जिलों से गुजर कर 804 किमी की दूरी तय करेगी. झारखंड की जनता में जोश है और वह पूरे जज्बे के साथ राहुल गांधी के नेतृत्व में जारी न्याय यात्रा का झारखंड में इस्तकबाल करेगी. उन्होंने कहा कि हमें जनता को बताना होगा कि कांग्रेस जनों के संघर्षों के परिणाम और त्याग से झारखंड का निर्माण हुआ है. सत्ता लोलुप केंद्र सरकार झारखंड की लोकतांत्रिक सरकार गिराना चाहती है परंतु न्याय यात्रा की सफलता से उनके नेताओं के मंसूबों की धज्जियां उड़ जाएगी.

## न्याय यात्रा बनेगी एक नजीर : आलमगीर आलम

विधायक दल नेता आलमगीर आलम ने कहा कि यात्रा हमारे गृह जिले और विधानसभा क्षेत्र से झारखंड में प्रवेश करेगी पूरे पाकुड़ में राहुल गांधी व भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल लोगों का ऐतिहासिक स्वागत पाकुड़ की धरती करेगी, जो आगे पूरे झारखंड में यात्रा की सफलता के लिए एक नजीर साबित होगी.

# सीआरपीएफ ने 5 किलो का आईईडी बरामद किया

संवाददाता। लातेहार

सीआरपीएफ की 11 वीं बटालियन को एक बड़ी सफलता मिली है. सर्च ऑपरेशन के दौरान सीआरपीएफ के जवानों ने पुलिस को क्षति पहुंचाने की नीयत से प्लांट कर रखे गए आईईडी बरामद किया है. दरअसल सीआरपीएफ की 11 वीं बटालियन के कमांडेंट वेद प्रकाश त्रिपाठी को गुप्त सूचना मिली थी कि बरवाडीह थाना क्षेत्र के मोरवाई के समीप सैदूप जंगल में नक्सलियों ने आईईडी प्लांट किया है. इसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन से इस सूचना को लेकर चर्चा की और रणनीति तैयार की. इसके बाद बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कनौजिया के नेतृत्व मे एक सर्च ऑपरेशन चलाया गया. सर्च ऑपरेशन के दौरान पांच केजी का एक आईईडी बरामद किया गया. बाद में 11 वीं बटालियन की बीडीडी टीम के द्वारा इसे डिफ्यूज किया गया. त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस को क्षति पहुंचाने के नीयत से जंगलों में आईईडी प्लांट किया गया था. नक्सलियों द्वारा जंगलों में हथियार आदि छिपा कर रखा गया है और आईईडी प्लांट किए गए हैं. उसकी बरामदगी के लिए जंगलों में निरंतर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है.



**खास बातें**

- समय से बरामदगी और डिफ्यूज करने बड़ा हादसा टला
- नक्सलियों के खिलाफ जारी रहेगा सर्च अभियान

# साइबर अपराधी को तीन साल की सजा

**रांची।** साइबर अपराध से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के दोषी संतोष यादव को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने तीन वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. साथ ही कोर्ट ने संतोष यादव पर 2 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है. अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि अगर दोषी जुर्माना की राशि जमा नहीं करता है तो उसे 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. इसके साथ ही कोर्ट ने आदेश दिया है कि संतोष यादव के आवास से बरामद 15 लाख 24 हजार 500 रुपए को केंद्र सरकार के खाते में जमा किया जाए. इस मामले में ट्रायल के दौरान ईडी की ओर से 7 गवाह और 24 दस्तावेज साक्ष्य के रूप में अदालत में पेश किए गए थे. जिसके आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है. इस संबंध में देवघर के मधुपुर थाना में कांड संख्या 351/2017 के तहत प्राथमिकी दर्ज हुई थी. जिसे ईडी ने टेकओवर किया था. पुलिस की छापेमारी के दौरान संतोष यादव के पास से 15 लाख 24 हजार 500 रुपए बरामद किए थे.

# 9 फरवरी से झारखंड विस का बजट सत्र, 16 को पेश होगा बजट



प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 9 फरवरी से शुरू होगा. 29 फरवरी तक सत्र चलेगा. सत्र में 14 कार्यदिवस होंगे. 16 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट सदन में रखा जाएगा. 9 फरवरी को सुबह 11.30 में सदन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का अभिभाषण होगा. बजट सत्र को का औपबंधिक कार्यक्रम जारी कर दिया गया है.

## बजट सत्र का औपबंधिक कार्यक्रम

- **9 फरवरी-** विधानसभा में राज्यपाल का अभिभाषण, शोक प्रकाश
- **12 फरवरी-** प्रश्नकाल, राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा, 2023-24 का तृतीय अनुपुरक बजट सदन में रखा जाएगा.
- **13 फरवरी-** प्रश्नकाल, राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार का उत्तर, अनुपुरक बजट पर चर्चा.
- **15 फरवरी-** प्रश्नकाल, अनुपुरक बजट पास कराया जाएगा.
- **16 फरवरी-** प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट सदन में रखा जाएगा.
- **19 फरवरी-** प्रश्नकाल, बजट पर सामान्य वाद-विवाद.
- **20 फरवरी-** प्रश्नकाल, बजट पर चर्चा.
- **21 फरवरी-** प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर वाद-विवाद, सरकार का उत्तर और मतदान.
- **22 फरवरी-** प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर वाद-विवाद, सरकार का उत्तर और मतदान.
- **23 फरवरी-** प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर वाद-विवाद, सरकार का उत्तर और मतदान.
- **26 फरवरी-** प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर वाद-विवाद, सरकार का उत्तर और मतदान.
- **27 फरवरी-** प्रश्नकाल, अनुदान मांगों पर वाद-विवाद, सरकार का उत्तर और मतदान.
- **28 फरवरी-** प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक सदन में रखे जाएंगे.
- **29 फरवरी-** प्रश्नकाल, विधेयक, गैर सरकारी संकल्प सदन में रखे जाएंगे.

वन नेशन- वन इलेक्शन को ले आजसू की बैठक

# सीएम ने पद की गरिमा खत्म कर दी:सुदेश महतो



संवाददाता। रांची

आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा है कि हेमंत सोरेन ने सीएम पद की गरिमा खत्म कर दी है. राज्य की छवि भी लगातार बिगाड़ रहे. उन्हें यह बताना चाहिए कि जब दिल्ली में ईडी की टीम उनके आवास पर पहुंची, तब वे कहां थे, फिर वे किन रास्तों से लौटे. उनकी गतिविधियों से भ्रम की स्थिति बनी हुई है. ईडी उनसे पूछताछ करना चाहती है. अगर कोई गलती नहीं की, तो बेहिचक इसका सामना करें. सरकार और उनकी पार्टी शासन का दुरूपयोग कर माहौल खराब करने में जुटी है. जबकि राज्य में विधि व्यवस्था को लेकर राज्यपाल लगातार चिंता जाहिर कर रहे हैं.

**वन नेशन वन इलेक्शन नए भारत की आकांक्षा : डॉ देवशरण :** आजसू कार्यालय में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर आयोजित बैठक में प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा, एक राष्ट्र एक चुनाव के लक्ष्य को प्राप्त कर सकें तो आधुनिक भारत के लोकाचार प्रतिबिंबित हो सकते हैं. वन नेशन वन इलेक्शन नए भारत की आकांक्षा को दर्शाता है. उन्होंने बताया कि वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर विस्तृत चर्चा हुई. देश को इस ओर बढ़ना चाहिए. इससे देश आगे बढ़ेगा और चुनाव में होने वाले खर्च में कमी आएगी. मौके पर कई लोग शामिल हुए. इस दौरान एक राष्ट्र-एक चुनाव को ले मंथन हुआ. मौके पर डोमन सिंह मुंडा, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता, सुबोध प्रसाद, डॉ मुकुंद चंद, ब्रज मोहन, पंकज श्रीवास्तव, मनोज सिंह, गौतम सिंह, डॉ सुधीर यादव, अशोक नाग, परवाज खान, कौशल तिवारी आदि पदधारी शामिल थे.

**हमें बापू के रास्ते पर चलने की जरूरत :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सुदेश महतो व पार्टी के अन्य पदाधिकारियों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. उन्हें नमन किया. मौके पर सुदेश महतो ने बापू को याद करते हुए कहा कि गांधी के विचार और उनके सिद्धांत अनमोल हैं. उन्होंने विश्व को सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का पाठ पढ़ाया था.

# खो-खो प्रतियोगिता आज से

**रांची।** 67 वीं राष्ट्रीय स्कूल खेल प्रतियोगिता 2023-24 में खो-खो स्पर्धा 31 जनवरी से 4 फरवरी तक रांची के खेलगांव स्थित मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित होगी. परमवीर शहीद अल्बर्ट एक्का खोखो मैदान में अंडर 14 बालक/बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में देश के 660 खिलाड़ी भाग लेंगे. राज्य के स्कूली शिक्षा एवं

## 660 खिलाड़ी लेंगे भाग

साक्षरता विभाग की मेजबानी में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन बुधवार को दोपहर 3 बजे झारखंड सरकार के श्रम नियोजन मंत्री सत्यानंद भोक्ता करेंगे. इस प्रतियोगिता में 28 टीमें भाग लेंगी. इनमें 336 बालक और 324 बालिकाएं शामिल हैं.

# बीसीसीएल और प्रमिथ के बीच एमओयू

**धनबाद ।** बीसीसीएल सीएसआर के तहत जनरल ड्यूटी असिस्टेंट पर 120 महिला उम्मीदवारों और बीएफएसआई -क्रेडिट प्रोसेसिंग ऑफिसर पर 150 को कौशल विकास प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए मंगलवार को बीसीसीएल और प्रमिथ फाउंडेशन, कोलकाता के बीच एमओयू हुआ. फाउंडेशन के माध्यम से वित्त वर्ष 2022-23 में 120 उम्मीदवारों के लिए जीडीए (एड) आयोजित किया गया था. जिसमें 95 प्रतिशत प्लेसमेंट रिकॉर्ड हासिल किया गया. बीसीसीएल का लक्ष्य धनबाद के इच्छुक युवाओं को रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम की सुविधा प्रदान करना है. बीसीसीएल के निदेशक (वित्त) आरके सहाय की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन दर्ज किया गया.




**डीएसपीएमयू** छात्रों का 12 करोड़ रुपये खर्च, सीनेट को भी नहीं दी गई जानकारी

# पढाई डांवाडोल, कंस्ट्रक्शन पर करोड़ों खर्च

अमित सिंह। रांची

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि (डीएसपीएमयू) के कुलपति के रूप में डॉ. तपन कुमार शांडिल्य ने जून 2022 में पदभार संभाला. कुलपति की कुर्सी पर बैठते ही डॉ. शांडिल्य ने घोषणाओं की झड़ी लगा दी. 19 माह से ज्यादा समय गुजर गया, मगर एक भी घोषणा पूरी नहीं हुई.

छात्रों को क्वालिटी एजुकेशन देने के नाम पर डॉ. शांडिल्य ने 20 करोड़ से ज्यादा रुपए खर्च कर दिए. इसका लाभ छात्रों को कम, एजेंसियों को ज्यादा मिला. तभी तो वीसी ने अबतक ऑडिट नहीं कराया. विवि के सीनेट को भी खर्च की जानकारी नहीं दी. वोकेशन कोर्स फंड में करीब 30 करोड़ जमा थे, जिसे वीसी ने विवि का इंटरनल फंड के नाम पर खर्च करते आ रहे हैं.डीएसपीएमयू के विभिन्न संकायों में वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई होती है. वोकेशनल कोर्स के छात्रों से हर साल फीस व अन्य मदों में तकरीबन 20 करोड़ रुपए लिए आते हैं, जो विवि के खाते में जमा कराए जाते हैं. विवि प्रशासन वोकेशनल कोर्स के फंड से अपने पास मात्र 20 प्रतिशत रख सकता है, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है. विवि प्रशासन ने मनमाने ढंग से वोकेशनल कोर्स की शत-प्रतिशत राशि पर न सिर्फ मनमाने ढंग से कब्जा जमा लिया है, बल्कि कुलपति उन पैसों को खुले हाथों खर्च भी कर रहे हैं. विवि में पढाई की स्थिति डांवाडोल है, इसमें सुधार करने के बजाए कंस्ट्रक्शन पर करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं.




## परीक्षा के रिजल्ट में विलंब

डीएसपीएमयू में पीजी सत्र 2022-24 में नामांकन लिए छात्रों की परीक्षा हो रही है, लेकिन का रिजल्ट नहीं आ रहा. सबसे पहले, सेमेस्टर 1 की परीक्षा ली गई, लेकिन रिजल्ट जारी हुए बिना ही, सेमेस्टर 2 शुरू हो गया. इंटरनल और एक्सटर्लन की परीक्षा ले ली गई. दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा के बाद पहले की परीक्षा का रिजल्ट हुआ. अभी दूसरे सेमेस्टर का रिजल्ट जारी नहीं हुआ है.

**अपनी ही घोषणाओं को पूरा नहीं कर सके वीसी :** वीसी बनते ही डॉ. शांडिल्य ने घोषणाओं की झड़ी लगा दी. उन्होंने कहा था कि शिक्षा व खेल के लिए देश में विवि स्थान कायम करेगा. कैलेंडर से सिलेबस पूरा होगा. समय पर परीक्षा और रिजल्ट जारी होंगे. साल भर में डिजिटल लाइब्रेरी व स्मार्ट क्लास रूम तैयार हो जाएगा. यूजी से लेकर पीजी तक अत्याधुनिक लैब की व्यवस्था पक्की की जाएगी. प्लेसमेंट सेल दुरुस्त होगा. छात्राओं के लिए कॉमन रूम, साईकिल स्टैंड की समस्या को दूर किया जाएगा. विवि का एकमात्र उद्देश्य हर हाल का सर्वांगीण विकास है. इससे किसी प्रकार से समझौता नहीं होगा. मगर कुलपति अपने किसी भी वादे और घोषणा को पूरा करने में अबतक सफल नहीं हुए हैं.

# बेतला में पर्यटकों को वर्षों बाद दिखा बाघ

आशीष टैगोर। लातेहार

बेतला नेशनल पार्क में एक बार फिर बाघ देखा गया है. इस बार बाघ बेतला में घूमने आए पर्यटकों ने देखा. दिल्ली व रांची के पर्यटकों ने बेतला नेशनल पार्क में बाघ देखे जाने की पुष्टि की. उन्होंने अपने कैमरे मे बाघ की तस्वीर भी ली और इसे वन अधिकारियों को शेयर किया है. किसी पर्यटक के द्वारा बेतला नेशनल पार्क में बाघ देखे जाने की यह घटना पिछले दस सालों में पहली बार हुई है.

दस साल पहले बंगाल के पर्यटकों ने बेतला नेशनल में पार्क में बाघ देखे जाने का दावा किया गया था. उसके बाद से बेतला नेशनल पार्क एवं पीटीआर क्षेत्र में कई बार बाघों के देखे जाने का दावा वन विभाग करता रहा है. लेकिन पर्यटकों ने इसे दस साल बाद देखा है. पर्यटकों के द्वारा बेतला नेशनल पार्क मे बाघ देखे जाने के बाद से वन विभाग के अधिकारी काफी हर्षित हैं. पिछले साल पीटीआर क्षेत्र में तीन बार बाघ देखे जाने का दावा किया गया. सबसे पहले मार्च महीने में पलामू टाइगर रिजर्व के कूटकू वन प्रक्षेत्र में बाघ को देखा गया. इसके बाद नवंबर में गारू वन प्रक्षेत्र में और उसी महीने में बेतला नेशनल पार्क में बाघ देखे जाने का दावा वन विभाग ने किया. चौथी बार बाघ दिसंबर के महीने में बेतला नेशनल पार्क में देखा गया.



**खास बातें**

- चार साल पहले भी बेतला में देखा गया था बाघ

## ब्रीफ खबरें

### ट्रक ने महिला को रौंदा घटनास्थल पर ही मौत

**चौपारण।** प्रखंड के इंगुनिया ग्राम निवासी बिजली मिस्त्री प्रभु सिंह की पत्नी रूबी देवी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी. बताया जा रहा है कि रूबी देवी अपनी बेटी के साथ गांव के ही संजय प्रजापति की बाइक से इलाज के लिए बरही जा रही थी. इसी दौरान बच्छई मोड़ से आगे एक वाहन ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया. घटना में सभी बाइक सावर सड़क पर गिर गए. इस बीच पीछे से आ रहे ट्रक ने रूबी को कुचल दिया. घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया. सूचना पाकर थाना प्रभारी शंभुनंद ईश्वर मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाकर आवागमन सुचारू करवाया.

### बेटी के देवर की गुमशुदगी को लेकर थाना में आवेदन

**कोडरमा।** सदर थाना क्षेत्र के न्यू कॉलोनी निवासी अंबिका प्रसाद के पुत्र संजय कुमार ने सदर थाना में अपनी बेटी के देवर की गुमशुदगी को लेकर आवेदन दिया है. दिए आवेदन में बताया है कि उनकी बेटी के देवर संजय कुमार उर्फ पोलू (28) गया (बिहार) के टेकारी थाना क्षेत्र अंतर्गत गुलरियाचक के रहने वाले हैं. वह मानसिक रूप से बीमार हैं और उनके घर पर पिछले आठ माह से रह रहे थे. इस बीच बीते 29 जनवरी की सुबह करीब साढ़े आठ बजे किसी को कुछ बताए बिना घर से कहीं निकल गए. काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल पाया. आवेदन मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है.

### नेशनल स्कूल गेम्स के जज रहे अमरदीप

**कोडरमा।** जिले के अमरदीप कुमार ने रांची में संपन्न हुए 67वीं एसजीएफआई नेशनल स्कूल गेम्स वूशु में तकनीकी अधिकारी के रूप में पूरे खेल के दौरान जज की भूमिका निभाई. एसजीएफआई गेम्स वूशु की प्रतियोगिता झारखंड की राजधानी रांची में 24 जनवरी से 28 जनवरी तक आयोजित की गई. इसमें देश भर के विभिन्न स्कूलों के 500 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया. एसजीएफआई में तकनीकी अधिकारी के रूप में शामिल होने पर कोडरमा जिला वूशु संघ के अध्यक्ष और खिलाड़ियों ने अमरदीप कुमार को बधाई दी.

### पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर किया जब्त

**रामगढ़।** रजरप्पा पुलिस ने छापेमारी कर लीचिंग गांव से अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर पकड़ा है. अभियान का नेतृत्व रजरप्पा थाना के अवर निरीक्षक संजय नायक कर रहे थे. उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कोयला लदा ट्रैक्टर दुलमी की तरफ जा रहा है. ट्रैक्टर में लगभग तीन टन अवैध कोयला लदा है. पुलिस को देखते ही चालक ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गया. ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया है. मालिक व चालक के खिलाफ थाने में कोल माइंस एक्ट व वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है. पुलिस की कार्रवाई से कोयला चोरों में हड़कंप मच गया है.

---

अतिक्रमण के खिलाफ चला प्रशासन का बुलडोजर, सीओ के नेतृत्व में अवैध दुकानों को जेसीबी से हटाया, दुकानदारों को दी चेतावनी

# आदर्श मध्य विद्यालय, चौपारण से सटी जमीन को कराया अतिक्रमणमुक्त

संवाददाता। चौपारण

प्रखंड अंतर्गत आदर्श मध्य विद्यालय, चौपारण की चहारदीवारी से सटी सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के खिलाफ मंगलवार को कार्रवाई की गई. इस क्रम में सीओ और पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी से अतिक्रमण हटाया गया. इस दौरान प्रशासन ने अतिक्रमण करने वाले फुटकर दुकानदारों व अन्य अतिक्रमणकारियों को सख्त लहजे में कहा कि भविष्य में फिर से अतिक्रमण करने पर जुर्माना वसूला जाएगा.



बता दें कि सीओ के निर्देश के बाद सभी दुकानदारों को अवैध अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया गया था. अतिक्रमणकारियों में कुंदन केशरी, रिक्की कुमार, तुली केशरी, रोशन केशरी, मनोज चंद्रवंशी, उदय साव, रणधीर वर्णवाल, मो. अख्तर, मो. क्याम, आफताब आलम को सरकारी भूखंड 879, 880, 882 पर अतिक्रमण का दोषी ठहराया गया था. इनलोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध रूप से छोटे-छोटे दुकान बना लिए थे.

इन्हें पूर्व में भी सीओ के आदेश के आलोक में अंचल कार्यालय चौपारण से बजरिया नोटिस के माध्यम से अगाह किया गया था कि एक निश्चित समय के अंदर आप सरकारी जमीन को मुक्त कर दें, अन्यथा विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी. सीओ आशीष मंडल के मुताबिक, नोटिस के बाद भी अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण हटाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई, जिसके बाद प्रशासन के द्वारा कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया गया.

**प्रशासनिक कार्रवाई**
- दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने का दिया था नोटिस
- नोटिस के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्रवाई

**ब्लॉक मोड़ के पास करोड़ों की जमीन पर अतिक्रमण**

दूसरी ओर ब्लॉक मोड़ के समीप करोड़ों रुपये की एक सरकारी भू-खंड पर वर्षों से अतिक्रमण है. अंचल द्वारा हर बार नोटिस-नोटिस खेल कर मामले को दबा दिया जाता है. उक्त सरकारी भू-खंड पर अतिक्रमण हटाने के लिये उच्च न्यायायल में भी मामला चल रहा है. इसे लेकर उपायुक्त द्वारा पूर्व के सीओ को दिए गए अतिक्रमण हटाने के आदेश को भी अंचल कार्यालय में दबा दिया गया. इस संबंध चौपारण अंचल अधिकारी आशीष मंडल ने कहा है कि सभी चिन्हित अतिक्रमित जमीन की फाइल की जांच चल रही है. जल्द ही कार्रवाई की जाएगी.

---

महात्मा गांधी ने पूरे विश्व को शांति, अहिंसा और सद्भाव का रास्ता दिखाया : मुन्ना

# शहीद दिवस पर बापू को किया याद

संवाददाता। जयनगर

भाकपा माले ने पार्टी कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का शहीद दिवस मनाया गया. जयनगर मध्य जोन के लोकल कमिटी सचिव असगर अंसारी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की. इस दौरान दो मिनट मौन रखकर बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए बारी-बारी से सभी ने श्रद्धांजलि दी. अपने संबोधन में जिला कमेटी सदस्य मुन्ना यादव ने कहा कि देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद करवाने में महात्मा गांधी का बहुत बड़ा योगदान था.

उन्होंने देश की आजादी के लिए विकास और समृद्धि के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया. बापू ने भारत ही नहीं बल्कि, बल्कि विश्व को शांति, अहिंसा और सद्भाव का रास्ता दिखाया. देश के विभाजनकारी सांप्रदायिक ताकतों ने सोची-समझी साजिश के तहत 30 जनवरी 1948 को गांधी जी की गोली मार कर हत्या करवा दी थी. उस समय से देश भर में सांप्रदायिकता ने पांव पसारना शुरू किया था. आज ऐसी सांप्रदायिक ताकतों को देश से उखाड़ने की जरूरत है. वहीं असगर अंसारी ने कहा कि जिन लोगों ने महात्मा गांधी की हत्या करवाई, उन्हीं का एक संगठन आज देश की सत्ता चला रहा है. उन्होंने लोगों से ऐसी ताकतों को उखाड़ फेंकने की अपील की.

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अमर रहे,



देश की आजादी में शहीद हुए तमाम क्रांतिकारी शहीदों को लाल सलाम के साथ श्रद्धांजलि सभा संपन्न किया गया. कार्यक्रम में हकीम खान, इस्लाम अंसारी, शमीम अंसारी, विजय कुमार रजक, इसराइल अंसारी, रामविलास पंडित, पूर्वी जोन लोकल कमिटी सचिव चांद अख्तर, उमेश रजक, अनवर अंसारी उपस्थित थे.

**श्रद्धांजलि अर्पित**
- भाकपा माले ने पार्टी कार्यालय में मनाया शहीद दिवस
- बापू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर सभी ने दी श्रद्धांजलि

### डीसी व कैंट कमांडर समेत 90 ने किया रक्तदान

**रामगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा मिलिट्री हॉस्पिटल रामगढ़ में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस अवसर पर सोसाइटी के जिला अध्यक्ष सह उपायुक्त चंदन कुमार, रामगढ़ कैंट के स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर संजय कांडपाल सहित 90 लोगों ने रक्तदान किया. उपायुक्त ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा आयोजित शिविर की सराहना करते हुए जिले के अन्य क्षेत्रों में भी रक्तदान शिविर आयोजित करने एवं युवाओं को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करने की अपील की. मौके पर सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद, नजारत उपसमाहर्ता रवींद्र कुमार गुप्ता, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. स्वराज, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन अनूप सिंह, सचिव इंद्रपाल सिंह सैनी एवं सदस्यगण आदि उपस्थित थे.

## महात्मा गांधी का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत



- राष्ट्रपिता की 76वीं पुण्यतिथि पर जिलेभर में हुए कई कार्यक्रम
- डीसी ने की 'माय एक्सपेरिमेंट विद ट्रुथ' पुस्तक पढ़ने की अपील

**रामगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 76वीं पुण्यतिथि एवं शहीद दिवस के अवसर पर मंगलवार को जिले में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने शहर अंतर्गत थाना चौक स्थित मुक्तिधाम में राष्ट्रपिता की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. मौके पर उपायुक्त ने सभी जिलेवासियों से महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर देश की आजादी में महात्मा गांधी के महत्वपूर्ण योगदान को स्मरण करने एवं उनके आदर्शों को अपने जीवन में शामिल करने के अपील की. उपायुक्त ने सभी से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी द्वारा लिखी गई पुस्तक 'माय एक्सपेरिमेंट विद ट्रुथ' को पढ़ने एवं इस पुस्तक से प्रेरणा लेने की भी अपील की. वहीं, पर समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त, उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य वरीय अधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. शहीद दिवस के अवसर पर देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में सभी ने दो मिनट का मौन रखा.

---

# विधायक ने रखी 8.69 करोड़ की विकास योजनाओं की नींव

संवाददाता। हजारीबाग

**विकास कार्य**
- मनीष जायसवाल ने किया कटकमदाग प्रखंड का दौरा
- तीन पंचायतों की जनता की समस्याओं से भी रूबरू हुए

सदर विधायक मनीष जायसवाल ने मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र के कटकमदाग प्रखंड के तीन पंचायतों का सघन दौरा किया. इस क्रम में 8 करोड़ 69 लाख रुपये की लागत विकास योजनाओं का आधारशिला रखी. विधायक ने प्रखंड क्षेत्र के कुसुम्भा, बेस और अड़रा पंचायत क्षेत्र का दौरा किया और जनता की समस्याओं से भी सीधे रूबरू हुए.

इस दौरान विधायक मनीष जायसवाल ग्रामीण विकास विभाग की मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत हिंदी स्कूल जमुआरी होते हुए ओदरना तक 4.150 किमी पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इसके बाद अड़रा पंचायत के सलगा में डीएमएफटी मत द्वारा नव प्राथमिक विद्यालय बीरहोर टांडा सलगा की चहारदीवारी और मरम्मती कार्य का शिलान्यास किया. तत्पश्चात मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पंचायत बेस के ग्राम हारम के हारम चौक से रजहर तक 2.7 किमी पथ निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया. कार्यक्रम के अंत में डीएमएफटी मद से कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत ग्राम पुंदरी में देवी मंडप से लावालौंग तक 2.5 किमी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण और नारियल फोड़ कर किया. इस क्रम में सभी जगहों पर सदर विधायक का ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया.







---

# जवानों को सड़क सुरक्षा नियमों के अनुपालन की दिलाई शपथ

संवाददाता। रामगढ़

सड़क सुरक्षा माह के तहत मंगलवार को पुलिस लाइन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर प्रसाद द्विवेदी एवं पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय संजीव कुमार मिश्रा ने पुलिस बल के जवानों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन में उनके योगदान के प्रति जागरूक किया गया. वहीं प्रभावी तरीके से जिले में ट्रैफिक नियमों का अनुपालन कराने को लेकर भी कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए. इस दौरान सभी ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करने की शपथ ली. मौके पर प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक फैजान अहमद, सार्जेंट मेजर मंटू यादव, सड़क सुरक्षा प्रबंधक विक्की आनंद सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी व जवान मौजूद थे.

**ग्रामीणों ने ली नियमों के पालन की शपथ**

**जयनगर।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत परसाबाद में जयनगर थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार राणा के नेतृत्व में ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई. इस दौरान वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, शराब पीकर वाहन न चलाने, ओवर स्पीड न चलाने, सड़क के सही दिशा में चलने, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल न करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने आदि के नियमों का पालन करने की बात कही गई.

### एसएचसी की एएनएम नीलू को हटाने की मांग

**जयनगर।** प्रखंड के सतडीहा के उप स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम नीलू कुमारी को उप स्वास्थ्य केंद्र से हटाने को लेकर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुरेश कुमार राम को संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त आवेदन दिया है. आवेदन में बताया गया है कि बीते 24 जनवरी को उत्पाद विभाग के द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र में भारी मात्रा में शराब बरामद कर बिहार के रहने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था. इसमें एएनएम नीलू कुमारी की मिली भगत का आरोप लगाया गया है. हस्ताक्षर करने वालों में स्थानीय मुखिया सविता देवी, उप मुखिया आशा देवी, पंसस बबीता देवी, संतोष कुमार यादव, मनोज कुमार दास, सहदेव पासवान, सहदेव रविदास, रंजीत यादव, गुड़िया देवी, पुष्पा कुमारी, विनीता कुमारी, संगीता कुमारी, सुमन देवी, सुप्रिया कुमारी, रिंकी देवी, सरिता देवी, सपना देवी, सुरेश यादव, पिंटू यादव आदि शामिल हैं.

---

**चुनावी कवायद** भाजपा ने किया सांगठनिक बदलाव, कई जिलाध्यक्ष बदले

# अनूप जोशी बने कोडरमा के जिला अध्यक्ष

संवाददाता। कोडरमा

भारतीय जनता पार्टी का कोडरमा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी एवं नितेश चंद्रवंशी को प्रदेश कार्ससमिति सदस्य बनाए जाने पर जिले में जगह-जगह स्वागत एवं बधाई देने वालों का ताता लगा रहा है. मिठाई खिलाकर दोनों को बधाइयां दी जा रही है. नवमनोनीत जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के स्नेह से जो दायित्व मिला है, उसे एक-एक कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पार्टी के कार्य को आगे बढ़ाऊंगा और किसी के मान सम्मान में कमी नहीं आने दूंगा.

उन्होंने यह भी कहा कि हमारे सामने अभी लोकसभा का चुनाव है. हमें जोर-शोर से तैयारी में लग जाना है. इस बार कोडरमा लोस सीट पर जीत 7 लाख मतों से हो. वहीं नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं को उचित सम्मान मिलता है. बधाई देने वालों में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, प्रदेश कार्ससमिति सदस्य रवि मोदी, रामचंद्र सिंह, रमेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, प्रकाश राम, रामनाथ सिंह, अशोक आर्या, राजकुमार यादव, चंद्रशेखर जोशी, देव नारायन समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे.



**मिली जिम्मेदारी**
- नितेश चंद्रवंशी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मनोनीत
- दोनों ने पार्टी के कार्य को आगे बढ़ाने की कही बात

### प्रवीण मेहता दोबारा बने रामगढ़ जिलाध्यक्ष



**रामगढ़।** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता को दोबारा रामगढ़ जिलाध्यक्ष बनाया गया है. वह मंगलवार को रजरप्पा मंदिर पहुंचे और मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया. तत्पश्चात वह रजरप्पा प्रोजेक्ट स्थित सीसीएल कोलियरी कर्मचारी संघ के क्षेत्रीय कार्यालय में पहुंचे. उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश के शीर्ष नेताओं ने जिस उम्मीद से मुझे दोबारा जिलाध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा. आगे कहा कि गांव चलो अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता सभी गांवों में जाकर एक-एक लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं और नीति सिद्धांतों की जानकारी देंगे.

### हजारीबाग जिला अध्यक्ष बने विवेकानंद सिंह

**हजारीबाग।** भाजपा का नया जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह को बनाया गया. उन्होंने मंगलवार सुबह सदर विधायक मनीष जायसवाल से उनके विधायक सेवा कार्यालय में मुलाकात की और हजारीबाग में संगठन के मजबूती को लेकर विशेष चर्चा परिचर्चा की. यहां विधायक ने विवेकानंद सिंह को नए दायित्व के लिए पुष्पगुच्छ भेंट कर और मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके बेहतर कार्यकाल और उज्जवल भविष्य की कामना की. अपने मनोनयन पर राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए विवेकानंद सिंह ने बताया कि पार्टी को मजबूत करना मेरा मुख्य कर्तव्य है





















विभावि के राजनीति विज्ञान विभाग में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कार्यशाला, विद्वतजनों ने रखे अपने विचार

## गांधी के मार्ग पर ही भारत बन सकता है विश्वगुरु : प्रो. असादी

संवाददाता। हजारीबाग



**शहीद दिवस**

- गांधी जी की युगांतरकारी रचना हिंद स्वराज की व्याख्या
- गांधी कल भी प्रासंगिक थे और आगे भी रहेंगे : केपी शर्मा

विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कार्यशाला का आयोजन किया गया. विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सुकल्याण मोइत्रा ने अध्यक्षता की. इस अवसर पर मुख्य अतिथि मैसूर विश्वविद्यालय, कर्नाटक से आए प्रो. मुजफ्फर असादी ने गांधी जी की युगांतरकारी रचना हिंद स्वराज की व्याख्या की. कहा कि गांधी के बताए मार्ग पर चलकर ही भारत विश्वगुरु बन सकता है.

उन्होंने बताया कि कैसे महात्मा गांधी ने भारतीय तौर-तरीकों को अपना कर भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाने का मार्ग बताया था. इस परिकल्पना को साकार करने से संबंधित आवश्यक बिंदुओं को हिंद स्वराज के माध्यम से बताया गया था. दिल्ली विश्वविद्यालय से आए प्रो. अरविंद कुमार यादव ने बापू के जीवन में दक्षिण अफ्रीका के महत्व को रेखांकित किया. उन्होंने बताया कि मोहनदास करमचंद कैसे स्वतंत्रता संग्रामी गांधी बने. अपने संबोधन के क्रम में पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. केपी शर्मा ने बताया की कैसे गांधी कल भी प्रासंगिक थे और आने वाले समय में भी प्रासंगिक बने रहेंगे.

अंत में दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अजय बहादुर सिंह ने किया. मौके पर प्रो. बालेश्वर प्रसाद सिंह, प्रो. मार्गरेट लकड़ा, प्रो. रोशन कुमार एवं शोधार्थी व विद्यार्थी मौजूद थे.

### प्रमंडलीय आयुक्त ने दी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि

**हजारीबाग।** आयुक्त कार्यालय में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस के उपलक्ष्य में पूर्वाह्न 11 बजे 2 मिनट का मौन धारण किया गया. प्रमंडलीय आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की. आयुक्त ने बताया कि शहीद दिवस मुख्य रूप से



महात्मा गांधी की शहादत की याद दिलाता है. साथ ही यह दिन देश की आजादी के लिए किए गए बलिदान, न्याय और समानता के लिए जारी संघर्ष की याद दिलाता है. मौके पर आयुक्त के सचिव बासुदेव प्रसाद, अवर सचिव रास बिहारी प्रसाद संग उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे. वहीं, पुलिस लाइन एवं जिले के सभी थानों में भी अधिकारी एवं जवानों ने दो मिनट का मन रख कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की.

## प्रॉपर्टी बाजार

- लोकेशन- हजारीबाग-चतरा रोड
- **स्थल :** कटकमसांडी रोड, रोमी
- **जमीन की कीमत :** ढाई-तीन लाख रुपए प्रति डिसमिल
- **बस स्टैंड से दूरी :** सात किलोमीटर
- **रेलवे स्टेशन से दूरी :** पांच किलोमीटर
- **आवागमन का साधन :** कार, ऑटो, बाइक, बस आदि
- **आसपास के स्कूल :** सरकारी स्कूल, संत अगस्टियन स्कूल, इंटर कॉलेज
- **पास का बाजार :** छड़वा, पेलावल

## हेल्थ अलर्ट

**अस्पताल का नाम- फोर्ड हॉस्पिटल, रोमी, छड़वा, हजारीबाग**

- **कुल बेड :** 10
- **आईसीयू :** नहीं
- **एंबुलेंस :** नहीं
- **साफ-सफाई :** बेहतर
- **पार्किंग सुविधा :** हां
- **चिकित्सक :** डॉ. नीलेश रंजन और डॉ. ज्योति
- **विशेषज्ञ :** सर्जन और स्त्री रोग विशेषज्ञ
- **सुविधाएं :** ऑपरेशन थिएटर, ओपीडी, एक्स-रे, जनरल वार्ड, केबिन सहित अन्य सुविधाएं

## घूमें-फिरें

- **स्थल का नाम : रजौली घाटी कोडरमा**
- **शहर से कितनी दूर :** कोडरमा से 10 किमी दूर
- **शहर में कहां है :** कोडरमा से पटना रोड में
- **कैसे पहुंचेंगे :** बाइक, कार, बस, ऑटो
- **पहुंचने का रूट क्या है :** कोडरमा से नवादा की ओर
- **क्या-क्या है खास :** प्राकृतिक नजारों से सराबोर मनारेम वादियां, घाटी में कई मंदिर, झरने और पहाड़ी व वन का दृश्य



## खान-पान

**रेस्टूरेंट का नाम : होटल स्काई लोक**

- **किस स्थान पर है :** मंगल बाजार, हजारीबाग
- **नाश्ते में क्या :** सिर्फ ठहरनेवालों के लिए तावा रोटी, दाल, सब्जी
- **दिन के भोजन में क्या :** चावल, दाल, सब्जी, भुजिया, मटन, चिकेन, आलू पराठा
- **रात के भोजन में क्या :** रोटी दाल, पालक, खीर, सब्जी, पनीर, चिकेन, मटन
- **खास क्या है :** आलू पराठा, पनीर, चिकेन
- **वेज या नॉनवेज :** दोनों
- **चाइनीज आइटम :** नहीं
- **पार्सल की व्यवस्था है :** नहीं
- **होम डिलिवरी देते हैं :** नहीं
- संचालक सुनील कुमार यादव कहते हैं कि ढाबा में साफ-सफाई की पूरी व्यवस्था के साथ-साथ ग्राहकों को पसंदीदा वातावरण में नाश्ता एवं भोजन कराना उनकी पहली प्राथमिकता है.

## रिम्स ओपीडी

**सुबह 9 से दोपहर 1 और शाम 3 से 5 बजे तक**

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- **मेडिसिन:** डॉ बिंदे कुमार
- **सर्जरी:** डॉ विनय प्रताप
- **न्यूरोसर्जरी:** डॉ सीबी सहाय
- **ऑर्थोपेडिक:** डॉ जीके गुप्ता
- **कार्डियोलॉजी:** डॉ पीके श्रीवास्तव
- **टीबी एवं चेस्ट:** डॉ ब्रजेश मिश्रा
- **नेत्र:** डॉ दीपक लकड़ा
- **ऑब्स गायनी:** डॉ अतीमा भारती
- **ईएनटी:** डॉ जेडएम खान
- **सीटीवीएस:** डॉ राकेश कुमार
- **सायकेट्री:** डॉ अजय बाखला
- **पीडियाट्रिक सर्जरी:** डॉ अभिषेक कुमार सिंह
- **न्यूरोलॉजी:** डॉ सुरेंद्र कुमार

## सदर अस्पताल हजारीबाग

**विभाग — डॉक्टर का नाम**

- **शिशु रोग :** डॉ. अजय कुमार
- **इएनटी :** डॉ. पीके सिंह
- **डेंटल :** डॉ सुदीप
- **ट्रामा सेंटर :** सुबह 8 बजे से अपराह्न 2 बजे तक
- **सर्जन :** डॉ. संजीव कुमार
- **मेडिसिन :** डॉ. रेफॉर्ड
  **अपराह्न 2 बजे से रात 10 बजे तक**
- **हड्डी रोग :** डॉ. मयंक
- **मेडिसिन :** डॉ. आरके सिंह

**रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक**

- **ऑर्थो :** डॉ. बालकृष्ण
- **मेडिसिन :** डॉ. अहमद

## हजारीबाग का मौसम

- **न्यूनतम तापमान :** 13 डिग्री सेल्सियस
- **अधिकतम तापमान :** 24 डिग्री सेल्सियस
- **हवा की रफ्तार :** सात किमी प्रति घंटे

हजारीबाग लोस सीट के लिए चौक-चौराहों से गली-नुक्कड़ तक चुनावी चर्चा

# एनडीए उम्मीदवार के नाम पर अपनी-अपनी पसंद-नापसंद

**शुभम संदेश ओपिनियन**

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग



जयंत सिन्हा | मनीष जायसवाल | यदुनाथ पांडेय | चंद्रप्रकाश चौधरी

**चुनावी सरगर्मी**

- कोई जयंत सिन्हा, कोई मनीष जायसवाल की कर रहा तारीफ
- यदुनाथ पांडे और चंद्र प्रकाश चौधरी का भी अपना जनाधार

लोकसभा चुनाव के दिन ज्यों-ज्यों करीब आते जा रहे हैं, चौक-चौराहे पर हजारीबाग सीट पर एनडीए उम्मीदवार के नाम पर भी चर्चाओं का दौर तेज हो गया है. राजनीतिक पंडितों से इतर आम जनता में भी सब के अपने-अपने तर्क हैं और अपनी-अपनी राय. कोई वर्तमान भाजपा सांसद जयंत सिन्हा की तारीफ करते नहीं थक रहा है, तो कोई सदर विधानसभा से भाजपा विधायक मनीष जायसवाल को प्रबल दावेदार बता रहा है.

ग्रामीण इलाकों में भी जयंत सिन्हा और मनीष जायसवाल दोनों के नामों की चर्चा हो रही है. ग्रामीण से लेकर किसान वर्ग इनके कार्यकाल को आंकते हुए अपने-अपने तर्क दे रहे हैं. दूसरी ओर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष यदुनाथ पांडेय को चाहनेवालों का भी एक धड़ा है. वहीं, एनडीए में शामिल आजसू पार्टी से गिरिडीह के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी का भी खासकर रामगढ़ इलाके में जनता के बीच अपना एक अलग प्रभाव है. उस क्षेत्र की जनता चाहती है कि एनडीए गठबंधन के तहत इस बार हजारीबाग सीट आजसू पार्टी के खाते में जाए और चंद्रप्रकाश चौधरी को उम्मीदवार बनाया जाए.

हालांकि, चुनाव की तारीखों का ऐलान होने के बाद भाजपा और एनडीए के घटक दलों के बीच मंथन के बाद ही साफ हो पाएगा कि एनडीए की ओर हजारीबाग सीट भाजपा के खाते में जाएगी या भाजपा अपने गढ़ में अपनी पार्टी का उम्मीदवार ही खड़ा करेगी. साथ ही उम्मीदवारी किस नेता को मिलती है, यह भी उस वक्त ही तय हो पाएगा. इन सबके बीच हजारीबाग लोकसभा के सदर, चौपारण, बड़कागांव, बरही, बरकट्ठा समेत अन्य विधानसभा क्षेत्रों में एनडीए के उम्मीदवार को लेकर आम जनता के बीच गली-नुक्कड़ से लेकर चौक-चौराहों और चाय-पान की दुकानों पर राजनीतिक चर्चाओं का दौर जारी है.

### क्या है आम जनता की राय

- सदर प्रखंड के किसान अरविंद कुशवाहा ने फोटो नहीं छापने की शर्त पर बताया कि वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा बेहतर काम कर रहे हैं और एक अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं. इसलिए, उन्हें भाजपा की तरफ से फिर से हजारीबाग लोस सीट पर उम्मीदवारी का मौका मिलना चाहिए. वहीं बड़कागांव के एक किसान ने बताया कि वर्तमान सांसद ने क्षेत्र की जनता के लिए कोई विशेष काम नहीं किया है. ऐसे में नये चेहरे का आना जरूरी है.
- कटकमसांडी में पड़ताल के दौरान एक दर्जन से ज्यादा लोगों ने सदर विधायक मनीष जायसवाल को हजारीबाग लोकसभा सीट पर अपनी पहली पसंद बताया. उनलोगों का कहना था कि जायसवाल जनहित के लिए लगातार सक्रिय रहते हैं. कोविड कल में भी अपने निजी फंड से लोगों को राहत पहुंचाया था. ऐसे उम्मीदवार के सांसद बनने से हजारीबाग की जनता विशेष कर गरीब वर्ग और किसानों को भी काफी लाभ होगा.
- वहीं, कटकमदाग के कई लोगों ने बताया कि नए चेहरे के साथ-साथ जनता के हक के लिए लड़ने वाले उम्मीदवार की आवश्यकता है. हजारीबाग सीट से ऐसा उम्मीदवार होना चाहिए, जो कि जनता की हर समस्या सरकार तक पहुंचाए. यदुनाथ पांडेय को एक बार मौका मिलना चाहिए. वहीं, कुछ लोगों ने कहा कि जयंत सिन्हा के पास अनुभव है और लगातार जनहित के लिए काम करते हैं. ऐसे उम्मीदवार को पुन: मौका मिलना चाहिए.

### पेपर लीक मामले पर सीएम का पुतला फूंका

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की हजारीबाग इकाई ने झारखंड जेएसएसएससी सीजीएल परीक्षा के पेपर लीक मामले को लेकर शहर के बाबूगांव चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया. जिला संयोजक प्रभात कुमार ने कहा कि फॉर्म भरने के 8 साल बाद आयोजित सीजीएल परीक्षा में बड़े पैमाने पर धांधली हुई है. उन्होंने इस मामले की सीबीआई जांच और परीक्षा एजेंसी को ब्लैकलिस्टेड करते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की गई. मौके पर राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य नवलेश सिंह, सोनू राय, जिला सह संयोजक मनदीप यादव, नगर मंत्री रूद्र राज, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सुधांशु कुमार, नगर सह मंत्री यशवंत कुमार, विवेक यादव, रंजीत यादव, अंशुल कुमार, प्रशांत कुमार, पवन कुमार, सौरव कुमार, बिपिन कुमार सहित दर्जनों अभाविप कार्यकर्ता मौजूद थे.

### 75 टन अवैध कोयला लदे 3 ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

**चौपारण।** पुलिस ने बीती रात्रि अवैध कोयला लदे तीन ट्रक को जब्त किया है. इस संबंध में चौपारण थाना प्रभारी शंभु नंद ईश्वर ने बताया कि हजारीबाग एसपी को मिली गुप्त सूचना पर टीम गठित कर चोरदाहा चेक पोस्ट पर बरही की तरफ से आने वाले सभी वाहनों की बारी- बारी जांच शुरू की गई. इस क्रम में तीन कोयला लदे ट्रकों के चालकों द्वारा कोयला संबंधित कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया जा सका. इसके बाद तीनों ट्रकों को जब्त कर चालकों को भी गिरफ्तार कर लिया गया. तीनों ट्रको में कुल 75 टन कोयला लदा था. पुलिस ने गिरफ्तार चालकों की पहचान चतरा जिले के मयूरहंड थाना क्षेत्र के नवादा निवासी सुरेंद्र प्रसाद सिंह, रामगढ़ जिला के मांडू थाना क्षेत्र के मांडू निवासी राजेंद्र प्रसाद और कोडरमा जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के ढाब निवासी नारायण यादव के रूप में की गई है. तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

## शहर की गतिविधियां

- **स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों को दी श्रद्धांजलि :** हजारीबाग जिला समाहरणालय सभागार में शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस दौरान जिला प्रशासन के अधिकारियों व कर्मियों ने स्वतंत्रता संग्राम में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों की याद में पूर्वाह्न 11 बजे 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी. वक्ताओं ने कहा कि यह दिन देश की आजादी के लिए दिए गए बलिदान, न्याय और समानता के लिए जारी संघर्ष की याद दिलाता है. मौके पर नजारत उपसमाहर्ता डेविड बलिहार, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी दीपक दुबे व अन्य कर्मी थे.

## चट्टी बरियातू ने 800 कंबल बांटे

संवाददाता। केरेडारी



**नेक कार्य**

- नैगम सामाजिक दायित्व के तहत किया जा रहा वितरण
- परियोजना प्रभावित गांवों में लगातार चल रहा अभियान

एनटीपीसी चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना के द्वारा परियोजना प्रभावित जोरदाग गांव में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबलों का वितरण किया गया. इस अभियान के तहत 800 कंबल बांटे गए. परियोजना द्वारा पूर्व में इसी महीने चट्टी बरियातु पंचायत के पगार और चट्टी बरियातु गांव में 1500 कंबलों का वितरण किया जा चुका है. इसके अलावा पेटो पंचायत में भी 500 कंबलों का वितरण किया गया था.

जल्द ही चट्टी बरियातु परियोजना द्वारा शेष क्षेत्रों में जरूरतमंद ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया जाएगा. कंबल वितरण को लेकर सुबह से ही गावों में जरूरतमंदों की भीड़ लगने लगी थी. यह कार्य चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत किया गया. इस मौके पर परियोजना के वरिष्ठ प्रबंधक बी नवीन कुमार और जनसंपर्क अधिकारी निकेश सिंह उपस्थित रहे.

## मांगें पूरी होने तक जारी रहेगी हाईवा मालिकों की हड़ताल

संवाददाता। केरेडारी

हाईवा वाहन मालिक संघ के आह्वान पर 27 जनवरी से एनटीपीसी की चट्टी बारियातू परियोजना से कोयला वाहन ढुलाई बंद है. वाहन मालिक संघ ने भाड़ा में वृद्धि एवं समय पर भुगतान करने को लेकर कोयला ढुलाई बंद किया है. मंगलवार को कंपनी प्रबंधन एवं वाहन संघ के बीच करीब 4 घंटे तक वार्ता चलने के बाद बैठक बेनतीजा रही.

संघ के अंकित राज ने कहा कि हाईवा मालिकों की उचित मांग के पूरा होने तक हड़ताल जारी रहेगी. विस्थापित हाईवा ऑनर एसोसिएशन के द्वारा पूर्व में भी कंपनी प्रबंधन से लिखित रूप में कोयला ढुलाई लोकल वाहनों से कराने, आम्रपाली से कोयले की ढुलाई पूर्व की भांति एनटीपीसी के अपने बैरियर से कराने, कोयले की धुलाई का भाड़ा 180 रुपये प्रति टन निर्धारित करने तथा भाड़ा का भुगतान महीने में दो बार करने की मांग की गई थी. वार्ता में रित्विक कंपनी के मो. रिजवान, पीएनएम कंपनी के मोहन गुप्ता, प्रगति कंपनी के प्रतिनिधि, एनटीपीसी अधिकारी, पेटो मुखिया प्रतिनिधि गुरदयाल साव आदि थे.

उत्क्रमित प्लस टू हाई स्कूल तिलरा कवातू में सरकार को चूना लगाने के नये-नये मामले आ रहे सामने

# निजी व्यक्ति को दे दी स्कूल की तीन डिसमिल जमीन

**शुभम संदेश फॉलोअप**

संवाददाता। हजारीबाग



**बड़ा गड़बड़झाला**

- तार से घेराबंदी कर सौंप दी स्कूल के पीछे की जमीन
- स्कूल के सचिव मौन, ग्रामीणों ने लगाए कई गंभीर आरोप

जिले में एक सरकारी स्कूल की जमीन को गांव के एक व्यक्ति को दे दिया गया. यह मामला इचाक प्रखंड के तिलरा कवातू मिडिल स्कूल का है. दरअसल इस स्कूल को वर्ष 1948 में राजकीय प्राथमिक विद्यालय का दर्जा मिला था. इस स्कूल के लिए गांव के ही एक व्यक्ति ने 41 डिसमिल जमीन राजपाल के नाम से रजिस्ट्री की थी. बाद में स्कूल को उत्क्रमित कर मिडिल स्कूल बना दिया गया.

कई भवन भी बनाए गए, लेकिन स्कूल के पीछे का हिस्सा लगभग तीन डिसमिल जमीन खाली रह गई. वहीं, स्कूल के ठीक पीछे कुछ रैयत की भी जमीन थी, जिस पर एक निजी व्यक्ति ने अपना आवास बना लिया और सरकारी जमीन को रास्ता बना दिया. इतना ही नहीं स्कूल फंड से तार का घेरा लगाकर, उक्त व्यक्ति को सुपुर्द कर दिया. इस जगह पर पूर्व से बना एक सार्वजनिक शौचालय भी है, जो स्कूल की ही जमीन पर बनाया गया है. अब जब स्कूल की घेराबंदी की बारी आई, तो पीछे की जमीन पर चहारदीवारी को फिलहाल बंद कर दिया गया. वहीं स्कूल के सचिव मौन धारण किए हुए हैं.

ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल के सचिव के द्वारा इस सरकारी जमीन पर व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है.

### व्यस्तता का हवाला दे जवाब देने से बच रहे अधिकारी

अब मिडिल स्कूल को उत्क्रमित कर प्लस टू हाई स्कूल कर दिया गया है. यहां 500 से ज्यादा विद्यार्थी पठन-पाठन कर रहे हैं. लेकिन, विद्यार्थियों के खेलने के लिए मैदान भी नहीं है. वहीं, प्लस टू का अपनी कोई भवन है. हालांकि दो साल पहले हाई स्कूल के लिए भवन का आवंटन हुआ था, लेकिन जमीन नहीं होने के कारण वापस हो गया. अब प्लस टू के बच्चे मिडिल स्कूल के भवन में ही पढ़ते हैं. इस संबंध में शिक्षा विभाग के डीईओ उपेंद्र नारायण से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अभी हम निजी कार्यक्रम को लेकर बाहर हैं. 2 फरवरी के बाद बता पाएंगे. वहीं, डीएसई संतोष गुप्ता से माबाइल पर फोन करने पर उन्होंने कहा कि इस वक्त मीटिंग में है, बाद में बात करेंगे. लेकिन बाद में भी उनका कोई जबाव नहीं मिला.


F9 होटल्स एंड इंडिया ट्रेवल में आपका स्वागत और अभिनंदन।

आपके यात्रा को सुखद और सुविधाओं के आकांक्षा के लिए अयोध्या धाम श्रीराम नगरी, दिल्ली, पहाड़गंज नोएडा, गुड़गांव, देहरादून मसूरी, मुक्तेश्वर, हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ, नैनीताल, अमृतसर, जम्मू, कटरा, वैष्णो देवी, जयपुर, उदयपुर, पुष्कर, अजमेर, आगरा, मथुरा, वृंदावन समेत पूरे भारत मे होटल और रूम मे ठहरने की उचित सुविधा और बस, ट्रेन और हवाई जहाज की टिकट की सुविधा निरंतर उपलब्ध है।




- FLIGHT TICKETS
- CRUISE BOOKING
- HOTEL BOOKING
- TRAIN TICKET
- TAXI SERVICE
- CURRENCY EXCHANGE
- HOLIDAY PACKAGES
- GROUP BOOKINGS
- E VISA SERVICE
- INTERNATIONAL TOUR PACKAGES



BOOKING
Call 8527271652-ved



**AFFIDAVIT**

I, Gulam Shahid son of Late Abul Hasan resident of Quraishi Muhalla Lohardaga, P.S. Lohardaga, District Lohardaga, Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as follows-

1. That I am permanent resident of above mentioned address
2. That I have obtained my Aadhar No. 3835 5448 0588 in which my name is written as Gulam Shahid son of Late Abul Hasan as per my Bank Account.
3. That earlier I have obtained my passport vide No.B0331148 dated 06.07.1999 in which my name is written as Mohammad Shahid son of Late Abul Hussain.
4. That I am Muslim Marriage Registrar and my Registration No. 601/87 in which my name is written Mohammad Shahid Fidayee son of Late Abul Hasan.
5. That I am known to all by name as Gulam Shahid S/o Late Abul Hasan @ Mohammad Shahid son of Abul Hussain @Mohammad Shahid Fidayee son of Late Abul Hasan and all name stands one and same and single person name.
6. That this affidavit is being swearing for Purposé of proof of name.
7. That the statements made in the above affidavit is true and correct to the best of my knowledge.

Aff. No. 5453/23-01-24

## सर्वोच्च अदालत की हीरक जयंती

सर्वोच्च अदालत का हीरक जयंती समारोह भारतीय न्याय व्यवस्था को आम जन के लिए सुगम बनाने और देश में कानून के शासन की गारंटी के नजरिए से बेहद महत्वपूर्ण परिघटना है. यह सुखद ही है कि देश की न्यायपालिका व कार्यपालिका इस बात को लेकर प्रतिबद्ध हैं कि अदालतों पर मुकदमों का बोझ घटाकर आम लोगों को सहज-सरल न्याय उपलब्ध कराया जाए. न्यायिक तंत्र में वंचित समाज व महिलाओं को न्यायसंगत प्रतिनिधित्व मिल सके, जनता की अपेक्षा के अनुरूप पर्याप्त एवं वक्त पर न्याय देने में असफल रहने के बावजूद लोगों की अंतिम आशा बने हुए भारत के शीर्ष न्यायालय से अपेक्षाएं ज्यादा हैं. सर्वोच्च अदालत जनता को त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में और पहल करे, इसकी उम्मीद देश का प्रत्येक नागरिक करता है. इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'आज के कानून कल के मजबूत भारत का आधार हैं.' सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कोर्ट की कार्रवाई के डिजिटलाइजेशन एवं न्यायदान सरल भाषा में करने जैसी उपलब्धियों पर संतोष जताया. जो बहुत सी बातें इस अवसर पर किसी भी जागरूक नागरिक के जेहन में उभरती हैं, वे वर्तमान परिस्थितियों में यह सवाल करने पर मजबूर करती हैं कि एक समर्थ, स्वतंत्र व निष्पक्ष न्यायपालिका के रूप में वह लोकतंत्र की सुरक्षा और नागरिक अधिकारों के संरक्षण के मामले में कितनी सफल हुई है. ईमानदारी से अगर इस बात की समीक्षा की जाये तो कह सकते हैं कि सर्वोच्च न्यायालय को अभी लंबा सफर तय करना है. ऐसे में यह भी सवाल उठता है कि इन मोर्चों पर जैसे भारत का लोकतंत्र आहत होता दिख रहा है, क्या सबसे बड़ी अदालत उसे बचाने में कामयाब हो रही है? 2014 में जब वे प्रधानमंत्री बने थे, उन्होंने राजनीति को अपराधमुक्त बनाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय से उम्मीद की थी कि गम्भीर आरोपों के साथ विधायिका में पहुंचने वाले सदस्यों के बारे में फैसले एक वर्ष के भीतर सुना दिये जायें, ताकि लोकतंत्र के मंदिरों को साफ किया जा सके. लेकिन ऐसा हो नहीं पाया. इसके साथ ही लोगों के मन में एक सवाल उठता है. वह है जिस प्रकार से न्यायाधीशों को रिटायर होने के बाद महत्वपूर्ण जगहों पर बिठाया गया, वह लोगों को उंगली उठाने का मौका तो देता ही है. सुप्रीम कोर्ट को इस बाबत कोई आचार संहिता लागू की जानी चाहिये, वह भी इतने कड़े प्रावधानों के साथ कि कोई भी जज सेवा निवृत्त होने के बाद किसी पद पर कानूनन ही न बैठ सके, ताकि कोई सरकार या व्यक्ति उसके लिये ऐसी व्यवस्था ही न कर पाये. निश्चित रूप से भारतीय न्यायिक व्यवस्था के प्रति भरोसा जगाने के लिए न्यायिक प्रणाली की विसंगतियों को दूर करने की जरूरत भी है. जिस ओर 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश ने ध्यान दिलाया. उन्होंने कहा भी कि एक संस्था के रूप में प्रासंगिक बने रहने के लिए न्यायपालिका की क्षमता का विस्तार जरूरी है.

> सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कोर्ट की कार्रवाई के डिजिटलाइजेशन एवं न्यायदान सरल भाषा में करने जैसी उपलब्धियों पर संतोष जताया. जो बहुत सी बातें इस अवसर पर किसी भी जागरूक नागरिक के जेहन में उभरती हैं.

### सुभाषित

**विद्या मित्रं प्रवासेषु, भार्या मित्रं गृहेषु च।**
**व्याधितस्यौषधं मित्रं, धर्मो मित्रं मृतस्य च ।।**

परदेश में निवास के समय किसी व्यक्ति द्वारा अर्जित विद्या और कौशल उसके मित्र के समान सहायक होते हैं और वैसे ही गृहस्थ जीवन में उसकी पत्नी एक मित्र के समान होती है . बीमारी की अवस्था में औषधि मित्र होती है तथा मृत्योपरान्त जीवनकाल में किया हुआ धार्मिक आचरण ही मित्र के समान सहायक होता है .

# सियासी जान इतनी सांसत में क्यों?

**राम मंदिर के शुभारंभ के अवसर पर व्याप्त देशव्यापी उत्सवी वातावरण को राष्ट्रपति ने भारत की चिरंतन अन्तरात्मा की उन्मुक्त अभिव्यक्ति निरूपित किया. 'आपके द्वारा किया गया 11-दिवसीय कठिन अनुष्ठान, पवित्र धार्मिक परंपराओं का अनुसरण मात्र नहीं, बल्कि त्याग की भावना से प्रेरित सर्वोच्च धार्मिक कृत्य है तथा प्रभु श्री राम के प्रति संपूर्ण समर्पण का आदर्श है,' राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री को प्रेषित पत्र में कहा.**



• देश-काल




श्रवण गर्ग

प्रधानमंत्री को उनके ही मंत्रिमंडल ने एक प्रस्ताव पारित करके 'जननायक' घोषित कर दिया है. जनता को भी अब ऐसा ही प्रस्ताव पास कर देना चाहिए! देश में इस समय क्रांतिकारी परिवर्तनों की बयार बह रही है! स्वीकार कर लिया जाना चाहिये कि पंद्रह अगस्त और छब्बीस जनवरी नहीं, बल्कि 22 जनवरी अब नये भारत देश के जन्म और उसके गणतंत्र बनने की तिथि है. प्रधानमंत्री ने देश और दुनिया को जानकारी दी है कि 22 जनवरी का सूरज एक अद्भुत आभा लेकर उदित हुआ है और एक नए कालचक्र का उद्‌गम है. उसके उत्सव के शुभ क्षण से आगे आने वाले हज़ार वर्षों के लिए भारत की नींव रखी जानी है. प्रधानमंत्री के उद्बोधन के बाद यह नहीं बताया गया कि वर्तमान के जिस कालचक्र में एक सौ चालीस करोड़ हाड़-मांस के पुतले सांस ले रहे हैं, वह क्या है और जिस 'रामराज्य' के आगमन की ओर (राष्ट्रीय स्वयंसेवक) संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने अयोध्या में इशारा किया है, उसकी संरचना किन शिल्पियों द्वारा सत्ता के गुप्त तहख़ानों में की जा रही है ? हो रहे परिवर्तनों की आहटों को संकेतों में समझना हो तो सोमनाथ मंदिर के उद्‌घाटन की पूर्व संध्या पर तत्कालीन प्रधानमंत्री और आधुनिक भारत के निर्माता पंडित जवाहर लाल नेहरू ने राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद को एक धर्मनिरपेक्ष गणतंत्र के प्रमुख के तौर पर धर्मविशेष के श्रद्धा स्थल को महिमामंडित करने वाले आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्शाने के प्रति आगाह किया था. राजेंद्र बाबू नहीं माने. अब 22 जनवरी केवल एक तारीख़ ही नहीं, बल्कि ऐतिहासिक क्षण इसलिए है कि न सिर्फ़ प्रधानमंत्री स्वयं ने ही एक यजमान के रूप में सोमनाथ की तरह के ही एक मंगल प्रसंग पर उपस्थित रहने का निर्णय लिया संवैधानिक तौर पर नियुक्त भारत गणतंत्र की प्रथम नागरिक ने मोदी के अयोध्या प्रस्थान की पूर्व संध्या पर उन्हें अपना शुभकामना संदेश भी प्रेषित किया.

राष्ट्रपति ने अपने शुभकामना संदेश में कहा: हम सब सौभाग्यशाली हैं कि राष्ट्र के पुनरुत्थान के नए चक्र के शुभारंभ के साक्षी बन रहे हैं. राम मंदिर के शुभारंभ के अवसर पर व्याप्त देशव्यापी उत्सवी वातावरण को राष्ट्रपति ने भारत की चिरंतन अन्तरात्मा की उन्मुक्त अभिव्यक्ति निरूपित किया. 'आपके द्वारा किया गया 11-दिवसीय कठिन अनुष्ठान, पवित्र धार्मिक परंपराओं का अनुसरण मात्र नहीं, बल्कि त्याग की भावना से प्रेरित सर्वोच्च धार्मिक कृत्य है तथा प्रभु श्री राम के प्रति संपूर्ण समर्पण का आदर्श है,' राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री को प्रेषित पत्र में कहा. मुड़कर देखा जाना चाहिए कि राम लला के लिए हज़ारों करोड़ की लागत से बने भव्य मंदिर के परिसर में बैरिकेड्स के पीछे शांत भाव से सजे-धजे और मूक बने बैठे वे सात-आठ हज़ार प्राणी कौन थे ? क्या देश ये अतिमहत्वपूर्ण चेहरे केवल रामलला के दर्शनों के लिए ही अपना क़ीमती वक्त और धन खर्च करके अयोध्या पहुंचे थे ? या देश के सबसे ताकतवर व्यक्ति को मुंह दिखाने के लिए उनका वहां जमा होना ज़रूरी हो गया था? क्या इन लोगों को राम लला के दर्शनों का सौभाग्य प्राप्त हो पाया? ये लोग उन करोड़ों लोगों से निश्चित ही अलग थे, जो 22 जनवरी को तो अनामंत्रित थे, पर इस समय अपने असली राम के दर्शनों के लिए क़तारों में धक्के खा रहे हैं. साधुओं, संतों, बड़े-बड़े उद्योगपतियों, नायकों, सदी के महानायकों, राजनेताओं की जिस चुनी हुई जमात को अयोध्या में आमंत्रित किया गया था, वही देश और सरकारों को चलाती है. दिल्ली में सरकार चाहे जिस भी पार्टी की बने, प्रत्येक प्राण प्रतिष्ठा में केवल इन लोगों की उपस्थिति ही सत्ता के भगवानों द्वारा स्वीकार की जाती है. मीडिया के कैमरों की आंखों की मदद से देश की जनता इसी जमात के वस्त्रों, आभूषणों, मेक-अप और सजी धजी मुद्राओं को निहारती हुई अपने सारे दुख दर्दों को भूल जाती है. सरकार भी जनता को स्पष्ट संदेश देना चाहती है कि वे तमाम लोग जिनकी ज़रा सी भी हैसियत है इस समय उसका साथ दे रहे हैं. जो समारोह में अनुपस्थित हैं, उन्हें सरकार अपने साथ नहीं मानती.

स्वतंत्र भारत के संसदीय इतिहास की शायद पहली घटना है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व वाली मंत्रिपरिषद ने अयोध्याधाम में हुई राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए एक अभूतपूर्व प्रस्ताव पारित कर मोदी को बधाई दी है. प्रस्ताव में कहा गया है : '1947 में तो देश का शरीर ही स्वतंत्र हुआ था, 22 जनवरी को उसमें आत्मा की प्राण प्रतिष्ठा हुई है. मर्यादा पुरुषोत्तम राम की प्राणप्रतिष्ठा के लिए नियति ने आपको चुना है. जनता का जितना स्नेह आपको मिला है उसे देखते हुए आप जननायक तो हैं ही, अब इस युग प्रवर्तन के बाद आप नवयुग प्रवर्तक के रूप में भी सामने आए हैं.' इसमें कोई दो मत नहीं कि शंकराचार्यों के मुखर विरोध के बावजूद की गई राम लला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के समारोह को भाजपा 2024 के लोकसभा चुनावों में जनता के समर्थन में तब्दील करना चाहती है. जनता भी समझ रही है कि पिछले दस सालों के कामों की उपलब्धियों के नाम पर सरकार के पास या तो कोरोना के टीकों की गिनती है या फिर अयोध्या में राम लला का भव्य मंदिर ! तो क्या केवल अयोध्या में मंदिर के निर्माण भर से लोकसभा में भी पार्टी के बहुमत की प्राण प्रतिष्ठा हो जाएगी ? राम लला की प्राण प्रतिष्ठा से अगर राजनीतिक सफलता के प्रति 'जननायक' को इतना ज़बरदस्त आत्मविश्वास था तो फिर अयोध्या से बाहर निकलते ही उनकी पार्टी इतनी डरी-सहमी क्यों नज़र आ रही है ?

• बोधि-वृक्ष | सुज्ञ



## सुख-दुःख और अहम्

बचपन में एक चुटकला सुना था, लोग रेल यात्रा कर रहे थे. एक व्यक्ति खड़ा हुआ और खिडकी खोल दी, थोडी ही देर में दूसरा यात्री उठा और उसने खिडकी बंद कर दी. पहले को उसका यह बंद करना नागवार गुजरा और उठ कर खिडकी पुनः खोल दी. एक बंद करता दूसरा खोल देता. नाटक शुरू हो गया. यात्रियों का मनोरंजन हो रहा था, लेकिन अंततः सभी तंग आ गये. टीटी को बुलाया गया, टीटी ने पूछा- ₹महाशय ! यह क्या कर रहे हो? क्यों बार बार खोल-बंद कर रहे हो ?₹ पहला यात्री बोला- क्यों न खोलूं , ₹मैं गर्मी से परेशान हूं, खिडकी खुली ही रहनी चाहिए.₹ टीटी ने दूसरे यात्री को कहा- ₹भाई आपको क्या आपत्ति है, अगर खिडकी खुली रहे.₹ इस दूसरे यात्री ने कहा- मुझे ठंड लग रही है, मुझे ठंड सहन नहीं होती. टीटी बेचारा परेशान, एक को गर्मी लग रही है तो दूसरे को ठंड. टीटी यह सोचकर खिड़की के पास गया कि कोई बीच का रास्ता निकल आए. उसने देखा और मुस्करा दिया. खिडकी में शीशा था ही नहीं. वहां तो मात्र फ्रेम थी, वह बोला- ₹कैसी गर्मी या कैसी ठंडी? यहां तो शीशा ही गायब है, आप दोनों तो मात्र फ्रेम को ही ऊपर नीचे कर रहे हो.₹ वस्तुतः दोनों यात्री न तो गर्मी और न ही ठंडी से परेशान थे. वे परेशान थे तो मात्र अपने अभिमान से. अपने अहं पोषण में लिप्त थे, गर्मी या ठंडी का अस्तित्व ही नहीं था. अधिकांश कलह मात्र इसलिये होते है कि अहंकार को चोट पहुंचती है.और आदमी को सबसे ज्यादा आनंद दूसरे के अहंकार को चोट पहुंचाने में आता है. साथ ही सबसे ज्यादा क्रोध अपने अहंकार पर चोट लगने से होता है. जो दूसरो के अहंकार को चोट पहुंचाने में सफ़ल होता है, वह मान लेता है उसने बहुत ही बड़ा गढ़ जीत लिया, वह यह मानकर चलता है कि दूसरों के स्वाभिमान की रेखा को काटपीट कर ही वह सम्मानित बन सकता है, किन्तु परिणाम अज्ञानता भरी शर्म से अधिक कुछ नहीं होता. अधिकांश लडाइयों के पीछे कारण एक छोटा सा अहम् ही होता है. अगर यह अहम् का सवाल न हो तो संसार में होनेवाली बहुत लड़ाइयां अपने आप समाप्त हो जाएंगी. इतना तो तय है कि लड़ाई-झगड़े से किसी को कुछ हासिल नहीं होनेवाला. अगर संसार या समाज में शांति और सद्भाव लाना हो तो अहं को त्यागना होगा.

## आर्थिक संकट और अंतरिम बजट

• बजट

राहुल लाल

केंद्र सरकार की ओर से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं. अंतरिम बजट एक अस्थायी वित्तीय बजट है, जो वार्षिक या आम बजट से अलग होता है. आम चुनाव के बाद और नई सरकार के गठन के बाद वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश किया जाएगा. अंतरिम बजट से सरकार अपनी आय और व्यय की रूपरेखा तैयार करती है, जिससे नई सरकार के गठन तक खर्च संबंधी कोई परेशानी नहीं हो. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अनेक आर्थिक संकटों के बीच अंतरिम बजट प्रस्तुत कर रही हैं. केंद्रीय सांख्यिकी संगठन के अनुसार चालू वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र की विकास दर 4 वर्ष के सबसे निचले स्तर पर 1.8 प्रतिशत पर है. केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा था. किसानों की आय दोगुनी करने के लिए केंद्र सरकार ने 13 अप्रैल 2016 को अशोक दलवाई समिति का गठन किया था. इस समिति ने 2017 में कहा था कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कृषि विकास दर कम से कम 12 प्रतिशत रहनी चाहिए. मनमोहन सरकार में कृषि विकास दर 4 प्रतिशत के ऊपर लगातार बनी हुई थी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी. वर्तमान सरकार ने भले ही कृषि विकास दर का लक्ष्य 12 प्रतिशत रखा हो, लेकिन अब स्वयं सरकार के आंकड़ों से पुष्टि हो रही है कि चालू वित्त वर्ष में ये आंकड़े 2 प्रतिशत तक पहुंचना भी मुश्किल है. भारत में कृषि क्षेत्र सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था अभी गंभीर संकट से जूझ रही है. ग्रामीण क्षेत्र में निम्नस्तरीय क्रय क्षमता के कारण अर्थव्यवस्था अभी मांग के गंभीर संकट से जूझ रही है. कृषि क्षेत्र की धीमे विकास दर से ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मांग की भारी कमी है. ऐसे में चर्चा है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण अपने अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री किसान सम्माननिधि की राशि को 6 हजार से बढ़ाकर 9 हजार कर सकती हैं. परंतु सवाल यह है कि ऐसी स्थितियां क्यों आईं? चाहे 2008 का आर्थिक संकट हो या कोरोना काल, दोनों में ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था ने इंजन का कार्य किया तथा देश को संकट से बाहर निकाला. परंतु इसके बावजूद सरकार कृषि क्षेत्र को लेकर गंभीर नहीं रही है. सरकार का यह प्रयास होना चाहिए कि प्रत्येक पात्र किसान की संस्थागत ऋण तक पहुंच हो. लेकिन इसके साथ सीमांत किसानों की कर्जमाफी भी आवश्यक है. सरकार जब पूंजीपतियों के लाखों करोड़ रूपयों को राइट ऑफ कर सकती है, तो किसानों की कर्ज माफी क्यों नहीं? साथ ही प्रधानमंत्री कृषि सम्माननिधि की राशि बढ़ाने की जो चर्चा लगातार वित्त मंत्रालय के गलियारे में हो रही है, क्या वह केवल चुनावी जुमलेबाजी तो नहीं? अभी मध्यप्रदेश में चुनाव से कुछ दिन पूर्व लाडली लक्ष्मी योजना के लाभार्थियों को नगद हस्तांतरण कर बीजेपी वोट लेने में सफल हो गई थी. लाडली लक्ष्मी योजना में दूसरे मद के बजट का भी प्रयोग किया गया. क्या सरकार केवल चुनावी लाभ के लिए लाडली लक्ष्मी योजना की तरह 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' का तो प्रयोग लोकसभा चुनाव में तो नहीं करना चाहती? इस अंतरिम बजट में केन्द्र सरकार को वास्तव में कृषि क्षेत्र एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर फोकस करने की आवश्यकता है. भारत जीडीपी के मामले में आज दुनिया में 5वें नम्बर पर है, लेकिन वहीं प्रति व्यक्ति आय के मामले में 128वें स्थान पर है. सरकार कई बार कम प्रति व्यक्ति आय के लिए भारत की भारी भरकम जनसंख्या को मानती है. लेकिन इस तर्क में भी ज्यादा दम नहीं है. चीन भी एक विशाल जनसंख्या वाला देश है, लेकिन उसके बावजूद प्रति व्यक्ति आय में भारत से काफी आगे है. चीन में प्रति व्यक्ति आय 12,720 डॉलर है. भारत ने तो अमृत काल में लक्ष्य रखा है कि देश की प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2047 तक 10,000 डॉलर होगी. सरकार के कई मंत्री तर्क देते है कि देश का जनसंख्या घनत्व काफी ज्यादा है, इसलिए भारत की प्रति व्यक्ति आय कम है. लेकिन तथ्य इस तर्क की भी पुष्टि नहीं करते. भारत में जनसंख्या घनत्व 382 व्यक्ति प्रति किलोमीटर है, जबकि बांग्लादेश का जनसंख्या घनत्व 1253 व्यक्ति प्रति किलोमीटर है. बांग्लादेश की प्रति व्यक्ति आय 2793 डॉलर है. इसका प्रमुख कारण है कि बांग्लादेश ने जीडीपी विकास में ऐसे उद्योगों को प्रमुखता दी, जो अत्यंत सघन श्रम प्रधान वाले हैं, जिससे लोगों को भारी संख्या में रोजगार मिल रहा है. भारतीय अर्थव्यवस्था 6-7 वर्षों से रोजगारविहीन विकास की ओर अग्रसर हो रही है. अंतरिम बजट में सरकार को प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि के लिए गंभीरता प्रकट करनी चाहिए.

> केंद्र सरकार ने वर्ष 2022 में किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा था. किसानों की आय दोगुनी करने के लिए केंद्र सरकार ने 13 अप्रैल 2016 को अशोक दलवाई समिति का गठन किया था. इस समिति ने 2017 में कहा था कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कृषि विकास दर कम से कम 12 प्रतिशत रहनी चाहिए.

## मुइज्जू ने भारत को सुलह के लिए संदेश भेजा?

• देशातंर

पुष्परंजन

मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू ने देश के 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत के राष्ट्रपति और प्रधान मंत्री मोदी को बधाई और शुभकामनाएं दीं. क्या हो सकती है इसकी वजह? जो तल्खी थी, उससे तो नई दिल्ली को कतई उम्मीद नहीं थी. क्या इसकी वजह मालदीव में होने वाला संसदीय चुनाव है? भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को अलग-अलग संदेशों में राष्ट्रपति मुइजू ने राष्ट्र के 75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में हार्दिक शुभकामनाएं दीं. उन्होंने मालदीव की ओर से भारत सरकार और यहां की जनता को शुभकामनाएं दीं. राष्ट्रपति मुइज्जू ने सदियों की दोस्ती, आपसी सम्मान और रिश्तेदारी को याद किया और संदेश में यह भी लिखा कि मालदीव-भारत आने वाले वर्षों में शांति, प्रगति और समृद्धि की राह पर चलेंगे. यह संदेश ऐसे समय आया है जब भारत और मालदीव के बीच तनावपूर्ण संबंध हैं. विपक्ष ने वर्तमान प्रशासन पर पड़ोसी देश भारत को दरकिनार कर चीन के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के प्रयासों का आरोप लगाया है. इस बीच, राष्ट्रपति मुइज्जू, जिन्होंने मालदीव में भारतीय सैनिकों को बाहर निकालने के लिए अपने राष्ट्रपति अभियान को आकार दिया, ने औपचारिक रूप से भारत सरकार से 15 मार्च से पहले सैनिकों को वापस लेने का अनुरोध किया है. मार्च में संसदीय चुनाव भी है, इसे घ्यान देने की ज़रूरत है.इसी हफ्ते राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू की आधिकारिक चीन यात्रा के दौरान उभयपक्षीय समझौतों को लागू करने पर चर्चा हुई. यह चर्चा राष्ट्रपति कार्यालय में मुइजू और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के अंतर्राष्ट्रीय विभाग के उप मंत्री सुन हैयान के बीच हुई बैठक के दौरान हुई. राष्ट्रपति मुइज्जू ने अपने चीनी समकक्ष शी चिनफिंग के निमंत्रण पर चीन की अपनी पहली राजकीय यात्रा की थी. इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कुल 20 समझौते में एक व्यापक रणनीतिक कार्य योजना को आगे बढ़ाना था. राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार, सोमवार की बैठक समझौतों को तुरंत लागू करने के तरीके तलाशने पर केंद्रित थी. बैठक के दौरान, उप मंत्री सुन ने बताया कि सभी संबंधित अधिकारी राष्ट्रपति शी के नेतृत्व में अपने मालदीव समकक्षों के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक हैं. उन्होंने रणनीतिक द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और विभिन्न क्षेत्रों में मालदीव के लोगों के लिए प्रशिक्षण संभावनाओं की पेशकश करने में भी रुचि व्यक्त की. राष्ट्रपति मुइजू ने मालदीव के लोगों के लिए प्रशिक्षण के अवसरों और समर्थन के अन्य तरीकों के लिए चीन के प्रति आभार व्यक्त किया. राष्ट्रपति और उप मंत्री दोनों ने मालदीव और चीन के बीच सीधी उड़ानों की हालिया सफलता और कई चीनी शहरों से मालदीव तक सीधी उड़ानें बढ़ाने की संभावना की भी समीक्षा की. उन्होंने मालदीव और चीन के बीच शहर-दर-शहर संबंधों को बेहतर बनाने पर भी चर्चा की और मालदीव और चीन के बीच भविष्य के सहयोग और संबंधों को मजबूत करने पर विचार-विमर्श किया.पर्यटन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में मालदीव के इतिहास में सबसे अधिक पर्यटक आए, जिसमें कुल 1,878,537 पर्यटक आए. 2022 में आगमन संख्या 1.6 मिलियन थी. 2023 में, भारत और रूस के सबसे अधिक 209,100 पर्यटक मालदीव आए. चीन, यूके और जर्मनी भी क्रमशः आगे पीछे थे. 118,412 आगंतुकों के साथ इटली सबसे पीछे रहा. आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल के अंत में पर्यटन के लिए 176 रिसॉर्ट्स, 809 गेस्टहाउस, 146 सफारी और 14 होटल संचालित हो रहे थे. मालदीव की संसद 'मजलिस' 87 सदस्यों की क्षमता वाली है, जो 18 दिसंबर 2023 तक को घटकर 80 हो गई. उसकी वजह सत्तारूढ़ पीपीएम-पीएनसी गठबंधन के कुछ पूर्व सदस्यों को सरकार के पदों पर नियुक्त होना रहा है. हर साल फरवरी के आखिरी गुरुवार को मालदीव के राष्ट्रपति द्वारा मजलिस खोली जाती है. उद्‌घाटन समारोह के दौरान, राष्ट्रपति अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को रेखांकित करते हैं. राज्य का वार्षिक बजट भी मजलिस द्वारा पारित किया जाता है. मजलिस की कामकाजी भाषा धिवेही है.मुइज्जू ने रिश्वतखोरी और मनी लॉन्ड्रिंग के लिए 11 साल की जेल की सजा काट रहे यामीन को रिहा करने के लिए भी अभियान चलाया था और पूर्व राष्ट्रपति को घर में नजरबंद करने पर जोर दिया. यामीन ने चुनाव के दूसरे दौर से दो सप्ताह पहले स्वास्थ्य कारणों से घर ले जाने का अनुरोध किया था. मालदीव में इंडिया आउट अभियान पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन की देन है.

> 2023 में, भारत और रूस के सबसे अधिक 209,100 पर्यटक मालदीव आए. चीन, यूके और जर्मनी भी क्रमशः आगे पीछे थे. 118,412 आगंतुकों के साथ इटली सबसे पीछे रहा. आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल के अंत में पर्यटन के लिए 176 रिसॉर्ट्स, 809 गेस्टहाउस, 146 सफारी और 14 होटल संचालित हो रहे थे. मालदीव की संसद 'मजलिस' 87 सदस्यों की क्षमता वाली है.

### मीडिया में अन्यत्र

## अधर में हैं इंडिया गठबंधन !

**लोकसभा** चुनाव के पहले नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच तीसरी बार गठबंधन हुआ है लेकिन लगता नहीं कि इससे बिहार की तकदीर में कोई बदलाव आएगा. एक बार फिर भाजपानीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ समझौता करके उन्होंने नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. उनके राजग और लालू प्रसाद के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के बीच निष्ठा बदलने की इस प्रक्रिया में शासन बहुत पहले ही पीछे छूट चुका था. बिहार में 2025 तक विधानसभा चुनाव नहीं होने हैं, लेकिन नीतीश के दोबारा राजग में जाने में सबसे अहम बात यह है कि यह कांग्रेसनीत इंडियन नैशनल डेवलपमेंट इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की चुनावी संभावनाओं के लिए बड़ा झटका है. नीतीश को इस गठबंधन के प्रमुख शिल्पकारों में शामिल माना जा रहा था. अब उनके गठबंधन से अलग होने और ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा दो ऐसे झटके हैं, जिनसे निपटने में 'इंडिया' को काफी संघर्ष करना होगा. रोचक बात यह है कि नीतीश और ममता दोनों ने यह शिकायत की थी कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने देश के पूर्वी से पश्चिमी हिस्से की ओर भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू करने के पहले उनसे मशविरा नहीं किया और उनके राज्यों से यात्रा निकलने देने के लिए अनुमति नहीं मांगी. विचार यह था कि यात्रा को 'इंडिया' गठबंधन के बैनर तले आयोजित किया जाना चाहिए था. परंतु अंदर की बात यह है कि दोनों ही राजनेता आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जीतने लायक साझेदार नहीं मानते. खासतौर पर मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों में पार्टी की भारी पराजय के बाद. 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस को बिहार में एक और पश्चिम बंगाल में दो सीट पर जीत मिली थी. जनता दल (यूनाइटेड) और तृणमूल कांग्रेस के 'इंडिया' से बाहर होने के बाद कांग्रेस को गठबंधन के अन्य दलों के साथ मोलतोल करने में दिक्कत होगी. गठजोड़ के पीछे यह सिद्धांत है कि किसी भी राज्य में सर्वाधिक सीट वाला साझेदार सीट की साझेदारी पर निर्णय लेगा. परंतु ऐसे आरोप सामने आए हैं कि कांग्रेस कुछ राज्यों में साझेदारों पर दबाव बनाने की कोशिश कर रही है. उदाहरण के लिए केरल और पंजाब में जहां कांग्रेस सत्ताधारी वाम मोर्चे और आम आदमी पार्टी के सामने मुख्य विपक्षी दल है और भाजपा की उपस्थिति नाम मात्र की है वहां सीट साझेदारी को लेकर अनिश्चितता का माहौल है. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**



### शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## भांति/भाँति/भ्रांति

**एहि** भांति गौरी असीस सुनु सिय सहित हिय हर्षित अली, तुलसी भवानिहिं पूजि पुनि-पुनि मुदित मन मंदिर चली. गोस्वामी तुलसीदास की पंक्तियों का भावार्थ यही है कि इस प्रकार गौरी के आशीष को सुनकर सीता सखियों के साथ उनकी पूजा कर हर्षित मन से मंदिर से चली गयी. इस छंद के प्रारंभ के दो अक्षर एहि और भांति हैं. एहि का मतल इस और भाँति का मतलब प्रकार. चूंकि छपाई की सुविधा के फलस्वरूप हुए परिवर्तन के कारण अब हिंदी में चंदबिंदु का प्रयोग नहीं हो रहा है, इसीलिए इस स्तंभ में भी भाँति को भांति ही लिखा जा रहा है. मेरे एक पत्रकार मित्र हैं, जिनका शुभ नाम है भांति मिश्र, लेकिन दस प्रतिशत लोग भी उनके नाम का शुद्ध उच्चारण नहीं कर पाते और कहते हैं-भ्रांति मिश्रा. संकोच के साथ कहना पड़ता है कि मैं भी वर्षों तक उन्हें भ्रांति भाई ही कहता रहा. बाद में पता चला कि उनका नाम भ्रांति नहीं, भांति है. अब हमारे सामने तीन शब्द हैं-भांति, भाँति, भ्रांति. तीनों श्रुतिसमभिन्नार्थक. कठोपनिषद में कहा गया है- न तत्र सूर्यो भाति न चन्द्रतारकं नेमा विद्युतो भान्ति कुतोऽयमग्निः. अर्थात वहां सूर्य प्रकाशमान नहीं हो सकता तथा चन्द्रमा आभाहीन हो जाता है, समस्त तारागण ज्योतिहीन हो जाते हैं; वहां विद्युत् भी नहीं चमकती, न ही कोई पार्थिव अग्नि प्रकाशित होती है. यहां भांति का अर्थ प्रकाशित होना है. यह भांति शब्द भा धातु से बना है, जिसका अर्थ है प्रकाश, ज्योति. इसी भा से बना शब्द भांत, जिसका अर्थ है प्रकाशमान. हिंदी शब्दकोशों में भांति के इस अर्थ पर प्रकाश नहीं डाला गया है. वर्धा और हिंदी शब्दसागर में भांति का अर्थ बताया गया है रीति, किस्म, प्रकार, तरह, अनुसार, रंग-ढंग, सादृश्य, तर्ज. भांति की भांति ही भ्रांति भी संस्कृत मूल का तत्सम संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है, जिसका अर्थ भ्रम, भ्रमण, धोखा, संदेह, शक, उन्माद, पागलपन, भूलचूक, प्रमाद. भ्रांति का विशेषण है भ्रांत. मतलब परेशान, व्याकुल, विमूढ़.

## है बार बार तुमको हम सबका प्रणाम


• तीर-तुक्का

वीरेंद्र जैन

हे चंदायाचक, तुम्हें (दूर से ही) प्रणाम है। तुम हमारे घर और दुकान पर पधारे तथा साथ में कुछ ऐसे लोगों को भी साथ में लेकर आए जिनके आगे हमारी बोलती बंद हो जाती है। आप धर्मध्वजा के वाहक हैं एवं मैं उस महिला तस्लीमा नसरीन जैसा भी सबल नहीं हूं कि धर्म के नाम पर होने वाले किसी भी किस्म के पांखडों का मुखर प्रतिवाद कर सकूं। धर्म के नाम पर या राष्ट्रीयता के नाम पर कही पर भी झंडा फहराने के लिए आप आजाद हैं और वह भी विशेष रूप से विवादास्पद स्थानों पर झंडा फहराने या धर्म-ध्वजा ठोंकने से आपकी राष्ट्रीयता और धार्मिकता मजबूत होती हैं। आप किसी भी दिन इस देश के बुद्दिजीवियों, पत्रकारों, लेखकों और कलाकारों की खोपड़ी पर धार्मिक व राष्ट्रीय झंडे को ठोकेंगे और उनकी कराह के विरोध में उन पर एक लात जमाकर कहेंगे कि देशद्रोही धर्म और राष्ट्रीयता का विरोध करता हैं, तुझे तो बंगाल की खाड़ी में फेंक देंगे। हे प्रभो, आप जो कुछ कर रहे हैं उसे धर्म कह रहे हैं। आप विश्व के प्राचीनतम धर्म के वारिस होने का दावा करते हैं, भले ही जो कुछ आप आज कर रहे हैं धर्म के नाम वैसा किए जाने के प्रमाण आज से बीस वर्ष पूर्व भी प्राप्त नहीं होते हों। ऐसा करने के लिए आप हमारे पास साधिकार चंदा मांगने आये। आप धर्म करेंगे तो आपका स्थान स्वर्ग में सुरक्षित रहेगा। मेरे पैसे पर आप स्वर्ग में अपना आरक्षण करा रहे हैं ओर मेरे लिए जीते जी नर्क तैयार कर रहे हैं। हमारा धार्मिक कर्तव्य केवल चंदा देने तक सीमित है और आपका अध्यक्ष तथा सचिव पद प्राप्त करने के लिए है। आप अपने कार्यक्रम में सत्तारूढ़ दल के नेताओं, मंत्रियों, आईएएस अधिकारियों एवं कष्ट पहुंचाने की क्षमता रखने वाले निरीक्षकों को आमंत्रित करेंगे, मेरे पैसे पर खरीदी हुई पुष्प मालाओं से आप उनका अभिनंदन करेंगे, फोटो खिचवाएंगे तथा हम ताली बजाएंगे। आपके संबंध ऊपर तक बनेंगे और आपको सामाजिक आर्थिक लाभ देंगे पर आपके उत्सवों के कोलाहल से मेरे बच्चे अध्ययन से वंचित रहेंगे तथा उनका कैरियर नष्ट होगा। हमने जब प्लेग की आशंका में अपने पड़ोस को सामूहिक श्रमदान से सफाई का अनुरोध किया था तो आप मेरे ऊपर मुस्कराए थे तथा आपके चम्मचों ने मेरे उपर खिलखिलाकर मेरी खिल्ली उड़ाई थी। मैं शर्मिंदगी के महासागर में डूब गया था। तरस खाकर पत्नी ने मेरे नहाने के पानी में दो-तीन बूंदे डिटोल डालने की अनुकंपा की थी। वह एक बूंद डिटोल की कंजूसी करती हैं, तुम 501/- रूपये वसूल रहे हो।







- जेएसएससी सीजीएल परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो जाने से अभ्यर्थी हैं मर्माहत
- निष्पक्ष परीक्षा आयोजित कराना आयोग की जिम्मेदारी, मामले की जांच करायी जाए

**अभ्यर्थियों के कहा...**

> बेरोजगारों को नौकरी का इंतजार रहता है

> लंबे समय के बाद परीक्षा आयोजित हुई

> परीक्षा रद्द करना काफी निंदनीय है

> ऐसी घटनाएं होती रहीं तो हमारे भविष्य का क्या होगा

# सरकार दोषियों को दंडित करे

**जे**एसएससी सीजीएल की परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक हो जाने से अभ्यर्थी मर्माहत तो हैं ही, वे काफी आक्रोशित भी हैं. उनका कहना है कि लंबे समय के बाद परीक्षा आयोजित की गई, पर यह फिर से विवाद में घिरती नजर आ रही है. जिस पेपर का प्रश्न पत्र लीक हुआ है उसकी परीक्षा फिर से ली जाएगी. ऐसे में परीक्षा परिणाम आने में काफी समय लग जाएगा. पता नहीं यह परीक्षा फिर कब आयोजित की जाएगी. संभव है बहुतों की उम्र ही समाप्त हो जाए. उनके भविष्य का क्या होगा. इससे अभ्यर्थी काफी गुस्से में हैं. वे कहते हैं कि राज्य में बेरोजगारों की संख्या बढ़ती जा रही है और सरकार इस ओर ध्यान ही नहीं दे रही है. उनकी मांग है कि इस मामले में जो भी दोषी हैं उन्हें खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए. बार-बार परीक्षा में अड़चने पैदा होना ठीक बात नहीं है. हम लंबे समय से परीक्षा की तैयारी करते हैं. जो भी परीक्षा आयोजित करते हैं उन्हें देखना चाहिए कि प्रश्न पत्र लीक कैसे हो गए. इसकी जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए. मालूम हो कि 2015 से टलते टलते परीक्षा 2024 में हुई. लेकिन इसका प्रश्न पत्र लीक हो गया.पत्र लीक कहां से हुआ, कैसे हुआ इसकी जानकारी किसी को नहीं है. हालांकि जेएसएससी ने परीक्षा के 4 घंटे बाद ही परीक्षा के तीसरे पेपर को रद्द करने की घोषणा कर दी. रद्द करने का कारण अपरिहार्य बताया गया है. सीजीएल परीक्षा के लिए सबसे पहले 2015 में फार्म भराया गया था. लेकिन इसे स्थगित कर दिया गया. स्थगित होते -होते 28 जनवरी 2024 में परीक्षा ली गई. इस संदर्भ में एजुकेशन रिपोर्ट रजनीश प्रसाद ने अभ्यर्थियों से बात की है. पेश है रिपोर्ट...

## जानिए कब -कब क्या हुआ

- 2015 में आवेदन लिया
- 21.08 .2016 को परीक्षा होनी थी, लेकिन नहीं हो सकी
- 2017 में फिर निकला विज्ञापन
- मार्च 2017 में परीक्षा होनी थी, लेकिन फिर नहीं हो सकी
- 2019 में नवंबर-दिसंबर में यह परीक्षा लेनी थी लेकिन नहीं ली जा सकी
- 2021 में आवेदन लिया गया .
- 2021 में फिर परीक्षा नहीं हुई
- 21.08 .2022 को होने वाली परीक्षा भी स्थगित कर दी गई
- 2023 में फिर आवेदन लिए गए
- अगस्त 2023 में परीक्षा तिथि की घोषणा की गयी, लेकिन परीक्षा नहीं हो सकी
- इसके बाद 16 – 17 दिसंबर 2023 को भी परीक्षा तिथि तय की गयी थी, लेकिन स्थगित कर दी गयी .
- छात्रों के विरोध को देखते हुए आयोग ने 21 व 28 जनवरी 2024 को परीक्षा की नयी तिथि की घोषणा की थी
- 28 जनवरी और 4 फरवरी को परीक्षा की तिथि की घोषणा हुई
- 28 जनवरी को परीक्षा हुई, लेकिन तीसरे पेपर का प्रश्न पत्र लीक हो गया, तीसरे पेपर की परीक्षा रद्द कर दी गई है

### परीक्षा साफ सुथरी होनी चाहिए : रोशनी कुमारी



छात्रा रोशनी कुमारी ने कहा कि परीक्षा साफ सुथरी होनी चाहिए . परीक्षा का परिणाम निष्पक्षता से देना चाहिए . इसकी कॉपी लीक नहीं होनी चाहिए . प्रश्न पत्र जहां-तहां व्हाट्सएप ग्रुप में नहीं चलना चाहिए . लेकिन इसके उल्टा हुआ . दोषियों को जल्द से जल्द पड़कर जेल में डालें और उसे पर कड़ी कार्रवाई भी करें . हमारे भविष्य के साथ खेलने वालों की हम छात्र निंदा करते हैं और सरकार से मांग करते हैं कि हमारी फरियाद को सुने . इधर राज्य में बेरोजगारों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है . छात्र-छात्राएं रोजगार को लेकर हताश हैं . सरकार को इन सब बातों पर ध्यान देने की जरुरत है .

### घटना हो रही है वह काफी निंदनीय : योगेश चंद्र भारती



छात्र योगेश चंद्र भारती ने कहा कि बार-बार से इस तरह की जो घटना हो रही है यह निंदनीय है . एक सरकार गई . दूसरी सरकार बनी और दूसरी सरकार का अब कार्यकाल भी खत्म होने वाला है . जेएसएससी में पांच अध्यक्ष हो गए . फिर भी सीजीएल की परीक्षा को सही ढंग से नहीं करवा पाई . एक तो 8 साल के बाद परीक्षा हो रही थी . ऊपर से इसे भी भ्रष्टाचारियों ने ले डूबा . वर्तमान में जो जेएसएससी के अध्यक्ष हैं वह पुलिस प्रशासन के सबसे प्रमुख अधिकारी भी रह चुके हैं . उन्हें तो सभी चीजों को अच्छे से देखना चाहिए . लेकिन उनसे भी कैसे चूक हो गई यह समझ में नहीं आ रहा है .

### प्रश्न पत्र का लीक हो जाना आम बात नहीं: अरविंद महतो



छात्र अरविंद महतो ने कहा कि सीजीएल की परीक्षा में प्रश्न पत्र का लीक हो जाना कोई आम बात नहीं है . यह पहली बार भी नहीं हुआ है . इससे पहले जई की परीक्षा में भी प्रश्न पत्र लीक हो गया था . सरकार इस तरह के काम करने वाले दोषी को पकड़े और उसे पर कार्रवाई करें . हम लोग सालों से मेहनत कर रहे हैं और एक परीक्षा का इंतजार करते हैं . परीक्षा तो नियमित रूप से कभी होती नहीं है और जब होती भी है तो कोई न कोई गडबडी हो जाती है . अगर हमने नौकरी नहीं देनी है तो बोल दे . हम लोग घर जाकर खेती करेंगे या फिर कुछ और ही सोचेंगे .

### दोषी को जल्द सजा दी जानी चाहिए : पुष्पा लकड़ा



छात्रा पुष्पा लकड़ा ने कहा कि जिसने भी यह काम किया है, सरकार उसे पकड़ कर तुरंत जेल में डाले . तभी जाकर हमें संतुष्टि मिलेगी . यह काम करने वालों की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है . यह बहुत ही घिनोना काम है . कुछ लोग छात्रों के भविष्य के साथ खेल रहे हैं . आखिर कैसे इस प्रकार की घटना हो जाती है . परीक्षा आयोजित करने में जितने लोग भी शामिल हैं, यह उनकी लापरवाही है . इनके खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए . सरकार को इस दिशा में ध्यान देने की जरुरत है . नहीं तो राज्य के छात्रों का भविष्य अधर में लटक जाएगा .

### परीक्षा मजाक बन कर रह गई है : दीपशिखा



छात्रा दीपशिखा ने कहा कि सीजीएल की परीक्षा मजाक बनकर रह गया है . पिछले 8 सालों के बाद यह परीक्षा हुई . लेकिन फिर से गड़बड़ी हो गई . गड़बड़ी करने वाले जो भी दोषी हैं सरकार उसे पकड़कर जेल में डालें . इस प्रकार की घटना से हम छात्रों को मानसिक परेशानियों से गुजरना पड़ता है . हमें चिंता भी लगी रहती है कि आगे क्या होगा . हमारी एक ही मांग है कि दोषी को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और सजा दी जाए . सरकार को इस दिशा में शीघ्र पहल करनी चाहिए . क्योंकि इस मामले को लेकर अभ्यर्थी काफी गंभीर हैं . वे चाहते हैं कि उनकी मांग शीघ्र पूरी हो .

### क्या कहें समझ में नहीं आ रहा है: अभय कुमार



छात्र अभय कुमार ने कहा कि इस हरकत पर क्या कहें समझ में नहीं आ रहा है . परीक्षा को ले कर क्या हो रहा है . इसकी जवाबदेही किसकी है . उसे पकड़ना चाहिए और पूछना चाहिए कि यह क्या किया . आखिर हर बार यह कैसे हो जाता है . इससे पहले जेई की परीक्षा में भी ऐसा ही हुआ था . झारखंड सरकार जो भी रिक्तियां लाती है उसमें कोई न कोई खामी निकलती ही है .सोचिए जिन छात्रों की उम्र पार हो जाएगी वे क्या करेंगे . उनका भविष्य खराब हो रहा है उसका जवाब कोन देगा . सरकार को इस दिशा में शीघ्र पहल करनी चाहिए . ताकि राज्य को बेरोजगारों को नौकरी मिल सके .

### अब पढ़ाई करने का मन नहीं करता: आदित्य कुमार



छात्र आदित्य कुमार ने कहा कि अब पढ़ाई करने का मन नहीं करता है . लगता है कि पढ़ाई लिखाई छोड़कर खेती-बाड़ी का काम करें . सरकारी नौकरी मिलना असंभव सा लग रहा है . आखिर कब तक हम इस तरह से इंतजार करें और परीक्षा दें और फिर परीक्षाफल कुछ न आए . भगवान से ही प्रार्थना कर सकते हैं कि परीक्षा लेने वाली एजेंसी और संस्थान को सद्बुद्धि दे . कई सपने लेकर आए थे हम कि तैयारी करेंगे और कंपटीशन निकालकर एक अच्छी नौकरी करेंगे . लेकिन नौकरी तो दूर परीक्षा ही संकट के घेरे में रह रही है . इस समस्या का हल जल्द होना चाहिए .

### आए दिन कोई न कोई गड़बड़ी होती रहती है : अविनाश कुमार



छात्र अविनाश कुमार ने कहा कि झारखंड में आए दिन कोई न कोई परीक्षा में गडबडी होती रहती है . ये बात किसी से छुपी नहीं है . कभी प्रश्न लीक होता है . कभी कुछ होता है . मेरी सरकार से मांग है कि दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए .इसे लेकर छात्रों में काफी आक्रोश है . एसएससी सीजीएल की परीक्षा में प्रश्न का लीक हो जाना अच्छी बात नहीं है . सरकार को चाहिए कि इसके लिए जो भी दोषी हैं उस पर कार्रवाई करे . कारण बहुत लंबे समय से परीक्षा नहीं हुई थी . अगर हुई तो प्रश्न लीक का ममला सामने आ गया . इससे अभ्यर्थियों में हताशा है .

### प्रश्न पत्र लीक होना छोटी बात नहीं है : आनंद कुमार



छात्र आनंद कुमार ने कहा कि किसी भी परीक्षा का प्रश्न पत्र लिक हो जाना यह कोई छोटी बात नहीं है . इससे गई छात्रों का भविष्य जुड़ा होता है . प्रश्न पत्र लीक हो गया यह केवल बात नहीं है इसमें हर उन पदाधिकारी को भी पकड़ना चाहिए जो इसमें लापरवाही बरते हैं . परीक्षा कराने वाली एजेंसी का हर वह इंसान दोषी है जो इसमें शामिल है . परीक्षा लेते हैं . फिर वह कैंसिल हो जाती है . आने-जाने में भाड़ा खर्च होता है . परीक्षा फॉर्म भरने में पैसा खर्च होता है . हम छात्र कहां से इतने पैसे बार-बार ला पाएंगे . सरकार से मांग है कि दोषी को जल्द से जल्द पड़कर उसे सजा दे .

### दोषी को जल्द पकड़ना सजा दी जानी चाहिए : शशि साहू



छात्र शशि साहु ने कहा कि दोषी को जल्द से जल्द पकडना चाहिए . उसके उपर कडी से कडी कार्रवाई करनी चाहिए . जैसे तैसे मां-बाप पैसा भेजते हैं कि बच्चे पढ़ कर कुछ कर ले . लेकिन कुछ भी नहीं हो पा रहा है . ऐसा पहली बार नहीं हुआ है . इससे पहले भी ऐसा हो चुका है . गलती कोई भी करे भुगतना तो छात्र को ही होता है . प्रश्न पत्र लीक होना, फिर परीक्षा रद्द हो जाना यह आम बात हो गई है .पता नहीं हमलोगों का भविष्य क्या होगा . सरकारी स्तर पर इस दिशा में कोई कारगर पहल भी नहीं दिखती है . हमारा भविष्य क्या होगा यह चिंता हमें खाए जा रही है .

### भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है: सुभाष वर्मा



शुभाष वर्मा ने कहा कि जिसने भी ऐसा काम किया है उसके लिए सरकार से हमारी मांग है कि उसे जेल में डाल दिया जाए . झारखंड के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है . रात भर बच्चे कोई स्टेशन पर, तो कोई बस स्टैंड पर सोए, खाने-पीने का पता नहीं . फिर जब परीक्षा दी तो पता चला कि परीक्षा कैंसिल हो गई है, तो यह बच्चों के लिए बेहद ही दुख की बात है . क्योंकि दिन रात तैयारी करने के बाद बच्चों को यह सब देखना पड़ता है तो सोचिए यह कितनी गलत बात है . राज्य में बेरोजगारों की संख्या भी बढ़ती जा रही है .सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरुरत है .




### नए सिरे से परीक्षा की तिथि जारी की जाए : राजेश कुमार



गिरिडीह बिरनी के युवा छात्र राजेश कुमार का कहना है कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा 28 जनवरी को हुई . जिसका पेपर- 3 रद्द कर दिया गया है . आगे 4 फरवरी को परीक्षा की तिथि घोषित है . उसे भी रद्द कर नए सिरे से नई एजेंसी से एग्जाम कंडक्ट कराई जानी चाहिए . क्योंकि यह विज्ञापन 2015 का है और 2024 तक पूरा नहीं हो पाया है . जेएसएससी इस परीक्षा को 8 साल तक एक पूरा नहीं करवा सकी है . इसलिए सरकार और विभाग जल्द से जल्द निगरानी समिति गठित कर नए सिरे से नई परीक्षा की तिथि जारी करें . साथ ही जो भी दोषी हैं उन्हेंकठोर सजा मिले . समय पर और पारदर्शी तरीके से परीक्षा नहीं होने के कारण कई युवा परेशान होकर दूसरा काम करने की सोच रहे हैं .

### प्रश्न का लीक हो जाना बेहद ही शर्मनाक : विजय कुमार



छात्र विजय कुमार ने कहा कि एक तो 8 वर्षों बाद जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा हो रही है, ऊपर से प्रश्न का लीक हो जाना बेहद ही शर्मनाक है . इससे छात्रों का मनोबल गिरता है . इस परीक्षा को मजाक बना दिया है . इसके जो दौषी हैं उन पर कार्रवाई करनी चाहिए . सालों इंतजार करने के बाद भी कुछ नहीं हो रहा है . हर बार ऐसा होता है, लेकिन सरकार इस पर गंभीर नहीं दिखा रही है . परीक्षा सेंटर जहां तहां कर दिया था . जाने में भी छात्रों को काफी परेशानी हो रही थी . अब तो उम्मीदे टूटने लगी है . हमारा भविष्य क्या होगा यह भी नहीं समझ में आ रहा है . हमारी सरकार से मांग है कि इस समस्या को जितनी जल्द हो हल किया जाए .

### सेंटर में जाने में काफी दिक्कत हुई: रेयान गुप्ता



छात्र रेयान गुप्ता ने कहा कि छात्र दूर दराज के इलाकों से आते हैं .प्रश्न तो लीक हुआ ही है, परीक्षा केंद्र के नाम पर अभ्यर्थियों को उठा के फेंक दिया है . कुछ ऐसे भी सेंटर भी दिए गए हैं . जहां आने जाने में भी काफी दिक्कत हुई . आखिर परीक्षा पत्र लिक होने का दोषी कौन है . उसे चिह्निज करना चाहिए . उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए . झारखंड के भविष्य के साथ खिलवाड कर रहे हैं . इसे कोई रोकने वाला नहीं है . हम किसे अपनी बात बताए . सरकार को इस मामले में पहल करनी चाहिए . ताकि युवाओं का भविष्य खराब नहीं हो . प्रश्न पत्र लीक होने से अभ्यर्थी काफी निराश हैं कि अब आगे क्या होगा .

### सीजीएल परीक्षा को मजाक बना दिया : अमित कुमार



छात्र अमित कुमार ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल परीक्षा को मजाक बना दिया है . बच्चे परीक्षा देकर घर भी नहीं लौटे थे और सूचना मिली कि प्रश्न पत्र लीक हो गया है . इस सूचना से रात भर निंद नहीं आई . सरकार से हमारा आग्रह है कि जिसने भी इस काम को किया है उसे पकडे और उस पर कार्रवाई करे . इस प्रकार की घटना से कई लोगों को नुक्सान होता है . परीक्षा देने गए लोगों को कितनी परेशानी उठानी पढ़ती है . इस ठंड में अभ्यर्थी रात कैसे गुजारे और कितने कष्ट में परीक्षा देने गए . लेकिन सारी मेहनत बेकार हो गई . पता नहीं कि अगली परीक्षा समय पर होगी या नहीं . हमसें से बहुतों की उम्र सीमा भी खत्म हो रही है .



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** ऋण लेने से बचें. कुछ वित्तीय बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है. नये निवेश से बचने का प्रयास करें, निर्णय सोच-समय कर लें. उर्जा एवं उत्साह में वृद्धि होगी. आपकी कार्यकुशलता से सुख का समग्र एकत्र होगा.

**वृषभ** किसी से मानहानि हो सकती है, पर जोश और उत्साह में वृद्धि होगी. किसी नये काम को लेकर योजना बना सकते हैं. मित्रों की तरफ से सहयोग प्राप्त होगा. वाहन का प्रयोग करते समय सावधानी बरतें. मंदिर में दीप प्रज्वलित करें.

**मिथुन** आय का मार्ग मिलेगा. समय अनुकूल है, पर कार्यक्षेत्र के हालात को लेकर कुछ चिंताएं बढ़ सकती हैं. मन में नकारात्मक विचार न आने दें. परिवार एवं मित्रों का सहयोग मिलता रहेगा. गणेश जी को लड्डू का भोग लगावें.

**कर्क** आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. समय मूल्यवान है. भाग्य का सहयोग मिलेगा. शुभ समाचारों की प्राप्ति हो सकती है. मन में नकारात्मक विचार न आने दें अन्यथा किसी के साथ मतभेद हो सकता है। मंदिर में जल दान करें.

**सिंह** शाम से समय उत्तम होगा. थोड़ा मानसिक तनाव होगा और और विवाद हो सकता है. जीवन साथी की भावनाओं की कद्र करें. आपके कार्य और प्रभाव के चलते रुके हुए काम प्रयास करने से बन सकते हैं. गाय को भोजन दें.

**कन्या** सत्कार्यों में खर्च होगा. किसी धार्मिक अनुष्ठान का भी योग है. बुद्धिमत्ता से हर कार्य को आसानी से पूरा कर लेंगे. आपको किसी से धोखा मिल सकता है. सावधानी बरतें. गाय की सेवा करने से शुभ फलों की प्राप्ति होगी.

**तुला** गलत आय से बचें. वैसे समय उत्तम है. पिता से लाभ होगा. परिवार की तरफ से प्रसन्नता का माहौल बनेगा, मानसिक शान्ति प्राप्त होगी. स्वास्थ्य सामान्य रहेगा. परिवार के साथ समय व्यतीत होगा. माता दुर्गा को चुनरी अर्पित करें.

**वृश्चिक** स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है, आलस्य की बढ़ोतरी बनी रहेगी. कार्यक्षेत्र में भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. आपकी अपनी बनायी गयी योजना आगे चलकर सफल होगी. अन्न दान करें.

**धनु** किये गए कार्य से लाभ होगा. समय अच्छा है. वाणी की निपुणता देखने को मिलेगी. कार्यक्षेत्र में सफलता को लेकर चिंता बढ सकती है, साहस एवं संयम से काम लें. निराशा से बचने का प्रयास करें. मिठाई का दान करें.

**मकर** अर्थ से सम्बन्धित परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है. कार्य करने से पहले विचार जरूर करें. शिक्षा के क्षेत्र में भी अच्छे फल प्राप्त नहीं हो पायेंगे. क्रोध के कारण नुकसान हो सकता है. किसी कार्य को करने से पूर्व विचार करें.

**कुंभ** समय सामान्य है. किसी बात को लेकर मतभेद पैदा हो सकते हैं. बड़े बुजुर्गों की सेवा करने से शुभ फल प्राप्त होंगे. भाग्य का अधिक साथ प्राप्त नहीं हो पायेगा, सन्तान पक्ष को लेकर चिंता बढ सकती है. शनि को खुश करें.

**मीन** पुराना रोग समस्या दे सकता है. स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें. किसी अच्छे कार्य के ऊपर धन खर्चे के योग बने हुए हैं. आपको अपने व्यवहार पर ख़ास ध्यान रखने की जरूरत है . क्रोध पर नियंत्रण आवश्यक है. मंदिर में सेवा दान करें.

## अबुआ आवास योजना में मनमानी के खिलाफ बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के बनकटा पंचायत अंतर्गत बेंदा , सालबनी गांव के ग्रामीण ने अबुआ आवास योजना में मनमानी और अनियमितता जांच कर उचित करवाई को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी केशव भारती को एक ज्ञापन सौंपा.बताया गया कि झारखंड सरकार द्वारा आवासहीन लोगों के लिए अबुआ आवास योजना लागू की गयी है, परंतु निम्नवर्गीय पदाधिकारी द्वारा मनमानी के कारण उचित लोगो की लाभ से वंचित रखा गया है. सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आवास हेतु आवेदन लिए गये थे.जिसका मैसेज मोबाइल से प्राप्त हुई है, किंतु बिना किसी पदाधिकारी ,ग्राम प्रधान , वर्ड सदस्य के बिना किसी उपस्थिति में कैसे पारित हुई?

## अबुआ आवास सूची में गड़बड़ी की शिकायत

**जमशेदपुर ।** आवास योजना से वंचित गरीबों के लिए झारखंड सरकार ने अबुआ आवास योजना लाई है. पिछले दिनों सरकार आपके द्वार शिविर में प्राप्त आवेदन पत्रों के हिसाब से प्रखंड कार्यालय में सूची भी तैयार किया गया है. लेकिन जिन लोगों का नाम सूची में है, उन लोगों को पहले ही आवास का लाभ मिल चुका है, जबकि जिन लोगों को आवास अभी तक नही मिला है वैसे लोगों का नाम सूची से गायब है जिससे पटमदा प्रखंड की महुलबना पंचायत अंतर्गत सुंदरपुर गांव के ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है. इसको लेकर मंगलवार को भाजपा नेता विमल बैठा को प्रखंड कार्यालय में बुलाकर मामलें को अवगत कराया. बिमल बैठा ने ग्रामीणों के साथ बीडीओ से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा है.

## मागे पर्व पर सुख-शांति के लिए पूजा-अर्चना

**चक्रधरपुर।** कोलकेरा व महुलबोराई गांव में मंगलवार शाम हर्षोल्लास के साथ मागे पर्व मनाया गया. इस दौरान गांव के देहुरी सुरसिंह बोदरा द्वारा क्षेत्र की सुख-शांति व समृद्धि के लिए जाहेर स्थल में विधि विधान के साथ पूजा-अर्चना की. तत्पश्चात गांव के अखाड़ा में मांदर व नगाड़ा की थाप पर ग्रामीण महिला-पुरुष जमकर झूमे. इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई ने लोगों के साथ पारंपरिक नृत्य किए. मौके उन्होंने कहा कि आदिवासी परंपरा को जीवित रखने के लिए प्रत्येक गांव में धूमधाम के साथ मागे पर्व का आयोजन करना चाहिए.

### कोडरमा जिले के व्यापारियों के साथ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की बैठक, बोले प्रदेश अध्यक्ष किशोर मंत्री

# राज्य सरकार के समन्वय से किया जा रहा समस्याओं का समाधान

**संवाददाता। रांची**

कोडरमा जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स के स्थापना दिवस समारोह के आयोजन में मंगलवार को झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री और उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा शामिल हुए. इस दौरान कोडरमा चैंबर के अध्यक्ष प्रदीप केडिया, महासचिव रामरतन महर्षि और अन्य पदाधिकारी व कार्यकारिणी के सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को चैंबर अध्यक्ष ने फेडरेशन का पिन लगाकर पदग्रहण समारोह की शुरुआत की.

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कोडरमा जिले के व्यापारियों को अधिकाधिक संख्या में फेडरेशन चैंबर की सदस्यता लेने के लिए प्रेरित किया, उन्होंने कहा कि जिले के व्यापारी जब भी रांची आयें, चैंबर भवन में जरूर आयें. उन्होंने चैंबर द्वारा की जा रही वर्तमान कार्यों की प्रगति की भी जानकारी दी. बताया कि भवन नियमितीकरण योजना का प्रारूप तैयार होना, होल्डिंग टैक्स की दरों में संतोषजनक कमी होना और राइस मिलर्स के इंसेंटिव दर में वृद्धि, चैंबर और राज्य सरकार के आपसी समन्वय का ही प्रतिफल है, व्यापार जगत की कुछ अन्य समस्याओं पर हमारे कई अन्य प्रयास पाइपलाइन में हैं. चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने फेडरेशन द्वारा वर्तमान में किये जा रहे प्रयासों से अवगत कराया और जिले के व्यापारियों से फेडरेशन द्वारा गठित 82 उप समितियों के चेयरमेन से सहयोग लेने की अपील की. चैंबर महासचिव परेश गट्टानी ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से संभव हो, इस उद्देश्य से फेडरेशन द्वारा राज्यस्तरीय दौरों का आयोजन किया जा रहा है. मौके पर कोडरमा चैंबर के कोषाध्यक्ष अविनाश सेठ, सह सचिव प्रदीप हिसारिया, सदस्य अमरजीत सिंह छाबडा, श्यामसुंदर माहेश्वरी, जगदीश लाल अजमानी, संजय अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, दीपक सिंघानिया, प्रिंस अग्रवाल, बीके बरनवाल, रमेश कंदोई, कुलदीप साबू, प्रदीप भारद्वाज, हिमांशु केडिया, गौरव महेश्वरी, अमित केडिया, मुकेश प्रसाद आदि व्यापारी शामिल थे.



### अंजुमन इस्लामिया रांची के एजुकेशन अवार्ड कार्यक्रम में 635 बच्चे हुए पुरस्कृत

# जरूरतमंद बच्चे भी हासिल कर सकेंगे बेहतर मुकाम : सुबोध



**संवाददाता। रांची**

- बेटा बेटी एक समान, सभी को बढ़ायें अभिभावक , शिक्षा बिना जीवन अधूरा : रामटहल

अंजुमन इस्लामिया रांची के मौलाना आजाद लाइब्रेरी कोचिंग सेंटर के तत्वावधान पर एजुकेशन अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन इस्लामिया में मंगलवार को किया गया. इसमें मैथ्स व फिजिक्स ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. इसकी शुरुआत कुरआन पाक की तिलावत से हुई. मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय शामिल हुए. उन्होंने कहा कि अंजुमन इस्लामिया शिक्षा पर खास ध्यान दे रहा है. यह स्लम व जरूरतमंद बच्चों के बीच शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने का लगातार कार्य कर रहा है. यह अच्छी पहल है. इस पहल से जरूरतमंद बच्चे अपनी शिक्षा के बदौलत कल बेहतर मुकाम हासिल कर सकते हैं. यह सराहनीय कदम है. पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि बेटा-बेटी एक समान सभी पढ़ाना चाहिए. शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है. हर अभिभावक को शिक्षा पर ध्यान देने की जरूरत है. अंजुमन इस्लामिया की पहल काबिल-ए-तारीफ है.

**बच्चों की छुपी प्रतिभा को निखार रहे : अध्यक्ष :** अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मोख्तार ने कहा कि पहली बार गणित व फिजिक्स का ओलंपियाड आयोजित कर छुपे प्रतिभाओं को उभारने का निखारने का काम किया जा रहा है.



### ऐसे कार्यक्रम आगे भी किए जाएंगे : लतीफ

मैथ्स व फिजिक्स ओलंपियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया. मौलाना आजाद लाइब्रेरी एंड कोचिंग सेंटर अंजुमन इस्लामिया रांची के कन्वेनर मो. लतीफ आलम ने कहा कि इस अवसर पर 45 स्कूल व 7 मदरसों के 650 बच्चे शामिल हुए. इनमें 35 बच्चों को एजुकेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया, वहीं 600 बच्चों को उत्कृष्ट प्रदेर्शन के लिये प्रमाण पत्र से नवाजा गया. ऐसे कार्यक्रम आगे भी आयोजित किये जायेंगे. मौके पर अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष कमाल खान, सदस्य नूर आलम, साजिद उमर, शाजहद बबलू, अधिवक्ता सुल्तान, सरफराज, पूर्व पार्षद मो असलम , पूर्व पार्षद मो सलाउदी संजू, फातिमा गर्ल्स एंड बॉयज एकाडमी के निदेशक नसीम अनवर नदवी, डॉ इकबाल हुसैन, कांके अंजुमन के सदर मो रहमान, पुनदाग अंजुमन के सदर जाकिर अंसारी, तस्लीम अंसारी, रातु अंजुमन के अताउल्लाह अंसारी, अरशद जिया अफजल, हीना निशात, उजमा कौशर, इम्तियाज, अबू नसर, हाफिज जावेद आदि शामिल थे.

## महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका कल लोहरदगा आएंगी

**संवाददात ।लोहरदगा**



महिला कांग्रेस की लोहरदगा जिला अध्यक्ष सीमा परवीन ने बुधवार को प्रेस बयान जारी कर कहा है कि अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की नवनियुक्त सम्मानित राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा जी का झारखंड में प्रथम आगमन आगामी 31 जनवरी को सुनिश्चित हुआ है. सम्मानित राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा जी का लोहरदगा जिले में आगमन आगामी 01 फरवरी को होगा. वे 01 फरवरी को पुराना नगर भवन में दोपहर 12 :30 बजे लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस महासम्मेलन में भाग लेंगी. महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सीमा परवीन के नेतृत्व में आयोजित इस सम्मेलन में मुख्य अत्तिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा जी के साथ-साथ झारखंड प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह, स्थानीय विधायक सह वित्त मंत्री डॉक्टर रामेश्वर उरांव, विधायक प्रतिनिधि निशिथ जयसवाल, जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद जी के अलावे सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारीगण उपस्थित होंगे. लोहरदगा जिला महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नव नियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा जी को महिला कांग्रेस महासम्मेलन में हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत की जाएगी.

## झारखंड विस याचिका समिति की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**संवाददाता। धनबाद**



झारखंड विधानसभा की याचिका समिति के सदस्यों ने मंगलवार को धनबाद जिला के पदाधिकारियों के साथ धनबाद के सर्किट हाउस में बैठक की. इस बैठक में विधायक लंबोदर महतो व विधायक नीरा यादव ने कई याचिकाओं पर चर्चा की, जिसमें पैक्स, बीसीसीएल, रेलवे में अनुकंपा पर नियुक्ति, रतन बिहार होटल में नौकरी, एसएनएमएमसीएच अस्पताल के बाउंड्रीवाल, झारखंड आंदोलनकारी की पेंशन, रैयती जमीन पर अतिक्रमण समेत कई याचिकाओं पर संबंधित पदाधिकारियों से जवाब मांगे गए, जिस पर पदाधिकारियों द्वारा कई याचिकाओं पर संतोषजनक जवाब दिए गए एवं कई मामलों का निष्पादन भी किया गया. बैठक में अपर समाहर्ता बिनोद कुमार, एडीएम विधि व्यवस्था कमलाकांत गुप्ता, डीआरडीए निदेशक मुमताज अली अहमद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे.

## संयुक्त छात्र संघ ने पेपर लीक मामले में सीएम का पुतला फूंका



**संवाददाता ।महुदा (धनबाद)**

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के पेपर लीक होने से नाराज़ संयुक्त छात्र संघ ने मंगलवार को महुदा लालबंगला चौक पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और जेएसएससी आयोग का पुतला दहन किया गया. छात्र संघ ने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की. छात्र संघ के सदस्य निवेद केटियार ने कहा कि हेमंत सरकार राज्य के विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है. जेएसएससी की परीक्षाओं में बड़े-बड़े शिक्षा माफिया संलिप्त रहते हैं. इस परीक्षा में गरीब मजदूर के बच्चे दिन रात मेहनत करके पढ़ाई करते हैं. अपने घरों से 100 से 300 किलोमीटर दूर परीक्षा देने के लिए परीक्षा केंद्र पहुंचते हैं. जब परीक्षा देकर बाहर निकलते हैं, तो पता चलता है कि परीक्षा का प्रश्न पहले से ही लीक हो गया है. छात्र संघ की मांग है कि इसकी सीबीआइ जांच होनी चाहिए और शिक्षा माफियाओं पर कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए. ताकि भविष्य में ऐसी गलती नहीं हो. मौके पर निवेद महतो, राहुल सोना, राज करण महतो राजू कुमार महतो, राकेश कुमार महतो, राहुल कुमार महतो, सनोज महतो, जलेश्वर महतो, मनोज महतो, आकाश महतो, ऋतिक महतो, अजय कुमार, बेबी कुमारी, राखी कुमारी, मुकेश महतो, किशोर कुमार महतो, देव कुमार गोराई, तरुण कुमार आदि मौजूद थे.

## प्रिंस खान के खिलाफ गवाह पलटा, कहा किसने गोली मारी नहीं जानता

**धनबाद ।** जमीन कारोबारी नन्हे खान की सरेआम हत्या करने के मामले में मंगलवार को अभियोजन ने मामले के सूचक अल्ताफ आलम उर्फ रूमी को बतौर गवाह पेश किया. जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार की अदालत में बयान देते हुए गवाह ने कहा कि उसके भाई नन्हे को किसने गोली मारी वह नहीं बता सकता. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है. 24 नवंबर 2021 की दोपहर 3:20 बजे के करीब दो बाइक पर सवार चार शूटरों ने बुलेट से जा रहे 37 वर्षीय नन्हे पर गोलियों की बौछार कर दी थी. प्राथमिकी भाई अल्ताफ आलम उर्फ रूमी के फर्द बयान पर दर्ज की गई थी. प्राथमिकी में कुल 12 लोग नामजद हैं. जिसमें गोपी खान ऊर्फ जियाऊर रहमान, गॉडविन खान ऊर्फ शौकत अली, बंटी खान ऊर्फ जियाऊल हक, प्रिंस खान ऊर्फ हैदर अली, शम्मी, इरफान मुखिया, हैदर खान, हीरा ड्राइवर, भोमा रजा, डिक्की, अनवर एवं डिम्पी नामजद आरोपी बनाए गए थे. पुलिस ने इस मामले में प्रिंस खान की मां नसरीन खातून, बंटी, गोडविन अनवर, डिक्की अंसारी उर्फ मुर्तुजा, हैदर खान, आजाद आलम एवं शाहबाज समेत 20 के विरुद्ध चार्जशीट दायर किया था.

## याद किए गए महाकवि जयशंकर प्रसाद

**संवाददाता। धनबाद**



**खास बातें**

- अंग्रेजी के रोमांटिसिज्म का हिंदी रूपांतरण है छायावाद
- वक्ताओं ने जयशंकर प्रसाद की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला

गुरु नानक कॉलेज में हिंदी विभाग द्वारा भूदा कैंपस के रूसा सेमिनार हॉल में जयशंकर प्रसाद के जन्मदिवस मनाया गया. इस अवसर पर 'जयशंकर प्रसाद काशी के कलाधर' विषय पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया था. आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को छायावाद के चार स्तंभ-जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी निराला, महादेवी वर्मा और सुमित्रानंदन पंत के साहित्यिक अवदान से अवगत कराया जा सके.

छायावादी श्रृंखला के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ. तत्पश्चात जयशंकर प्रसाद के छायाचित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किया गया. हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर सोनू प्रसाद द्वारा कार्यक्रम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला गया. कार्यक्रम का प्रथम सत्र 'कवि जयशंकर प्रसाद' पर केंद्रित था. इस सत्र में अदिति, बुशरा, मुस्कान, रिया ने कविता-पाठ किया. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद ने की. उन्होंने अपने अध्यक्षीय संबोधन में संपूर्ण कार्यक्रम का द्रष्टा बनकर प्रत्येक विधाओं के रूप में मंचित पात्रों का उत्साहवर्धन किया तथा मार्गदर्शन करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की. इस श्रृंखला को सराहते हुए आगामी सत्र को और उच्च स्तरीय प्रस्तुति की आशा प्रकट की. प्रो. अमरजीत सिंह ने अपने संबोधन में छायावाद को अंग्रेजी के रोमांटिसिज्म का हिंदी रूपांतरण कहा और छायावादी श्रृंखला के स्तंभकारों का स्मरण करते हुए उस श्रृंखला में विस्तार करते हुए जानकीवल्लभ शास्त्री को भी स्थापित किया. प्रो. संजय सिन्हा ने ऐसी प्रस्तुति को साहित्य की अमूल्य धरोहर कहा. विषय प्रवेश एवं धन्यवाद ज्ञापन की औपचारिक रीति हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. सोनू प्रसाद यादव ने पूर्ण की. मंच संचालन विभाग की प्राध्यापिका प्रो. सिमरन श्रीवास्तव ने किया. इस अवसर पर प्रो. दीपक कुमार, प्रो. साधना सिंह, प्रो. अनुराधा कुमारी, प्रो. पीयूष अग्रवाल, प्रो. मुकेश कुमार, प्रो. मनीषा कुमारी तथा अन्य शिक्षकेत्तरकर्मी सहित 200 की संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान से हुआ.

**ख्रीस्तान डेरा** कारो नदी के तट पर जंगल में अवस्थित है 1852 में विद्रोहियों के आतंक में बनी मसीही विश्वासियों की शरणस्थली

# जीईएल चर्च कलीसिया का ख्रीस्तान डेरा महोत्सव कल, हजारों विश्वासी होंगे एकत्रित





**जयंती कच्छप। रांची**

जीइएल चर्च विश्वासी कलीसिया 1 फरवरी को ऐतिहासिक पर्व ख्रीस्तान डेरा महोत्सव मनाएगी. ख्रीस्तान डेरा रांची से लगभग 33 किलोमीटर की दूरी पर स्थित जंगलों के बीच डूमरगड़ी बिलसेरेंग में है. रांची जिले में स्थित इस स्थान को छोटानागपुर (झारखंड) की प्रथम मसीही कलीसिया के प्रारंभिक विश्वासी पूर्वजों के अद्भुत शरण स्थान के नाम से भी जाना जाता है. 1 फरवरी को इस दिन को धूमधाम से असम-छोटानापुर की कलीसिया द्वारा मनाया जाएगा. जानकारी साझा करते हुए जीइएल चर्च के नीरल बागे ने कहा कि यह स्थान कारो नदी के समक्ष टापू पर स्थित है. इस दिन नॉर्थ ईस्ट डायसिस (असम) छोटानापुर के विश्वासी कलीसिया ख्रीस्तान डेरा में एकत्रित होंगे. ख्रीस्तान डेरा पर्व पिछले दो वर्षों से कोविड के कारण धूम धाम से नहीं मनाया जा सका था. इस वर्ष बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे. ख्रीस्तान डेरा के 167 वें महोत्सव का कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शुरू होगा. ख्रीस्तान डेरा स्थान मुख्य सड़क से तीन किलोमीटर की दूरी पर हैं, कलीसिया उस स्थान तक पैदल चलकर जाएगी. मौके पर मुख्य संदेश, प्रभुभोज एवं अनुष्ठान छोटानागपुर, असम , डायसिस मॉडरेटर रेव्य जोहन डांग द्वारा दिया जाएगा.

**ख्रीस्तान डेरा पर्व का इतिहास**

गोस्सनर कलीसिया की स्थापना के 12 वर्ष ही हुए थे और ख्रीस्तीय विश्वासी पूर्वजों को अत्याचार, असहनीय प्रताड़नाओं का सामना करना पड़ा था. हेथाकोटा के ख्रीस्त नवीन डोमन का परिवार था. विद्रोहियों ने उनकी सारी धन-सम्पत्ति लूट ली. उनके परिवार के सदस्यों को उन्होंने बेरहमी से मारा-पीटा. विद्रोहियों ने विभिन्न तरह से जीइएल विश्वासी के पूर्वजों को सताया. उन्होंने रांची ख्रीस्त गिरजा घर में तोप के गोलों से दागा, स्कूल भवन, मिशन, बंगला और गिरजा घर को क्षतिग्रस्त किया. ऐसी परिस्थिति से बचने के लिए जीइएल चर्च के पूर्वज भागकर रांची से पश्चिम कारो नदी के तीन टापुओं और जंगल में जो वर्तमान डुमरगड़ी, बिलसेरेंग नामक जगह पर छिपे रहे. कलीसिया विश्वासी पूर्वजों ने सन 1857 ई के अगस्त से सितम्बर महीने के बीच डेढ़ महीने तक कारो नदी के टापुनुमा जंगल में शरण लेकर अपने ख्रीस्तीय विश्वास की रक्षा की थी. उनके साथ 1852 ई. में स्थापित बेथेसदा आवासीय विद्यालय रांची के लगभग 120 स्कूली बच्चे भी थे. जबतक रांची में विद्रोह शांत नहीं हुआ, तब तक भूखे-प्यासे, अभाव-ग्रस्त होकर उस बारिश के मौसम में वे वहां छिपे रहे. उस वक्त उनमें से कुछ लोग भूख और बारिश में भीगने के कारण बीमार होने के बावजूद विश्वास की रक्षा और ईश्वर की आराधना करते हुए दिवंगत हो गये. बचे हुए विश्वासी अपने विश्वास में दृढ़ रहे. सभी विश्वासियों के लिए एक संदेश दिया कि आशीष का अनुभव करें और अपने विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करें.

## जेकेएस कॉलेज में करियर काउंसिलिंग

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के मानगो स्थित जेकेएस कॉलेज मंगलवार को एनजीओ निर्माण की ओर से विशेष रूप से छात्राओं के लिए करियर काउंसिलिंग सत्र का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहित कुमार ने की. एक्सएलआरआई जमशेदपुर की राशि, अर्पिता एवं मुरली की टीम ने छात्राओं को अपने करियर, शैक्षिक और जीवन संबंधी निर्णय लेने के लिए आवश्यक टिप्स दिये. उन्होंने छात्राओं को करियर जानकारी के संसाधनों और स्त्रोतों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी. साथ ही लक्ष्यों को प्राप्त करने में एक योजना विकसित करने को प्रेरित किया. प्राचार्य डॉ मोहित कुमार ने कहा कि करियर विकास एक आजीवन प्रक्रिया है. कार्यक्रम का संचालन प्रो जी रम तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो लक्ष्मी मुर्मू ने किया.




# जितना कमाया उसी में बचाया

**पैसों के बारे में कहा जाता है कि कितना कमाया से अधिक महत्वपूर्ण है क्या बचाया. बेशक वित्त संबंधी अच्छी आदतें बनाने में वक्त लग सकता है, लेकिन जीवन शैली में छोटी-छोटी आदतों का शुमार कर पैसे की बचत भी हो सकती है और अनावश्यक खर्च में कटौती भी. रिटायरमेंट, घर, निवेश और इमरजेंसी फंड में जैसे लक्ष्यों को प्राप्त करने की शुरुआत इन्हीं छोटे-छोटे कदमों से होती है-**

## दैनिक खर्च पर नजर रखें

भले रात में डायरी में नोट करें या बजटिंग एप का उपयोग करें, लेकिन आप प्रतिदिन कितना पैसा खर्च करती हैं, इसका हिसाब रखें. अगर हम नहीं जानते कि हमारा पैसा कहां जा रहा है तो उसे बचाना कठिन है. आप अपने खर्च किए जा रहे एक-एक रुपए पर नजर रखें. दिनचर्या में शामिल यह छोटी सी सजगता कई अनावश्यक खर्च को रोकने में कारगर होगी.

## अपनाएं 30 दिन का नियम

शॉपिंग का ख्याल कई बार आवेग की तरह आता है और व्यर्थ के खर्च करा ले जाता है. इस तरह के खर्च को कम करने का प्रयास करें. संभव हो तो खरीदारी चाहे छोटी हो या बड़ी, इसे तीस दिन के लिए टाल दें. ऐसे में आवेग में की गई खरीदारी से हम बचते हैं. 30-दिन का नियम अपनाने से हमें पता चलता है कि जो हम खरीदना चाहते हैं वह हमारी आवश्यकता है या महज इच्छा.

## क्रेडिट कार्ड खर्च पर नियंत्रण

एक क्रेडिट कार्ड आपको पास में पैसे न रहने पर भी चीजें खरीदने का ऑप्शन देता है लेकिन याद रखें कि निर्धारित इंटरेस्ट फ्री पीरियड के भीतर क्रेडिट कार्ड का बिल चुकाना भी जरूरी है वर्ना पेनाल्टी और हेवी इंटरेस्ट रेट्स का सामना करना पड़ सकता है. कुछ लोग किसी भी तरह के खर्च के लिए पूरी तरह क्रेडिट कार्ड पर निर्भर रहते हैं, जो की एक बुरी आदत है. आप क्रेडिट कार्ड से उतनी ही रकम खर्च करें जितना आपके बैंक अकाउंट में पहले से हो या जितनी आमदनी की उम्मीद हो. एक महीने में जितना भुगतान कर सकते हैं, उतना ही खर्च करें.




## कर्ज न रखें

अपने ऊपर किसी भी तरह का कर्ज न लें. अगर आपने कर्ज लिया भी है तो उस जल्द से जल्द चुकाने की कोशिश करें. अगर आपके पास कहीं से ज्यादा पैसा आता है तो कोई बड़ी चीज खरीदने से पहले, आपने जिससे कर्ज लिया है उसे वापस करें.

## इमरजेंसी फंड बनाएं

बचत के साथ वित्तीय सुरक्षा का भी ध्यान रखना जरूरी है. आप सबसे पहले अपने लिए इमरजेंसी फंड बनाएं. किसी भी बुरे हालात में ये फंड आपके काम आता है. इमरजेंसी फंड होने से किसी से कर्ज लेने की नौबत जल्दी नहीं आती है.

## खर्चों पर लागत कम करें

आवास, भोजन और परिवहन इन तीनों पर ही सबसे अधिक खर्च आता है. ऐसे में इनके लिए बजट तैयार करें. राशन में जरूरत की चीजों को ही जगह दें. यातायात पर खर्च को कम करने के लिए कार-पूलिंग, पब्लिक ट्रांसपोर्ट, मंथली कार्ड आदि की व्यवस्था करें.

## ऊर्जा की बेवजह खपत रोकें

बिजली की खपत कम कर अच्छी बचत संभव है. कई बार हम कोई उपकरण उपयोग में लें या नहीं लें, प्लग लगा ही रहता है. जब उपकरण उपयोग में न लें तो उन्हें अनप्लग करने की आदत बनाने से हम अपने बिजली बिल को कम कर सकते हैं. कम्प्यूटर पर स्लीप मोड का उपयोग कर बिजली बिल को कम कर सकते हैं. दो-तीन कपड़े धोने हो तो वाशिंग मशीन चलाने की बजाय हाथ से भी कपड़े धो सकते हैं. अनावश्यक रूप से पंखे-हीटर न चलाएं. मोबाइल चार्ज होने के बाद भी उसे प्लग में लगा न रहने दें.

## बेकार के सामान निकालें

घर व्यस्थित करते समय कई चीजें ऐसी नजर आती हैं जिनका हम कई वर्षों से कोई उपयोग नहीं कर रहे होते. उपहार में मिले मिक्सी-ओवन, बच्चे की पुरानी साइकिल, एसी लगाने के बाद बालकोनी में यूं ही पड़ा कूलर...नजर डालिएगा तो घर में कई चीजें ऐसी नजर आएंगी जो वर्षों से उपयोग में नहीं हो रहीं. बेहतर हो इन्हें निकालने के बाद ही दूसरी चीज लें. ओएलएक्स ही नहीं, इनदिनों सोशल मीडिया पर भी इन्हें बेचने के कई विकल्प नजर आएंगे.

## ये जो थोड़े से हैं पैसे



घर के सदस्यों की आदत होती है कि जब भी कहीं कुछ पैसे मिलते हैं कभी फ्रिज के ऊपर तो कभी किसी दराज में डाल देते हैं. बेहतर हो कोई एक डब्बा या गुल्लक सुनिश्चित करें और पैसों को वहीं डालें. बूंद-बूंद से घड़ा भरे वाली कहावत चरितार्थ होती नजर आएगी.

## तकनीकी खर्च में कटौती

इन दिनों मोबाइल, लैपटॉप और कंप्यूटर में भी हम बहुत ज्यादा खर्च कर देते हैं. कई अमेजन प्राइम, नेटफ्लिक्स जैसे अन्य का सब्सक्रिप्शन भी ले लेते हैं. ऐसे में आपको केवल जरूरी सब्सक्रिप्शन ही लेने चाहिए. अलग-अलग वाईफाई या मोबाइल डाटा और वाईफाई के खर्चों को भी कम किया जा सकता है.

## लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट

खर्च करने के बाद जो भी पैसे बचें उसे किसी लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट ऑप्शन में इन्वेस्ट करें. ऐसे इंवेस्टमेंट जिंदगी के बड़े लक्ष्यों को पूरा करने में मददगार होते हैं. घर की खरीदारी, रिटायरमेंट फंड, बच्चों की शादी, पढ़ाई जैसी जरुरतों को पूरा करने के लिए लॉन्गटर्म इंवेस्टमेंट में पैसा लगाना सही रहता है.

## शॉपिंग पर जब जाएं

घरेलू चीजों को खरीदने से पहले लिस्ट बना लें. केवल आवश्यक वस्तुओं का ही चुनाव करें और अन्य चीजों को नहीं खरीदे. ऑफर व डिस्काउंट के फेर में लिस्ट से बाहर का सामान खरीदने से बचें. शॉपिंग पर जाने से पहले घर से खाना खा कर निकलें. अपने मोबाइल में शॉपिंग एप्स तभी डाउनलोड करें जब वाकई कुछ खरीदना हो. एक सर्वे के मुताबिक महिलाएं इन एप्स के कारण आमदनी का एक बड़ा हिस्सा गंवा देती हैं.

## तुलना में समझदारी

महिलाओं के लिए अक्सर मजाक किया जाता है कि वे एक किलो आलू भी चार दुकान में घूम कर लेती हैं. सच पूछिए तो यह एक अच्छी आदत है और पैसे बचाने का बढ़िया तरीका भी. कुछ भी खरीदने से पहले प्रॉडक्ट्स की तुलना जरूर करें. यह बात इंश्योरेंस, क्रेडिट कार्ड, और इक्विटी म्यूचूअल फंड जैसे लॉन्ग टर्म फाइनैंशल प्रॉडक्ट्स पर भी लागू होता है. यदि आप निकट भविष्य के लिए एक प्रॉडक्ट के साथ बने रहना चाहती हैं तो यह जरूर देख लें कि यह आपके लिए एकदम सही हो. पहली नजर में ही पसंद आने वाले या पहली बार दिखाई देने वाले ऑप्शन पर ही टिकने की भूल न करें.

# छोड़ो बेकार की बातों को

पड़ोसन काम्या के स्टेटस पर पुरी की तस्वीरें देख कर रश्मि का मन भी वहां जाने के लिए मचल गया. ऑफिस से हजबैंड के लौटने पर जब उसने मन की बात कही. छुट्टियां नहीं होने का हवाला मिलने पर काम्या का मूड ऑफ हो गया और फिर पूरे परिवार का माहौल खराब होना तय था. दरअसल दूसरों से तुलना की हमारी आदत कईबार ऐसे ही हमारी जिंदगी में नकारात्मकता बढ़ा देती है. कईबार तो इतनी की हम अपनी जिंदगी ही नहीं जी पाते. औरों की जिंदगी की नकल करने की कोशिश में अपने खूबसूरत पल खुद बर्बाद कर देते.

बेशक औरों से तुलना कई बार हमें बेहतर करने एवं बेहतर बनने के लिए प्रेरित करती है. लेकिन ज्यादातर मामलों में इस तरह की तुलना जिंदगी में नकारात्मकता को ही बढ़ाती है. इस स्थिति से खुद को बाहर निकालना बेहद जरूरी है. इसके लिए आत्मविश्वास और भावनात्मक ताकत से आगे बढ़ना होगा. आइए कुछ ऐसे टिप्स पर करें चर्चा जिससे इस आदत को बदला जा सके-



## डिजिटल डिटॉक्स

जो दौर शुरू हुआ है, उसमें सोशल मीडिया से दूरी बना लेना काफी सुकूनदायक है. यही कारण है कि पूरी दुनिया से बड़ी बड़ी सेलिब्रिटी के भी सोशल मीडिया से दूर बरतने की सूचना हमें समय-समय पर मिलती रहती है. उनका कहना है कि सोशल मीडिया मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा. इससे नकारात्मकता बढ़ रही है. अगर तत्काल ऐसा नहीं कर पाते हैं तब भी एक छोटा सा उपाय अपनाएं. जब भी सोशल मीडिया के कारण तुलना का भाव मन में सिीर उठाता प्रतीत हो, तुरंत मोबाइल को शटडाउन करें और प्राकृतिक वातारण में थोड़ा टहलें. इससे मस्तिष्क में एंडोर्फिन का स्त्राव बढ़ेगा और तनाव दूर होगा.

## ऐसे लोगों से दूरी भली

हमारे आसपास कई ऐसे लोग भी होते हैं जो गाहे-बगाहे अपनी सुपीरियटी का बखान करते हैं और हमारे जीवन में नकारात्मकता घोलते रहते हैं. तुलना इनकी आदत में शुमार होता है. जब ये पुराने राग शुरू कर दें तो उन्हें उसी समय रोक दें. उन्हें विनम्रतापूर्वक दूसरों से तुलना न करने के बारे में समझाएं. अगर उनके व्यवहार में बदलाव न आए तो ऐसे लोगों से दूरी बना लें.

## खुद से करें प्यार

जब हम खुद से प्यार करेंगे तो इन चीजों के लिए हमारे पास वक्त ही नहीं होगा. अपने स्वास्थ्य लाभ के लिए एक्सरसाइज करें. अपने खानपान पर ध्यान दें. कोई फिजिकल एक्टिविटी करें. नियमित योग करें. इससे मन और शरीर के बीच संबंध बढ़ने के साथ ही दूसरों के प्रति कृतज्ञता की भावना भी बढ़ती है. अपने शरीर की देखभाल करने लगेंगे तो नकारात्मक विचारों से बाहर निकलकर स्वयं की अधिक सराहना करना भी सीख जाएंगे.

## गॉसिप से बचें

बेशक गॉसिप करना इन दिनों हल्का-फुल्का मनोरंजन ही है. पर ध्यान रखना चाहिए कि इससे किसी की भावनाएं आहत नहीं होनी चाहिए. दूसरों का मूल्यांकन करना, उसपर नकारात्मक टिप्पणी करना कई बार हमारे मस्तिष्क को तुलना के मोड में ले आता है. यह स्थिति कहीं से सुखद नहीं हो सकती.

# मौसम का तकाजा है

*गुनगुनी धूप, मंद बयार, नीला आसमान...... घूमने-फिरने, त्यौहार, शादी ब्याह के दिन. स्वाद के बहकने-चहकने के दिन ....वाकई सर्दियां कितनी खूबसूरत और हसीन होती हैं. पर मौसम की खूबसूरती जिनसे है, वही कई बार आपकी सुंदरता को परेशां सा करता नजर आता है. टैनिंग, त्वचा-बालों का रूखापन आम समस्या है. आइए, इनसे राहत की करें बात-*

## ऐसा हो ब्यूटी रूटीन

इस मौसम में शरीर में पानी की कमी हो जाती है. इसकारण त्वचा का सूखापन, इचिंग, फटना आदि की समस्या होती है. इसके लिए नहाने से पहले ऑलिव ऑयल या नारियल तेल से शरीर की हल्की मसाज करें. उबटन लगाना चाहें तो जौ के आटे में शहद डाल कर तैयार करें. स्किन ड्राइ है तो इसमें मलाई भी मिला सकती हैं. सोप फ्री बॉडी लोशन का इस्तेमाल भी किया जा सकता है. गर्म पानी की जगह गुनगुने पानी का इस्तेमाल करना चाहिए. नहाने के बाद चेहरे और शरीर पर मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करें. ऑयली स्किन वाले लाइट और वाटर बेस्ड मॉइश्चराइजर मिलते हैं. ड्राई स्किन वाले हेवी मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल कर सकते हैं. शाम को विटामिन ई व सी युक्त क्रीम का इस्तेमाल करें.



## खानपान पर भी रखें ध्यान

अधिक से अधिक मौसमी फलों का सेवन करें. इस मौसम में उपलब्ध अंगूर, अनार, संतरा आदि में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होती है. बेशक चाट, पकौड़े और गोल गप्पे के लिए भी स्वाद इसी मौसम में बहकता है. पर इन सब चीजों से पाचन प्रभावित होता. सर्दियों में तिल, गुड़ और मूंगफली सेवन की परंपरा हमारी तेल की जरूरत को पूरा करती है. चाय कॉफी की अधिक तलब होने पर सूप, ग्रीन टी, शहद-गर्म पानी आदि का सेवन करें.

## धूप में जब निकलें

भले ही गर्मी का मौसम खत्म हो जाए, सन स्क्रीन लगाने की आदत नहीं छोड़नी चाहिए. धूप में बैठिए तो सूरज की तरफ पीठ करके बैठिए. कहीं बाहर घूमने जा रहे हैं तो अच्छी तरह से सन स्क्रीन लगाएं. इसके बावजूद यदि सन टैन की समस्या हो गई हो तो दही, नींबू, बेसन का उबटन लगाएं.

## गुलाबी होंठ की दमक

होंठ फटने की समस्या से निजात के लिए नियमित रूप से सन स्क्रीन युक्त लिप बाम का इस्तेमाल करें. कैस्टर ऑयल होंठों पर नियमित लगाना भी राहत देता है. रात में सोने से पहले नाभि पर सरसो तेल लगाने की सलाह भी कारगर है. होंठ गर फटने से खुरदरे से हो गए हैं तो शहद में जरा से ब्राउन सुगर मिला कर हल्के हाथों से होंठों पर स्क्रब करें. मृत त्वचा हट जाएगी. इसके बाद नारियल तेल, कैस्टर ऑयल या लिप बाम लगा लें.

## स्क्रब को करें नो

इस मौसम में स्क्रब से बचें. वुलेन कपड़े से कई लोगों को एलर्जी हो जाती है. इसलिए बेहतर हो कि गर्म कपडों से पहले भीतर सूती कपड़े की स्लिप पहनें. इससे त्वचा वुलेन कपड़ों के सीधे संपर्क में नहीं आएगी और त्वचा पर रैशेज, खुजली आदि की समस्या से निजात मिलेगी.

## बालों की देखभाल

आमतौर पर हर दूसरे तीसरे दिन बालों में शैंपू कर लेती हैं तो ठंड में ऐसा नहीं करें. ठंड के मौसम में सप्ताह में एक बार या अधिकतम दो बार शैम्पू करें.

# OK NOT OK

## समान इनकम टैक्स स्लैब

करीब 12 साल पहले तक अपने देश में महिलाओं के लिए अलग टैक्स स्लैब था. महिलाओं के इनकम टैक्स पेमेंट में बेसिक एग्जेम्पशन लिमिट पुरुषों की तुलना में थोड़ी अधिक थी. वर्ष 2012-13 में सरकार ने समान इनकम टैक्स स्लैब लागू कर दिया. हमने आर्थिक रूप से सक्षम महिलाओं ने पूछा...




**कावेरी सिन्हा**
फाइन आर्ट आर्टिस्ट

"मैं समान इनकम टैक्स स्लैब की पक्षधर हूं. यदि महिला की आमदनी इतनी है कि उन्हें इनकम टैक्स देना पड़े तो जाहिर है कि वे सम्पन्न परिवारिक पृष्ठभूमि की होंगी. उन्हें आमदनी के अनुकूल टैक्स का भुगतान करना ही चाहिए. उनकी जगह अशिक्षित व पिछड़ी महिलाओं के विकास में सरकार के पैसे खर्च हों."




**स्मिता नारायण**
पीजीटी इकोनॉमिक्स, बीआईटी प्लस टू हाई स्कूल, मेसरा रांची

"वर्तमान समय में कामकाजी महिलाओं की संख्या में काफी वृद्धि हुअर् है. आज हम पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिला कर चल रहे हैं और समानता की बात करते हैं. ऐसे में समान टैक्स स्लैब ही लागू होना चाहिए. पहले कामकाजी महिलाओं की संख्या कम थह तो महिलाओं को प्रोत्साहन देने के लिए एग्जेम्पशन लिमिट अधिक उचित था. पर अब नहीं."




**किरण निशांत**
रिटायर्ड जनरल मैनेजर (कार्मिक), कोल इंडिया

"महिलाओं को हर हाल में टैक्स स्लैब में राहत मिलनी चाहिए. भले आज महिलाएं ऊंचे पदों पर भी आसीन नजर आती हैं, लेकिन संख्या बेहद कम है. दहेज, बलात्कार आदि के कारण उनकी स्थिति समाज में दयनीय है. आज भी वे एक कमजोर और पिछड़ा वर्ग की ही हैं. जैसे अन्य पिछड़े वर्ग को कई तरह की छूट मिलती है, महिलाएं भी इसकी हकदार हैं."




**डॉ ममता कुमारी**
को-ऑर्डिनेटर, वुमेंस स्टडी सेंटर, रांची यूनिवर्सिटी

"महिलाओं का घर से निकल कर आर्थिक स्वतंत्रता प्राप्त करना आज भी आसान नहीं. उनकी आमदनी को घर में प्राथमिक स्रोत नहीं माना जाता है. विवाह, बच्चे का जन्म, पति का स्थानान्तरण, परिवार में किसी की बीमारीकई आधार पर उन्हें अपनी नौकरी छोड़ने को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर विवश किया जाता है. तमाम कानून के बावजूद आज भी प्रॉपर्टी पर हक ना के बराबर है. ऐसे में टैक्स स्लैब में छूट उनके लिए जरूरी है."





**शालिनी नायक**
हेल्थ एजुकेटर, स्वास्थ्य विभाग, झारखंड

"टैक्स स्लैब में वर्ष 2012 से पहले जो छूट मिल रही थी, वह महिलाओं को कहीं न कहीं नौकरी करने के लिए प्रोत्साहित करती थीं. महिलाओं पर दोहरी जिम्मेदारी होती हैं. वे कार्यस्थल तक बहुत संघर्ष के बाद पहुंच पाती हैं.इसलिए उन्हें टैक्स स्लैब में छूट देकर प्रोत्साहन देना चाहिए."




**पूनम निश्चल**
शिक्षिका, केवी, हीनू

"महिलाओं को टैक्स स्लैब में राहत मिलनी चाहिए. शादी या मां बनने के बाद कई महिलाएं वापस कार्यस्थल पर नहीं पहुंचती. टैक्स स्लैब में राहत मिलने से ऐसी महिलाएं भी वापसी के लिए प्रोत्साहित होंगी. वर्किंग महिलाओं में कई सिंगल मदर भी हैं. ऐसे भी कामकाजी महिलाओं के हिस्से कामकाजी पुरुषों की तुलना में संघर्ष अधिक है."




**इंदू प्रसाद**
प्लस टू टीचर, बायोलॉजी एसआर डीएवी

"आज भी महिलाओं का प्रतिशत प्रबंधकीय या प्रशासनिक पदों पर कम है. संभवतः शिक्षा के कम अवसर मिलने की वजह से. ऐसे विशेष प्रावधान उन्हें और उनके परिजनों को पढ़ने-पढ़ाने के लिए प्रेरित करेंगे जो अच्छे समाज के निर्माण में सहायक होगा. महिलाएं परिवार में प्राथमिकता के अनुसार खर्च करती हैं. महिलाओं के हाथ में अधिक पैसे देकर उनकी भावना और प्रयास को सकारात्मक सहयोग दे सकते हैं."

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी




# पुणे के दीघि हिल्स में बॉम्बे सैपर्स का जलवा

भाषा ।पुणे

पुणे के दीघि हिल्स में मंगलवार को बॉम्बे सैपर्स का जलवा दिखा. यह आकर्षक नजारा तब देखने को मिला, जब तेज गति से विमान ने बॉम्बे सैपर्स के कई सेवारत और अनुभवी कर्मियों को काफी ऊंचाई से पैराशूट के साथ छोड़ा. यह आयोजन बॉम्बे सैपर्स के युद्ध स्मारक के 100 पूरे होने के मौके पर किया गया. बता दें कि बॉम्बे सैपर्स का 200 वर्षों का गौरवशाली इतिहास रहा है. इसे भारतीय सेना के 'बॉम्बे इंजीनियरिंग ग्रुप' के नाम से भी जाना जाता है. मंगलवार को पुणे की दीघि हिल्स में आकर्षक नजारा देखने को मिला, जब तेज गति से विमान ने बॉम्बे सैपर्स के कई सेवारत और अनुभवी कर्मियों को काफी ऊंचाई से पैराशूट के साथ छोड़ा. यह आयोजन बॉम्बे सैपर्स के युद्ध स्मारक के 100 पूरे होने के मौके पर किया गया. एलीट 411 (इंडिपेंडेंट) पैरा फील्ड कंपनी के सौ से ज्यादा पैराट्रूपर्स ने फ्री फॉल जंप किया.





## ब्रीफ खबरें

### मुंबई ओपन टेनिस पांच से 11 फरवरी तक

**मुंबई।** मुंबई ओपन टेनिस चैंपियनशिप में 31 देशों के खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे, जिसका आयोजन छह साल के अंतराल के बाद यहां पांच से 11 फरवरी तक होगा. इसका आयोजन क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया (ब्रेबॉर्न स्टेडियम) में नव-निर्मित टेनिस कोर्ट में होगा. क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया, महाराष्ट्र राज्य लॉन टेनिस संघ (एमएसएलटीए) के साथ इस कार्यक्रम का सह-आयोजक है. मुंबई ओपन के तीसरे सत्र में एकल वर्ग में शीर्ष 100 रैंकिंग में शामिल तीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जबकि युगल वर्ग में शीर्ष 100 में शामिल छह खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे. यह टूर्नामेंट 'डब्ल्यूटीए 1,25,000 डॉलर' सीरीज का हिस्सा है.

### यानिक सिनेर के ऑस्ट्रेलियाई ओपन

**वेटिकन सिटी।** पिछले करीब पचास साल में ग्रैंडस्लैम जीतने वाले इटली के पहले टेनिस खिलाड़ी बने यानिक सिनेर के आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन बनने पर पोप फ्रांसिस ने देश को बधाई दी है. सिनेर ने रविवार को दानिल मेदवेदेव को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता था. पोप ने रीयाल क्लब डे टेनिस बार्सीलोना से बातचीत में कहा, हम आज इटली को बधाई देते हैं, क्योंकि उसने आस्ट्रेलिया में जीत दर्ज की है. उन्होंने कहा, जीवन की तरह ही टेनिस में भी हम हमेशा जीत नहीं सकते, लेकिन खेल भावना से खेलना जरूरी है. खेल का मतलब सिर्फ प्रतिस्पर्धा या जीतना नहीं बल्कि रिश्ते बनाना भी है. आखिरी बार 1976 में इटली के एड्रियानो पानाता ने खिताब जीता था.

## पाकिस्तान में भारतीय डेविस कप टीम

# यह ऐतिहासिक मुकाबला है...

भाषा।इस्लामाबाद

पिछले एक दशक में अंतरराष्ट्रीय खेलों की मेजबानी नहीं मिलना का पाकिस्तान को काफी नुकसान हुआ है और अब टेनिस जगत को उम्मीद है कि भारतीय डेविस कप टीम के इस 'ऐतिहासिक मुकाबले' के लिए आने से देश में खेलों को बढावा मिलेगा और दर्शकों की रुचि जगेगी. आखिरी बार भारतीय डेविस कप टीम 1964 में पाकिस्तान आई थी. अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) इस साल भी टीम भेजना नहीं चाहता था, लेकिन आईटीएफ ने उसकी अपील खारिज करके साफ तौर पर कहा कि यह मानने का कोई कारण नहीं है कि भारतीय खिलाड़ियों को पाकिस्तान में सुरक्षा संबंधी कोई मसला होगा.

लाहौर में मार्च 2009 में श्रीलंकाई क्रिकेट टीम की बस पर हमले के बाद से पाकिस्तान में खेल गतिविधियां बाधित है. पाकिस्तान को विश्व स्तरीय टूर्नामेंटों की मेजबानी नहीं मिल रही है. पाकिस्तानी टेनिस महासंघ जूनियर आईटीएफ या सीनियर पुरुष फ्यूचर टूर्नामेंटों की भी मेजबानी नहीं कर सका है. महिला टीम का कोई टूर्नामेंट नहीं हुआ और 2017 के बाद से डेविस कप टीम भी यहां नहीं आई है. इससे पाकिस्तान टेनिस को काफी नुकसान हुआ है, जो लोकप्रियता में क्रिकेट के आसपास भी नहीं है. कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को खेल छोड़ना पड़ गया. हालात 2017 से बदलने शुरू हुए जब ईरान ने इस्लामाबाद टीम भेजी और 2021 में जापानी टीम पाकिस्तान आई. ऐसाम उल हक कुरैशी और अकील खान जैसे पाकिस्तान के शीर्ष खिलाड़ी इस मुकाबले को लेकर काफी उत्साहित हैं. उन्हें उम्मीद है कि इसके बाद भारतीय क्रिकेट टीम के भी पाकिस्तान आने का रास्ता खुलेगा. एटीपी टूर पर खेलने वाले पाकिस्तान के एकमात्र खिलाड़ी ऐसाम ने कहा, हम काफी रोमांचित और खुश हैं कि आखिर डेविस कप यहां हो रहा है. मेरा हमेशा से मानना रहा है कि हमें राजनीति, धर्म और संस्कृति को खेलों से अलग रखना चाहिए. यही खेल की खूबसूरती है. उन्होंने कहा, यह ऐतिहासिक मुकाबला है. मैं इसे लेकर काफी रोमांचित हूं. इससे पाकिस्तान में टेनिस को बढ़ावा मिलेगा. इसे लेकर काफी हाइप बन गई है. यहां सुरक्षा का कोई मसला नहीं है.

**भारतीय क्रिकेट टीम भी यहां आए :** ऐसाम ने कहा, मुझे खुशी होगी अगर डेविस कप मुकाबले के बाद भारतीय क्रिकेट टीम भी यहां आये और हमें भारत-पाकिस्तान क्रिकेट देखने को मिले. ईंशाअल्लाह, यह मुकाबला यादगार होगा.

राष्ट्रीय विकास निदेशक और पाकिस्तानी राष्ट्रीय टेनिस सेंटर के मुख्य कोच असीम शफीक ने कहा, 2018 में हमारे पास 2000 से कम जूनियर खिलाड़ी थे. अंतरराष्ट्रीय टेनिस फिर शुरू होने के बाद यह आंकड़ा 50000 पार कर गया और अब चुनौती उन्हें बरकरार रखने की है. पाकिस्तान में सार्वजनिक टेनिस कोर्ट नहीं है. उन्होंने कहा, पाकिस्तान में टेनिस खेलने के लिए जिमखाना या क्लब का सदस्य होना पड़ता है जबकि भारत में खिलाड़ी पैसे देकर कोर्ट बुक करके खेल सकते हैं. इन रजिस्टर्ड खिलाड़ियों में से दस प्रतिशत ही सदस्यता ले सकते हैं.



*भारतीय डेविस कप टीम के इस 'ऐतिहासिक मुकाबले' के लिए आने से देश में खेलों को बढावा मिलेगा और दर्शकों की रुचि जगेगी. आखिरी बार भारतीय डेविस कप टीम 1964 में पाकिस्तान आई थी.*

## पाकिस्तान के खिलाफ गैर खिलाड़ी कप्तान की भूमिका भी निभाएंगे जीशान: एआईटीए

**इस्लामाबाद ।** रोहित राजपाल के निजी कारणों से राष्ट्रीय डेविस कप टीम के साथ नहीं आने के कारण भारतीय टेनिस कोच जीशान अली पाकिस्तान के खिलाफ यहां दो और तीन फरवरी को होने वाले ऐतिहासिक मुकाबले में गैर खिलाड़ी कप्तान की भूमिका भी निभाएंगे. एआईटीए के सचिव अनिल धूपर ने पीटीआई को इसकी पुष्टि की. पता चला है कि राजपाल परिवार के सदस्य के बीमार होने के कारण पाकिस्तान नहीं आ पाए. धूपर ने मंगलवार को यहां 'पीटीआई' से कहा, हमारे गैर खिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल निजी कारणों से टीम के साथ यात्रा नहीं कर पाए. मुझे यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि हमने बेहद सीनियर खिलाड़ी जीशान अली को आज टीम का कप्तान नियुक्त किया है. उन्होंने कहा, वह (जीशान) इस मुकाबले के लिए कप्तान होंगे और हमें विश्वास है कि भारत उनकी कप्तानी में पाकिस्तान में ठोस प्रदर्शन करेगा. भारतीय डेविस कप टीम 60 साल में पहली बार पाकिस्तान का दौरा कर रही है. भारत के 10 सदस्यीय दल में पांच खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ और कोच शामिल हैं, जो विश्व ग्रुप एक प्ले ऑफ मुकाबले के लिए सोमवार को यहां पहुंचे. यह मुकाबला तीन और चार फरवरी को पाकिस्तान खेल परिसर के ग्रास कोर्ट पर खेला जाएगा. भारतीय डेविस कप टीम पिछली बार 1964 में पाकिस्तान दौरे पर आई थी और तब लाहौर में मेहमान टीम ने 4-0 से जीत दर्ज की थी. भारत को 2019 में भी पाकिस्तान का दौरा करना था लेकिन दोनों देशों के बीच राजनयिक तनाव का हवाला देकर एआईटीए इस मुकाबले को तटस्थ स्थल कजाखस्तान में स्थानांतरित कराने में सफल रहा था. ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे देश के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल और पिछले महीने मुकाबले से हटने वाले शशिकुमार मुकुंद की गैरमौजूदगी में दुनिया के 463वें नंबर के खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन भारतीय दल की अगुआई करेंगे.

> *धूपर ने कहा, हमारे गैर खिलाड़ी कप्तान रोहित राजपाल निजी कारणों से टीम के साथ यात्रा नहीं कर पाए. मुझे यह सूचित करते हुए खुशी हो रही है कि हमने बेहद सीनियर खिलाड़ी जीशान अली को आज टीम का कप्तान नियुक्त किया है.*

## दीप्ति शर्मा टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

भाषा ।दुबई



भारत की दीप्ति शर्मा एक पायदान चढकर आईसीसी महिला टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में मंगलवार को संयुक्त दूसरे स्थान पर पहुंच गई, जबकि उनकी हमवतन रेणुका सिंह भी दसवें स्थान पर पहुंच गई हैं. दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा तीन पायदान गिरकर दूसरे से पांचवें स्थान पर खिसक गई. दीप्ति के साथ पाकिस्तान की सादिया इकबाल दूसरे स्थान पर है जबकि इंग्लैंड की सारा ग्लेन चौथे स्थान पर है. इंग्लैंड की स्पिनर सोफी एक्सेलेटन शीर्ष पर बनी हुई है. हरफनमौलाओं की सूची में शीर्ष दस में कोई बदलाव नहीं है. इसमें दीप्ति चौथे स्थान पर बनी हुई हैं. बल्लेबाजों में भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना चौथे, जेमिमा रौड्रिग्स 13वें, शेफाली वर्मा 16वें और हरमनप्रीत कौर 17वें स्थान पर है. ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी शीर्ष पर हैं जबकि उनकी हमवतन ताहलिया मैकग्रा दूसरे स्थान पर हैं.

## बाईचुंग भूटिया ने एआईएफएफ अध्यक्ष चौबे का इस्तीफा मांगा

भाषा।नयी दिल्ली



पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया ने महासचिव के रूप में शाजी प्रभाकरन की बर्खास्तगी के बाद देश में फुटबॉल के प्रशासन में मौजूदा अव्यवस्था के लिए अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे को जिम्मेदार ठहराते हुए मंगलवार को उनके इस्तीफे की मांग की. भूटिया ने मंगलवार को एआईएफएफ की कार्यकारी समिति की बैठक में हिस्सा लिया जिसे सात नवंबर को प्रभाकरन की बर्खास्तगी पर चर्चा करने के लिए बुलाया गया था. प्रभाकरन को शुरुआत में बैठक में नहीं बुलाया गया था लेकिन वह बाद में वर्चुअल रूप से इसमें शामिल हुए. भूटिया ने पीटीआई से कहा, मैंने कार्यकारी समिति से कहा कि कल्याण चौबे और कोषाध्यक्ष किपा अजय को भी इस्तीफा देना चाहिए. सिर्फ शाजी प्रभाकरन को बलि का बकरा नहीं बनाया जाना चाहिए. कार्यकारी समिति की स्वीकृति के बिना फैसले करने के लिए ये तीनों बराबर जिम्मेदार थे.

# अक्षदीप ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा

भाषा।चंडीगढ़



**खास बातें**

- रेसवॉकर ने पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया है
- राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा में रिकॉर्ड तोड़ा

पेरिस ओलंपिक के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुके पंजाब के अक्षदीप सिंह ने राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा में मंगलवार को पुरुषों के 20 किलोमीटर वर्ग में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा. रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा 2023 जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले अक्षदीप ने एक घंटे 19 मिनट 38 सेकंड का समय निकालकर एक घंटे 19 मिनट 55 सेकंड का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा. उत्तराखंड के सूरज पंवार दूसरे स्थान पर रहे, जिन्होंने पेरिस ओलंपिक का एक घंटे 20 मिनट 10 सेकंड का क्वालीफाइंग मार्क पार किया. उन्होंने एक घंटे 19 मिनट 43 सेकंड का समय निकाला. वह पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की पैदल चाल के लिए क्वालीफाई करने वाले चौथे भारतीय हैं. प्रेमजीत सिंह बिष्ट और विकास सिंह भी क्वालीफाई कर चुके हैं. एक देश से तीन ही खिलाड़ी ट्रैक और फील्ड की व्यक्तिगत स्पर्धा में भाग ले सकते हैं और अब भारतीय एथलेटिक्स संघ को तय करना है कि इन चारों में से कौन पेरिस जायेगा.

### ईराक को हराकर जॉर्डन क्वार्टर फाइनल में

**अल रेयान (कतर) ।** ऐमैन हुसैन को आखिरी क्षणों में मैदान से जाना पड़ा और दस खिलाड़ियों तक सिमटे ईराक को 3-2 से हराकर जोर्डन ने एशियाई कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया. हुसैन को दूसरा गोल करने के बाद अति उत्साहित होकर जश्न मनाने के कारण दूसरा पीला कार्ड दिखाया गया. हुसैन ने 76वें मिनट में गोल दागा. अतिरिक्त समय के पांचवें मिनट में याजान अल अरब ने बराबरी का गोल किया.. जॉर्डन के लिए पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में याजान अल नेमत ने गोल किया था. ईराक के लिए 68वें मिनट में सऊद नातिक ने बराबरी का गोल दागा.

# दिव्या ने दर्शकों पर लिंगभेद का आरोप लगाया

भाषा।नयी दिल्ली



**खास बातें**

- नीदरलैंड के विज्क आन जी में टूर्नामेंट के दौरान हुआ वाकया
- नागपुर की 18 वर्षीया खिलाड़ी ने पूरा ब्यौरा दिया है

भारतीय शतरंज खिलाड़ी दिव्या देशमुख ने आरोप लगाया है कि हाल ही में नीदरलैंड के विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान दर्शकों की ओर से लिंगभेद का सामना करना पड़ा. दर्शकों का फोकस उनके बाल, कपड़े और लहजे जैसी गैर जरूरी बातों पर था. नागपुर की 18 वर्ष की अंतरराष्ट्रीय मास्टर ने सोशल मीडिया पर लंबी पोस्ट में अपने इस खराब अनुभव का ब्यौरा दिया है. उन्होंने लिखा, मैं काफी समय से इस पर बोलना चाहती थी लेकिन टूर्नामेंट खत्म होने का इंतजार कर रही थी. मैंने देखा है कि शतरंज में दर्शक महिला खिलाड़ियों को बहुत हलके में लेते हैं. उन्होंने आगे लिखा, हाल ही में मैंने खुद यह अनुभव किया. मैंने कुछ मैचों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया, जिस पर मुझे गर्व है. मुझे लोगों ने बताया कि दर्शकों का ध्यान मेरे खेल पर था ही नहीं बल्कि बाकी गैर जरूरी चीजों जैसे मेरे कपड़े, बाल, लहजे पर था. देशमुख चैलेंजर श्रेणी में 4-5 स्कोर करके 12वें स्थान पर रही.

उन्होंने कहा कि पुरुष खिलाड़ियों को उनके खेल के लिये जाना जाता है, जबकि महिलाओं के मामले में उलटा है. उन्होंने कहा, मैं इससे काफी दुखी थी. यह काफी दुखद है कि जब महिला शतरंज खेलती है तो वह कितना भी अच्छा खेले, लोग खेल पर ध्यान नहीं देते. महिला खिलाड़ियों को रोजाना इसका सामना करना पड़ता है और मैं तो 18 साल की ही हूं. मैंने इतने साल तक ऐसी ही गैर जरूरी चीजों पर यह सब झेला है.

## टेस्ट मैच

### इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट में मिली हार के बाद श्रृंखला में वापसी जरूरी है

# राहुल-जडेजा की चोटों ने बढ़ायी चयनकर्ताओं की मुश्किलें

भाषा।नयी दिल्ली



**पारी की शुरुआत गिल व यशस्वी को करनी चाहिए**

रजत पाटीदार को राहुल की जगह और जडेजा की जगह कुलदीप को उतारा जा सकता है. हमें इंग्लैंड की नकल करके चार स्पिनरों को उतारने की जरूरत नहीं है. अपनी धरती पर दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर हमारी ताकत रहे हैं. हमें उसी पर अडिग रहना चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि पारी की शुरुआत शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल को करनी चाहिए और रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए.

रविंद्र जडेजा और केएल राहुल को अचानक लगी चोटों से भारतीय टीम के सामने चयन की दुविधा पैदा हो गई है, जिसे इंग्लैंड के हाथों पहले टेस्ट में मिली हार के बाद श्रृंखला में वापसी करनी है. जडेजा और राहुल ने हैदराबाद टेस्ट में पहली पारी में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में शानदार खेल दिखाकर वापसी की. जडेजा को हैमस्ट्रिंग की चोट लगी है, जबकि राहुल को दाहिने जांघ की मांसपेशी में दर्द है. हरफनमौला जडेजा की कमी पूरी कर पाना किसी के लिये भी मुश्किल है और राहुल सितंबर में सर्जरी के बाद वापसी से वनडे और टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजी की धुरी रहे हैं. विराट कोहली निजी कारणों से पहले दो टेस्ट से वैसे भी बाहर हैं. लिहाजा शुक्रवार से विशाखापत्तनम में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में भारत के सामने कई चुनौतियां होंगी. चयनकर्ताओं ने सरफराज खान, सौरभ कुमार और वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया है. रजत पाटीदार हैदराबाद में भारत की 15 सदस्यीय टीम में थे. वह मध्यक्रम में राहुल की जगह ले सकते हैं, जबकि जडेजा की जगह कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है. भारतीय टीम चार स्पिनरों और एक तेज गेंदबाज के साथ भी उतर सकती है, जैसा इंग्लैंड ने पहले टेस्ट में किया था. ऐसे में मोहम्मद सिराज पर कुलदीप को तरजीह मिलेगी ताकि सरफराज या वॉशिंगटन को मध्यक्रम में उतारा जा सके. जडेजा की ही तरह सौरभ बायें हाथ के स्पिनर हैं और प्रथम श्रेणी क्रिकेट में शतक भी लगा चुके हैं. हैदराबाद के एसीए वीडीसीए स्टेडियम पर अब तक दो टेस्ट खेले गए हैं और पिच बल्लेबाजों की मददगार रहती है. भारत ने 2019 में इस मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 502 रन बनाये थे. रोहित ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर पहली पारी में 176 रन जोड़े थे.

# क्वार्टर फाइनल में हारा भारत

**एफआईएच हॉकी-5**

भाषा।मस्कट



मोहम्मद राहील की हैट्रिक के बावजूद भारत को एफआईएच हॉकी-5 पुरुष विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में मंगलवार को नीदरलैंड ने 7-4 से हरा दिया. राहील (पहला, सातवां और 25वां मिनट) के अलावा मनदीप मोर (11वां मिनट) ने भारत के लिए गोल दागे. नीदरलैंड के लिये सैंडर डे विज्न (चौथा और 15वां) और अलेक्जेंडर शॉप (10वां और 26वां) ने दो गाल किये, जबकि लुकास मिडेनडोर्प (12वां), जैमी वान आर्ट (13वां) और पेपिन रेयेंगा (20वां) ने एक-एक गोल किया. मैच की शुरुआत काफी अच्छी रही और भारत के लिए राहील ने पहले ही मिनट में गोल दागा. इसके बाद नीदरलैंड को सैंडर ने बराबरी दिलाई. भारत ने जवाबी हमले तेज किये और सातवें मिनट में राहील ने दूसरा गोल दाग दिया.

इसे शॉप ने दसवें मिनट में उतारा. मनदीप ने अगले मिनट भारत को फिर बढ़त दिलाई. नीदरलैंड ने तेजी से मिले बोलना जारी रखा, जिसमें मिडेनडोर्प और वान आर्ट ने गोल दाग दिये. हाफटाइम से ठीक पहले सैंडर ने दूसरा गोल करके नीदरलैंड को अच्छी बढ़त दिला दी. दूसरे हाफ में रेयेंगा और शॉप ने बढ़त में इजाफा किया. राहील ने 25वें मिनट में हैट्रिक पूरी की लेकिन भारत को जीत नहीं दिला सके. अब भारत का सामना पांचवें से आठवें स्थान के मुकाबले में कीनिया से होगा.

## ब्रीफ खबरें

### ईंट से कुचलकर युवक की निर्मम हत्या

**मोतिहारी।** मोतिहारी में ईंट से कुचलकर युवक की निर्मम हत्या कर दी गयी है. सरेह में युवक का शव देख सनसनी फ़ैल गयी. युवक के शव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ उमड़ गयी. सूचना पर पुलिस पहुंचकर शव को बरामद कर कार्रवाई में जुट गई. घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को लोगों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ा. मृतक युवक की पहचान चकिया थाना क्षेत्र के शीतलपुर छावनी गांव के हेमराज कुमार के रूप में किया गया. मृतक युवक सब्जी का कारोबारी बताया जा रहा है.

### एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर विद्यार्थियों ने किया हंगामा

**बेतिया।** पश्चिम चम्पारण के बगहा पुलिस जिला के राजकीय उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय नैनहा पिपरासी प्रखंड के तीन दर्जन से अधिक बच्चों और बच्चियों ने मैट्रिक के प्रवेश पत्र नहीं आने को लेकर बेतिया समाहरणालय में आकर जिला के वरीय अधिकारियों का घेराव किया. बेतिया सदर एसडीएम, डीडीसी और जिला पदाधिकारी को बच्चों ने घेरा और अपनी आपबीती बताई. विद्यालय के दीपक व सम्या ने बताया कि हमने समय पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक को फार्म भरवाया और 1700-1700 रुपया भी जमा किया था. लेकिन 14 फरवरी से होने वाली मैट्रिक की परीक्षा का हम लोग का एडमिट कार्ड नहीं आया.

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर नहीं मिलता भोजन : ग्रामीण

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर प्रखंड के छतौना पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों का हाल बुरा है. ठंड को देखते हुए विभाग ने पोषक क्षेत्र के नामांकित बच्चों को घर तक भोजन पहुंचाने का निर्देश जारी किया है लेकिन कुछ केंद्रों को छोड़ दें कि किसी भी केंद्र पर लंबे समय से चूल्हा तक नहीं जला है. ग्रामीणों की लगातार मिल रही शिकायत को देखते हुए पंचातय के सरपंच किशोरी पासवान ने पंचायत के उप मुखिया कोमल देवी को सभी केंद्रों की जांच कर रिपोर्ट देने को कहा, जिसके बाद उपमुखिया कोमल देवी ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्रों का मंगलवार को औचक निरीक्षण किया.

केंद्रीय जांच एजेंसी ने 19 को लालू व तेजस्वी यादव से पूछताछ के लिए समन जारी किया था

# तेजस्वी से ईडी ने की 8 घंटे पूछताछ

संवाददाता। पटना

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव से रेलवे में कथित नौकरी के बदले भूखंड घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पटना स्थित कार्यालय में 8 घंटे से ज्यादा पूछताछ हुई. ईडी अधिकारियों ने बताया कि बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री मंगलवार सुबह करीब 11.35 बजे ईडी कार्यालय परिसर में दाखिल हुए. उनसे पूछताछ शुरू हो गई है. इसी मामले में उनके पिता और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद से ईडी के अधिकारियों ने यहां अपने कार्यालय में सोमवार को नौ घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी.

केंद्रीय जांच एजेंसी ने 19 जनवरी को लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी यादव से पूछताछ के लिए नया समन जारी किया था. इस मामले में राजद के दोनों नेताओं से पूछताछ के लिए दिल्ली से ईडी अधिकारियों की एक टीम रविवार को पटना पहुंची थी. राजद ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर देश में विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का मंगलवार को आरोप लगाया.



**बढ़ी मुश्किलें**

- तेजस्वी मंगलवार करीब 11.35 बजे ईडी कार्यालय आए
- दिल्ली से ईडी की एक टीम रविवार को पटना पहुंची थी
- झा का दावा है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व विपक्ष से डरता है

**दिल्ली के शासक डरे हुए हैं : झा**

राजद सांसद मनोज झा ने आरोप लगाया कि भाजपा ईडी, सीबीआई और आईटी विभाग का इस्तेमाल उन लोगों के खिलाफ करती है जिनसे वे डरते हैं. उन्होंने आरोप लगाया, यह स्पष्ट है कि दिल्ली के शासक अभी डरे हुए हैं और इसीलिए वे (विपक्षी दलों को) तोड़ने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रहे हैं. झा ने दावा किया कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व विपक्ष से डरता है. इसी तरह के विचार व्यक्त करते हुए राजद के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) शक्ति सिंह यादव ने आरोप लगाया, भाजपा नेता 2024 के लोकसभा चुनाव से डरते हैं. यह सर्वविदित तथ्य है कि तेजस्वी यादव उस समय नाबालिग थे.

### शेर अब घोटालेबाज व बहानेबाज हो गया है : हरि मांझी

नौकरी के बदले जमीन घोटाला में लालू यादव और तेजस्वी यादव से प्रवर्त्तन निदेशालय की हो रही पूछताछ में सियासी तंज भी जोरदार से जारी है. सोमवार को लालू और मंगलवार को तेजस्वी से हुई पूछताछ के बाद लालू यादव की बेटी रोहिणी आचार्य ने लालू को शेर बताकर भाजपा को निशाने पर लिया. रोहिणी ने पिता को शेर बताया तो भाजपा की ओर से जोरदार पलटवार किया गया. भाजपा के पूर्व लोकसभा सांसद हरि मांझी ने सोशल मीडिया पर लालू परिवार को घेरा. उन्होंने कई सवाल दागते हुए लालू परिवार को घोटालेबाज बताया. साथ ही चुटीले तरीके से लालू यादव की बेटी रोहिणी पर पलटवार किया है. हरि मांझी ने लिखा है, 'पहले घोटाला करो, और जब पूछताछ के लिये बुलाया जाए तो मुहावरा लिखना शुरू कर दो शेर डरता नहीं, शेर झुकता नहीं, शेर चल नहीं पाता शेर ख़ुद से खा नहीं पाता, किसी को ये शेरनी बेटी छोड़ेगी नहीं आदि आदि. वहीं कुछ पहले तक तथाकथित शेर राजनीतिक मीटिंग कर रहा था, बैडमिंटन खेल रहा था. वहीं पड़ोसी राज्य का तथाकथित शेर मुख्यमंत्री होकर लापता है, अब वो शेर के बारे में लिखा जाएगा आदिवासी है. इसलिए ईडी तंग कर रही है. कुल मिलाकर शेर अब घोटालेबाज़ और बहानेबाज़ हो गया है. आख़िर ये शेर घोटाला करते ही क्यूं है? पूर्व भाजपा सांसद ने याद दिलाया कि खुद लालू यादव बैडमिंटन खेलते हुए वीडियो पोस्ट किए थे. इतना ही नहीं लालू यादव ने इंडिया गठबंधन की बैठक में बेंगलुरु, मुंबई आदि शहरों में जाकर राजनीतिक बैठक की थी. उन्होंने सवाल उठाया है कि उस समय लालू फिट थे लेकिन जब ईडी ने पूछताछ के लिए बुलाया तो बीमारी की बात रहे हैं. वे व्हीलचेयर पर चल रहे हैं. दरअसल, बिहार में पहले सत्ता गई और अब 'भ्रष्टाचार' आरोपों में घिरे तेजस्वी यादव पर प्रवर्त्तन निदेशालय ने शिकंजा कस दिया है. रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाले में घिरे तेजस्वी यादव मंगलवार को पूछताछ के लिए ईडी दफ्तर पहुंचे.

### महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बिहार के सीएम नीतीश के साथ उपमुख्यमंत्री सम्राट और विजय कुमार सिन्हा.



राहुल गांधी ने मंगलवार को अररिया जिले में शहीद दिवस पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के शिविर स्थल पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की.

रेलवे लोको पायलट में सीटों को लेकर जमकर किया विरोध

# अभ्यर्थियों ने सड़कों पर किया हंगामा

संवाददाता। पटना

एक तरफ लंबे समय बाद रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा लोको पायलट के रिक्त सीटों को भरने के लिए वेकेंसी निकाली गई है. वहीं दूसरी इस वेकेंसी को लेकर विरोध शुरू हो गया है. लंबे समय से रेलवे में नौकरी की तैयारी में लगे अभ्यर्थियों ने वेकेंसी को लेकर पटना की सड़कों पर जमकर बवाल किया है. जिसके बाद हंगामे को रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल को उतारा गया. हंगामा करनेवाले अभ्यर्थियों का कहना है कि रेलवे द्वारा लोको पायलट के लिए सिर्फ 5600 सीटों पर बहाली निकाली गई है, जो पर्याप्त नहीं है. लंबे समय बाद लोको पायलट के लिए वेकेंसी निकाली गई है. ऐसे में बहाली 5600 की जगह 70 हजार से अधिक पदों पर होनी चाहिए थी. अभ्यर्थियों का कहना था कि



लाखों की संख्या में अभ्यर्थी लोको पायलट बनने के लिए तैयारी कर रहे थे. ऐसे में इतनी कम संख्या में वेकेंसी निकालना सही नहीं है. खुद रेलवे बोर्ड ने बताया था कि उनके पास 20 हजार से ज्यादा सीटें खाली है. अभ्यर्थियों का कहना है कि रेलवे का निजीकरण किया जा रहा है. इसलिए कम सीटों पर वेकेंसी निकाली गई है. अभ्यर्थियों की नाराजगी परीक्षा की तारीख को लेकर भी है. उनका कहना है कि अचानक रेलवे ने वेकेंसी निकाली और तुरंत परीक्षा की तारीख भी घोषित कर दी. साथ ही उम्र सीमा को लेकर कई गड़बड़ी है. जिसको लेकर अभ्यर्थियों में नाराजगी है. रेलवे वेकेंसी को लेकर हजारों की संख्या में अभ्यर्थियों ने गांधी मैदान इलाके में सड़क पर प्रदर्शन जुलूस निकाला. स्थिति ऐसी उत्पन्न हो गई कि उन्हें नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल को उतारना पड़ा.

### 29 पुलिस इंस्पेक्टर समेत 88 अफसर रिलीव हुए

**नवादा।** जिले से स्थानांतरित 29 पुलिस इंस्पेक्टर समेत 88 पुलिस अफसरों को विरमित (रिलीव) करने का आदेश जारी कर दिया गया है. विरमित किये गये अफसरों में 59 सब इंस्पेक्टर शामिल हैं. नवादा के एसपी अम्बरीष राहुल द्वारा जारी आदेश के मुताबिक सभी पुलिस अफसरों को 01 फरवरी 2024 से स्थानांतरित जिले अथवा इकाई में योगदान के लिए विरमित कर दिया गया है. इन अफसरों को नव पदस्थापन वाले जिलों अथवा इकाई में 05 फरवरी तक निश्चित रूप से योगदान कर लेने का आदेश दिया गया है. बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन विभाग से जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश पर पुलिस मुख्यालय स्तर अथवा आईजी स्तर पर गठित कमेटियों की अनुशंसा पर इनका स्थानांतरण किया गया था. इनमें से अधिकांश पुलिस अफसर क्षेत्रांतर्गत निर्धारित अवधि पूर्ण कर चुके हैं.

## मोदी सरकार किसानों का भरोसा खो चुकी है: राहुल

भाषा। पूर्णिया

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर ''किसानों का विश्वास खो देने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी सत्ता में आने पर इसे वापस हासिल करने की कोशिश करेगी. गांधी ने बिहार के पूर्णिया जिले में किसानों के साथ बातचीत के दौरान उन्हें यह आश्वासन दिया. उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा राज्य में प्रवेश के एक दिन बाद आज पूर्णियां पहुंची. राज्य के किसानों और मजदूरों के बीच पीढ़ियों से लोकप्रिय रहे गमछा को अपने सिर पर लपेटे गांधी ने कहा कि मोदी सरकार किसानों की चिंताओं को दूर करने में विफल रही है. दरअसल, उसने उनका भरोसा खो दिया है. मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि आप हमें एक मौका दें और हम आपका



विश्वास दोबारा जीतने की कोशिश करेंगे. तालियों की गडगडाहट के बीच गांधी ने कहा कि कृपया ध्यान दें कि ये खोखले शब्द नहीं हैं. हमारा पिछला रिकॉर्ड अपने बारे में बोलता है. हम किसान हितैषी भूमि अधिग्रहण बिल लाए. हमने 72,000 करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया और छत्तीसगढ़ और राजस्थान जैसे राज्यों में, जहां कांग्रेस हाल तक सत्ता में थी, हमने सुनिश्चित किया कि किसानों को उनकी उपज के लिए पर्याप्त कीमत मिले.

### बदमाशों ने लूट की दो घटनाओं को दिया अंजाम

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में बेख़ौफ़ अपराधियों का तांडव एक बार फिर देखने को मिला है. जहां अपराधियों ने महज कुछ ही समय के अंतराल पर एक ही थाना क्षेत्र में दो जगह लूट की घटना को अंजाम दिया. वहीं विरोध करने पर सीएसपी संचालक को अपराधियों ने गोली मार दी. मामला मुजफ्फरपुर के करजा थाना क्षेत्र का है. जहां बेखौफ अपराधियों ने थाना क्षेत्र के अलग अलग जगह पर महज कुछ की समय के अंतराल पर दो लूटपाट की घटना को अंजाम दिया. जहां लूटपाट करने के विरोध में एक व्यक्ति को गोली मार दी. जिसे इलाज के लिए स्थानीय पीएचसी में भर्ती करवाया गया. बताया गया की पहली घटना करजा थाना क्षेत्र के चैनपुर के समीप की है. जहां एक गैस गोदाम की गाड़ी को अपराधियों ने निशाना बनाते हुए लगभग 40 हजार रुपये की लूट की. वहीं मरवन के समीप एक सीएसपी संचालक को निशाना बनाते हुए लगभग एक लाख चालीस हजार की लूट की.

## कारोबार

### सुजलॉन को मिला पवन परियोजना का ठेका

**नयी दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन समूह को एवरेन कंपनी, एबीसी क्लीनटेक प्राइवेट लिमिटेड (एसीपीएल) से 642 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना का ठेका मिला है. एवरेन भारत में ब्रुकफील्ड और एक्सिस एनर्जी के बीच एक संयुक्त उद्यम है. कंपनी की ओर से जारी एक बयान के अनुसार कहा गया कि ठेके के तहत सुजलॉन आंध्र प्रदेश में हाइब्रिड लैटिस ट्यूबलर (एचएलटी) टावर और 214 पवन टरबाइन जनरेटर (डब्ल्यूटीजी) स्थापित करेगा.

### दुबई में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करेगा एलएंडटी

**नयी दिल्ली।** लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) को दुबई में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की परियोजना का ठेका मिला है. कंपनी ने बीएसई को दी जानकारी में बताया कि इस परियोजना के तहत दुबई में सौर फोटो वोल्टकेनिक संयंत्र स्थापित करना शामिल है. एलएंडटी के पूर्णकालिक निदेशक एवं वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष टी. माधव दास ने कहा कि हम उस क्षेत्र में ऊर्जा बदलाव को गति देने के लिए अपने नवीन नवीकरणीय ऊर्जा समाधान तथा परियोजना प्रबंधन विशेषज्ञता का इस्तेमाल करने को प्रतिबद्ध हैं.

### ब्लू स्टार के शुद्ध लाभ में 72 फीसदी की उछाल

**नयी दिल्ली।** एयर कंडीशनर (एसी) और वाणिज्यिक रेफ्रिजरेटर बनाने वाली कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में 72 प्रतिशत उछाल के साथ 100.46 करोड़ रुपये रहा है. बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 58.41 करोड़ रुपये रहा था. ब्लू स्टार लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि आलोच्य तिमाही में उसकी परिचालन आय 25 प्रतिशत बढ़कर 2,241.19 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,794.17 करोड़ रुपये थी. कंपनी ने तिमाही आंकड़ों की घोषणा करते हुए कहा कि एसी और वाणिज्यिक रेफ्रिजरेटर उत्पादों की मजबूत मांग दिखी.

पिछले तीन हफ्ते के दौरान 13989 भारतीय पर्यटक मालदीव पहुंचे हैं

# घट गई मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या

भाषा। नयी दिल्ली

दुनियाभर में कई ऐसे देश हैं, जिसकी अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से पर्यटन पर निर्भर है. बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटक मालदीव घूमने जाते हैं. लेकिन बीते कुछ दिनों से भारतीयों ने जाना कम कर दिया है. दरअसल भारत और मालदीव के संबंधों में पिछले कुछ दिनों से तनातनी चल रही है. इससे मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में काफी गिरावट आई है. पिछले लगातार तीन साल मालदीव जाने वाले पर्यटकों में भारतीयों की संख्या सबसे ज्यादा थी. लेकिन 28 जनवरी के आंकड़ों के मुताबिक भारत की हिस्सेदारी महज आठ फीसदी रह गई है.

इस रैंकिंग में रूस पहले, इटली दूसरे, चीन तीसरे, यूके चौथे और भारत पांचवें नंबर है. पिछले तीन हफ्ते के दौरान 13,989 भारतीय पर्यटक मालदीव पहुंचे. भारत और मालदीव के बीच तनाव की शुरुआत तब हुई जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे पर मालदीव के तीन मंत्रियों ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी. भारत की कड़ी प्रतिक्रिया के बाद इन तीनों मंत्रियों को हटा दिया गया लेकिन इसके साथ ही मालदीव का बहिष्कार भी शुरू हो गया.



**लगा झटका**

- मालदीव के मंत्रियों ने आपत्तिजनक टिप्पणी की थी
- कई भारतीयों ने मालदीव की बुकिंग कैंसल कर दी
- सोशल मीडिया पर बॉयकाट मालदीव्स ट्रेंड हुआ था

**मालदीव से स्क्रैप धातुओं का आयात करता है भारत**

भारत पहला देश था, जिसने मालदीव की स्वतंत्रता को मान्यता दी. ब्रिटिश शासन के दौरान मालदीव भारत पर निर्भर था. आज दक्षिण एशिया में सबसे अधिक प्रति व्यक्ति आय वाला देश मालदीव है. विदेश मंत्रालय के अनुसार, फरवरी 1974 से, भारतीय स्टेट बैंक ने मालदीव के विकास और समुद्री उत्पादों के निर्यात में महत्वपूर्ण सहायता की है. इसके अलावा बैंक ने लोन देकर भी लोकल उद्योग के विकास में काफी योगदान दिया है. फिर चाहे वह 1988 में हुआ तख्तापलट हो, 2004 में आई सुनामी की त्रासदी हो, 2014 में पानी की कमी का संकट या फिर 2020 के कोविड-19 संकट के दौरान वित्तीय मदद, दवाई और रसद पहुंचाने की बात हो, अलग-अलग संकटों में भारत हमेशा मालदीव के साथ खड़ा रहा.

### ईपैक ड्यूरेबल पहले दिन में 10 फीसदी टूटा

**नयी दिल्ली।** ईपैक ड्यूरेबल का शेयर मंगलवार को बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने निर्गम मूल्य 230 रुपये से करीब 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ. कंपनी के शेयर ने बीएसई पर निर्गम मूल्य से 2.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 225 रुपये पर कारोबार शुरू किया. दिन में कारोबार के दौरान यह 10.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 205.70 रुपये पर आ गया. अंत में यह 9.69 प्रतिशत टूटकर 207.70 रुपये पर बंद हुआ. एनएसई पर कंपनी के शेयर ने 3.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ 221 रुपये पर शुरुआत की.

## मीशो ने गुणवत्ता जांच के बाद दो लाख उत्पादों को हटाया

भाषा। नयी दिल्ली

सॉफ्टबैंक समर्थित मीशो ने गुणवत्ता जांच के बाद पिछली तिमाही में अपने ई-कॉमर्स मंच से करीब दो लाख उत्पादों को हटा दिया है. कंपनी की योजना छह महीने में मंच से कम रेटिंग वाली वस्तुओं को 20 प्रतिशत तक हटाने की है. मीशो के अनुसार, मूल्यांकन के बाद मंच से पिछली तिमाही में करीब दो लाख उत्पादों को हटा दिया. कंपनी के अनुसार गुणवत्ता जांच को मजबूत करने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) में निवेश किया गया है. कंपनी ने कहा कि वह ग्राहकों की राय, 'रेटिंग' और प्रतिक्रिया के साथ-साथ उत्पाद की स्थिति, कार्यक्षमता या समग्र संतुष्टि से संबंधित किसी भी रिपोर्ट किए गए मुद्दे या 'रिटर्न' के माध्यम से गुणवत्ता निर्धारित करती है. मीशो ने अगस्त, 2023 में अपनी 'ट्रस्ट एश्योरेंस रिपोर्ट' पेश की थी. इसके तहत उसने करीब 42 लाख नकली तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले उत्पादों को मंच से हटा दिया था.

## कर्ज को कम करने पर प्रतिबद्ध मैक्रोटेक

भाषा। नयी दिल्ली

रियल एस्टेट कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स लिमिटेड मजबूत आवास मांग के दम पर इस तिमाही में अधिशेष नकदी प्रवाह उत्पन्न करने और कर्ज को कम से कम 11 प्रतिशत घटाकर 6,000 करोड़ रुपये पर लाने पर ध्यान केंद्रित करेगी. कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक लोढ़ा ने बातचीत में जनवरी-मार्च तिमाही में कई परियोजनाओं के 'पाइपलाइन' में होने से चालू वित्त वर्ष के 14,500 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग का लक्ष्य हासिल करने का भरोसा जताया. मुंबई की कंपनी मैक्रोटेक डेवलपर्स लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करती है. यह मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) और पुणे में प्रमुख उपस्थिति के साथ देश के अग्रणी रियल एस्टेट कंपनियों में से है. लोढ़ा ने कहा कि हमने चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर) में 20,300 करोड़ रुपये की अनुमानित राजस्व क्षमता के साथ कई भूखंड जोड़े हैं, जबकि पूरे साल का लक्ष्य 17,500 करोड़ रुपये था....मैक्रोटेक डेवलपर्स का शुद्ध कर्ज पिछली तिमाही की तुलना में अक्टूबर-दिसंबर अवधि में 6,750 करोड़ रुपये पर लगभग स्थिर रहा. उन्होंने कहा कि हम मार्च तक अपना शुद्ध कर्ज घटाकर करीब 6,000 करोड़ रुपये करना चाहते हैं. अधिकारी ने कहा कि मजबूत आर्थिक वृद्धि और लोगों की घर खरीदने की इच्छा की वजह से आवासीय मांग में तेजी बनी हुई है.

**अनियमितताएं** इंजन का इस्तेमाल इनोवा क्रिस्टा, फॉर्च्यूनर व हाइलक्स में किया जाता है

# टोयोटा की इंजन में खामियां, तीन मॉडल की आपूर्ति रोकी

भाषा। नयी दिल्ली

वाहन विनिर्माता टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने डीजल इंजन के प्रमाणन परीक्षण में 'अनियमितताएं' पाए जाने के बाद देश में अपने तीन मॉडल- इनोवा क्रिस्टा, फॉर्च्यूनर और हाइलक्स की आपूर्ति अस्थायी तौर पर रोक दी है. टोयोटा मोटर कॉरपोरेशन (टीएमसी) से संबद्ध कंपनी टोयोटा इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन ने एक दिन पहले कहा था कि डीजल इंजन वाले तीन मॉडल के हॉर्स पावर आउटपुट संबंधी परीक्षणों में अनियमितताएं पाई गई हैं. भारत के मामले में इस इंजन का इस्तेमाल इनोवा क्रिस्टा, फॉर्च्यूनर और हाइलक्स मॉडल में किया जाता है.



वैश्विक स्तर पर 10 मॉडल इन इंजनों का इस्तेमाल करते हैं, जिनमें जापान के छह मॉडल भी शामिल हैं.

इस बारे में संपर्क किए जाने पर टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) के प्रवक्ता ने कहा कि अनियमितताएं इंजन के पावर और टॉर्क से संबंधित हैं लेकिन हॉर्सपावर, टॉर्क या इंजन से संबंधित अन्य मामलों में बढ़ा-चढ़ाकर कोई दावा नहीं किया गया है. इसके साथ ही कंपनी प्रवक्ता ने बयान में कहा कि इस मुद्दे का प्रभावित वाहनों के उत्सर्जन या सुरक्षा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है. टीकेएम ने कहा कि टोयोटा प्रभावित वाहनों के प्रमाणीकरण में इस्तेमाल किए गए आंकड़ों की दोबारा पुष्टि के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ काम कर रही है. ऐसी स्थिति में टीकेएम प्रभावित वाहनों की आपूर्ति अस्थायी रूप से रोकने जा रही है.

**खास बातें**

- पुष्टि के लिए अधिकारियों के साथ काम कर रही है कंपनी
- मौजूदा ग्राहक अनियमितताओं से नहीं होंगे प्रभावित

**असुविधा और चिंता के लिए माफी मांगी :** इस बीच, टीकेएम तीनों मॉडलों के लिए नए ऑर्डर लेना जारी रखेगी. कंपनी ने कहा कि डीलरों तक पहले ही भेजी जा चुकी लेकिन अभी तक ग्राहकों को वितरित नहीं की गई कारों के बारे में स्थिति से ग्राहकों को अवगत करा दिया जाएगा. टीकेएम ने कहा कि हम अपने मौजूदा ग्राहकों से यह कहना चाहेंगे कि उनके वाहन इन अनियमितताओं से अप्रभावित हैं क्योंकि हॉर्सपावर, टॉर्क या इंजन संबंधी अन्य पहलुओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है. इसके साथ ही कंपनी ने इस अनियमितता के कारण अपने ग्राहकों एवं अन्य हितधारकों को होने वाली असुविधा और चिंता के लिए माफी मांगी है.

## सेंसेक्स में 1.11 फीसदी गिरावट के साथ 71,139.90 अंक पर बंद

भाषा। मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में एक दिन की जोरदार तेजी के बाद मंगलवार को फिर नरमी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 802 अंक लुढ़क गया. मुख्य रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और बजाज फाइनेंस में बिकवाली से बाजार नीचे आया. तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 801.67 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,139.90 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 865.85 अंक तक लुढ़क गया था. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 215.50 अंक यानी 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,522.10 अंक पर बंद हुआ. सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस 5.03 प्रतिशत नीचे आया. तिमाही परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी के शेयर में गिरावट आई. इसके अलावा टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एनटीपीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं.

दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज शामिल हैं. एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे. यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में तेजी का रुख था.

## ब्रीफ खबरें

### खदान में विस्फोट, एक की मौत, दो घायल

**ठाणे ।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई शहर में एक खदान में विस्फोट की प्रक्रिया के दौरान पत्थर गिरने से 32 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए. पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी. घटना सोमवार को दोपहर करीब दो बजे पनवेल इलाके में स्थित खदान में हुई. पनवेल शहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट के दौरान अलग हुए कुछ पत्थरों की चपेट में एक खुदाई मशीन के ऑपरेटर सहित तीन कर्मचारी आ गए. ऑपरेटर की मौत हो गई है.

### यू-ट्यूबर की पीट-पीट कर हत्या, दो गिरफ्तार

**नोएडा ।** थाना दनकौर क्षेत्र में रहने वाले एक यू-ट्यूबर के साथ मारपीट कर सात लोगों ने उसकी कथित तौर पर हत्या कर दी. घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है और शेष की तलाश कर रही है. थाना दनकौर के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने मंगलवार को बताया कि बलवीर, पुत्र हो राम ने बीती रात को थाने में घटना को लेकर शिकायत दर्ज कराई है. शिकायत में कहा गया है कि मनीष, प्रिंस, विक्की, विजय, योगेंद्र, कपिल व मिंकू ने उसके बेटे दीपक को 28 जनवरी को अपने साथ ले गए थे.

### पांच दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

**प्रतापगढ़ ।** प्रतापगढ़ जिले की अपर जिला एवं सत्र अदालत ने गैर इरादतन हत्या के एक मामले में आरोपी पांच लोगों को दोषी करार देते हुए उम्र कैद और जुर्माने की सजा सुनायी है. सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता रवींद्र प्रताप सिंह ने मंगलवार को बताया कि कोहंडौर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर खुर्द गांव के सैफ अली, मस्सन, गुड्डू, गुलफाम और रुस्तम ने जमीन के विवाद को लेकर 27 मई 2010 को अपने ही गांव के निवासी इबरार को लाठी-डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था.

### भारतीय नौसेना ने 19 पाकिस्तानियों को बचाया

**नयी दिल्ली ।** भारतीय युद्धपोत 'आईएनएस सुमित्रा' ने सोमालिया के पूर्वी तट पर ईरानी झंडा लगे मछली पकड़ने के जहाज पर समुद्री दस्युओं के हमले के बाद उस पर सवार चालक दल के 19 पाकिस्तानी सदस्यों को बचाया. अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी. 'आईएनएस सुमित्रा' को अदन की खाड़ी और सोमालिया के पूर्व में समुद्री दस्यु रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए तैनात किया गया है. जहाज ने मछली पकड़ने वाले ईरानी जहाज 'इमान' पर सोमवार को समुद्री डकैती का प्रयास विफल कर दिया.

### लद्दाख में 3.4 तीव्रता का भूकंप, हताहत नहीं

**लेह/जम्मू ।** लद्दाख में मंगलवार को 3.4 तीव्रता का भूकंप आया अधिकारियों ने यह जानकारी दी अधिकारियों ने बताया कि इस दौरान जान-माल का किसी प्रकार का नुकसान होने की कोई जानकारी नहीं मिली है. राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने बताया कि भूकंप सुबह पांच बजकर 39 मिनट पर आया इसका केंद्र लेह में पांच किलोमीटर की गहराई में था.

## पुण्यतिथि पर बापू को नमन...



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य लोगों ने नई दिल्ली के राजघाट में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की. **फोटो : पीटीआई**

# पूर्व पीएम इमरान खान और कुरैशी को 10 साल की सजा

**भाषा । इस्लामाबाद**

जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को गोपनीयता का उल्लंघन करने के मामले में मंगलवार को 10-10 साल जेल की सजा सुनाई गई. यह फैसला आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले आया है. शासकीय गोपनीयता अधिनियम के तहत रावलपिंडी की अडियाला जेल में स्थापित की गई विशेष अदालत में मामले की सुनवाई के बाद न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने दोनों नेताओं को सजा सुनाई. भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाए जाने के बाद खान तीन साल से जेल में बंद हैं. इस मामले का संबंध गोपनीय राजनयिक दस्तावेज के खुलासे से हैं. खान ने 27 मार्च, 2022 को एक सार्वजनिक रैली में अमेरिका का नाम लेते हुए दावा किया था कि यह उनकी सरकार को गिराने की एक 'अंतरराष्ट्रीय साजिश' का सबूत है. संघीय जांच एजेंसी ने पिछले साल 15 अगस्त को खान और कुरैशी के खिलाफ मामला दर्ज किया था.

खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने घटनाक्रम की पुष्टि करते हुये कहा कि यह एक झूठा मामला है. मीडिया या जनता को इससे दूर रखा गया. उनकी पार्टी ने व्हॉट्सएप संदेश में कहा कि हमारी कानूनी टीम इस फैसले को उच्च अदालत में चुनौती देगी. इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने मामले की लचर सुनवाई के तहत दो बार कार्यवाही को रद्द कर दिया था, मीडिया तथा जनता की पहुंच का आदेश दिया था. फिर भी कानूनी टीम को जाने नहीं दिया गया, उसे अलग रखा गया और जल्दबाजी में निर्णय लिया गया. ऐसे में उम्मीद है कि उपरोक्त तथ्यों के मद्देनजर सजा को निलंबित कर दिया जाएगा. पीटीआई नेताओं को पहली बार अक्टूबर 2023 में दोषी ठहराया गया था.

## राष्ट्रपिता का बलिदान हमें लोगों की सेवा करने की प्रेरणा देता है

# राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी

**भाषा । नयी दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर यहां राजघाट पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की. राष्ट्रपिता के सम्मान में कुछ देर का मौन भी रखा गया मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि मैं पूज्य बापू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं. मैं उन सभी को भी श्रद्धांजलि देता हूं जो हमारे देश के लिए शहीद हुए हैं. उनका बलिदान हमें लोगों की सेवा करने और हमारे राष्ट्र के लिए उनके सपने को पूरा करने की प्रेरणा देता है. 'एक्स' पर प्रधानमंत्री के जीवन से जुड़ी बातों को अक्सर साझा करने वाले 'मोदीआर्काइव' नामक खाते पर मोदी की निजी डायरी के कुछ पन्ने गांधी के उद्धरणों के साथ साझा किए गए. 'मोदीआर्काइव' ने 'एक्स' पर लिखा कि हम नरेंद्र मोदी की निजी डायरी के पन्ने आपके साथ साझा कर रहे हैं जो दर्शाते हैं कि उन्होंने न केवल महात्मा गांधी को काफी पढ़ा था, बल्कि अपनी निजी डायरी में गांधी के उद्धरण भी लिखे थे, जिनसे उन्हें प्रेरणा मिलती है. राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 1948 में नाथूराम गोडसे ने हत्या कर दी थी.



### बजट सत्र को लेकर हुई सर्वदलीय बैठक

संसद के बजट सत्र से पहले सरकार द्वारा बुलायी गयी सर्वदलीय बैठक में मंगलवार को विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए. रक्षा मंत्री और लोकसभा में उपनेता राजनाथ सिंह, संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बैठक में सरकार का प्रतिनिधित्व किया. संसद भवन परिसर में हुई इस बैठक में उपस्थित नेताओं में कांग्रेस के नेता के सुरेश, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंदोपाध्याय, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता टी आर बालू, शिवसेना के राहुल शेवाले, समाजवादी पार्टी के नेता एसटी हसन, जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के नेता राम नाथ ठाकुर और तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के जयदेव गल्ला शामिल थे. संसद के प्रत्येक सत्र से पहले बैठक बुलाने की एक प्रथा है जिसमें विभिन्न दलों के नेता उन मुद्दों को उजागर करते हैं जिन्हें वे संसद में उठाना चाहते हैं और सरकार उन्हें अपने एजेंडे की एक झलक प्रदान करती है और उनका सहयोग मांगती है. इस बार 31 जनवरी से नौ फरवरी के बीच संसद सत्र होगा, जिसमें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा चुनाव से पहले अंतरिम बजट पेश करेंगी. पूर्ण बजट नयी सरकार पेश करेगी. सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन से होगी.

### शहीद दिवस

- पीएम ने निजी डायरी के पन्ने एक्स पर साझा किया
- महात्मा गांधी की 1948 में नाथूराम ने हत्या कर दी थी

### राष्ट्रपिता के आदर्श 'भारत की आत्मा' हैं : राज्यपाल

**चेन्नई ।** तमिलनाडु के राज्यपाल आर. एन. रवि ने मंगलवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 77वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा कि अहिंसा सहित उनके आदर्श देश की आत्मा हैं. माइक्रो ब्लॉगिंग साइट 'एक्स' पर तमिलनाडु राजभवन के आधिकारिक हैंडल पर राज्यपाल के हवाले से पोस्ट किया गया, महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि. सत्य, अहिंसा, सादगी और सार्वभौमिक भाईचारे के उनके आदर्श 'भारत' की आत्मा हैं तथा ये एक समावेशी और टिकाऊ वैश्विक भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरणा का स्रोत एवं मार्गदर्शक शक्ति बने रहेंगे. राज्यपाल ने राज्य के मंत्रियों पी. के. शेखर बाबू और एम. पी. सामिनाथन और अन्य लोगों के साथ यहां गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की.

# भाजपा ने जीता चंडीगढ़ महापौर चुनाव

**भाषा । चंडीगढ़**



चंडीगढ़ के महापौर पद के लिए हुए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनोज सोनकर ने मंगलवार को कांग्रेस समर्थित आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को हराकर जीत हासिल कर ली है. सोनकर को 16 मत मिले जबकि कुमार के पक्ष में 12 मत आए. आठ मतों को अवैध घोषित कर दिया गया. नतीजे घोषित होते ही विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दल आप और कांग्रेस के पार्षदों ने विरोध प्रदर्शन किया. दिल्ली में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर 'धोखा' देने का आरोप लगाया. नवनिर्वाचित महापौर वरिष्ठ उप महापौर और उप महापौर के पद पर चुनाव कराएंगे. कांग्रेस के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ रही आम आदमी पार्टी ने महापौर पद के लिए प्रत्याशी खड़ा किया था. कांग्रेस ने वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर पदों के लिए अपने उम्मीदवार चुनावी मैदान में उतारे हैं. पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद हो रहे चुनाव, विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के सदस्य कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) के एक साथ चुनाव लड़ने के कारण महत्वपूर्ण हैं. दोनों दलों में हालांकि पंजाब में लोकसभा चुनावों के लिए सीटों की साझेदारी पर अभी सहमति नहीं बनी है. चंडीगढ़ नगर निगम में 35 सदस्यीय सदन में भाजपा के 14 पार्षद हैं. आप के 13 और कांग्रेस के सात पार्षद हैं. शिरोमणि अकाली दल का एक पार्षद है. सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में केजरीवाल ने दिनदहाड़े की गई धोखाधड़ी पर गंभीर चिंता व्यक्त की. दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि ये लोग महापौर चुनाव में इस स्तर तक गिर सकते हैं, तो वे राष्ट्रीय चुनावों में किसी भी हद तक जा सकते हैं.

### भूस्खलन के कारण मनाली-चंडीगढ़ राजमार्ग हुआ बंद

**शिमला ।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में मनाली-चंडीगढ़ राजमार्ग का रामशिला-पतलीकुल हाईवे मंगलवार सुबह भूस्खलन के कारण बंद हो गया. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि जब भूस्खलन हुआ तब राजमार्ग पर वाहनों की कोई आवाजाही नहीं थी. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन का मलबा दोपहर तक हटा दिया जाएगा.

## पर्ड्यू में लापता हुए भारतीय छात्र की मौत की हुई पुष्टि

**भाषा । वाशिंगटन**

अमेरिका के इंडियाना राज्य में स्थित प्रतिष्ठित पर्ड्यू विश्वविद्यालय के लापता भारतीय छात्र की मौत हो गई है. विश्वविद्यालय ने इसकी पुष्टि की. भारतीय छात्र नील आचार्य रविवार को लापता हो गया था. पर्ड्यू के परिसर में मौरिस जे. जुक्रो प्रयोगशाला के पास नील का शव मिलने के बाद टिप्पेकेनो काउंटी कोरोनर कार्यालय के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई. विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग के अंतरिम प्रमुख क्रिस क्लिफ्टन ने सोमवार को विभाग को भेजे एक ईमेल में कहा, बहुत दुख के साथ मैं आपको सूचित कर रहा हूं कि हमारे एक छात्र नील आचार्य का निधन हो गया है. कंप्यूटर विज्ञान विभाग उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करता है. मैं उनके जाने से बहुत दुखी हूं. मेरी संवेदनाएं उनके दोस्तों, परिवार और सभी प्रभावित लोगों के साथ हैं. क्लिफ्टन ने कहा कि नील शैक्षणिक रूप से प्रतिभाशाली छात्र था. उसने कंप्यूटर विज्ञान और डेटा विज्ञान में डिग्री हासिल की थी और वह जॉन मार्टिंसन ऑनर्स कॉलेज में पढ़ता था. क्लिफ्टन ने बताया कि उन्हें 'डीन ऑफ स्टूडेंट्स' के कार्यालय से नील की मृत्यु की पुष्टि करने वाला ईमेल मिला है.

## उत्तर कोरिया ने तीसरी बार दागी क्रूज मिसाइल : दक्षिण कोरिया

**भाषा । सियोल**

उत्तर कोरिया ने मंगलवार को पश्चिमी तट के पास समुद्र में कई क्रूज मिसाइलें दागीं जो इस महीने में उसका इस प्रकार का तीसरा परीक्षण है. दक्षिण कोरिया ने यह जानकारी दी. यह परीक्षण ऐसे समय में किया गया है जब क्षेत्र में तनाव पहले से बढ़ा हुआ है. उत्तर कोरिया द्वारा हथियारों का प्रदर्शन और अमेरिका, दक्षिण कोरिया एवं जापान के संयुक्त सैन्य अभ्यास बढ़ गए हैं. दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ' ने कहा कि दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी सेनाएं इन प्रक्षेपणों का विश्लेषण कर रही हैं. अभी यह जानकारी नहीं दी गई है कि कितनी मिसाइलें दागी गईं या वे कितनी दूर तक पहुंचीं. इससे पहले उत्तर कोरिया ने 24 जनवरी और 28 जनवरी को भी इसी प्रकार के परीक्षण किए थे.

## एक और युद्ध नहीं चाहता अमेरिका

**भाषा । वाशिंगटन**

जॉर्डन में एक ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैन्यकर्मियों की मौत के एक दिन बाद अमेरिकी राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने कहा कि अमेरिका एक और युद्ध नहीं चाहता या तनाव को बढ़ाना नहीं चाहता, लेकिन क्षेत्र में अपनी रक्षा के लिए उसे जो भी करने की आवश्यकता होगी, वह निश्चित रूप से वह सब करेगा. व्हाइट हाउस की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में रणनीतिक संचार समन्वयक जॉन किर्बी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि हमले में 30 से अधिक अमेरिकी सैनिक घायल भी हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. इनमें से कुछ की हालत गंभीर है. उन्होंने कहा, ये सैनिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मिशन का हिस्सा थे, जिसका उद्देश्य आईएसआईएस का मुकाबला करने के लिए साझेदारों के साथ काम करना है. रक्षा विभाग हमले के बारे में अधिक जानकारी एकत्र कर रहा है. यह मिशन जारी रहना चाहिए और यह जारी रहेगा. किर्बी ने कहा, हम एक और युद्ध नहीं चाहते. हम तनाव बढ़ाना नहीं चाहते लेकिन क्षेत्र में अपनी रक्षा के लिए, इस मिशन को जारी रखने के लिए और इन हमलों का उचित जवाब देने के लिए जो भी करने की आवश्यकता होगी, हम निश्चित रूप से वह सब करेंगे. उन्होंने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा टीम के साथ दो बार बैठक कर चुके हैं और विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहे हैं.




## कॅरियर-काउंसिलिंग

# बीएससी आईटी की पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना कॅरियर



**एजुकेशन रिपोर्टर / रजनीश प्रसाद ।** बीएससी आईटी (इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी) एक 3 साल की अवधि का बैचलर्स डिग्री कोर्स है, जो छात्रों को स्टोरेज, सिक्योरिटी, प्रोसेसिंग, डाटा मैनेजमेंट और सूचना प्रौद्योगिकी का जटिल ज्ञान प्रदान करता है. इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी से संबंधित बीएससी (बैचलर ऑफ साइंस) इन आईटी मूल रूप से सॉफ्टवेयर, डाटाबेस, नेटवर्किंग जैसे विषयों पर केंद्रित है.

### बीएससी आईटी के लिए स्किल्स

बीएससी आईटी में करियर बनाने के लिए, आपके पास हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर सिस्टम को कुशलतापूर्वक संचालित करने के लिए आवश्यक स्किल सेट और कंप्यूटर एल्गोरिदम, डेटाबेस और ऑपरेटिंग सिस्टम की पूरी समझ होनी चाहिए. प्रमुख बीएससी आईटी कोर्सेज की खोज करने से पहले, आइए एक नज़र डालें कि इस लगातार बढ़ते तकनीकी क्षेत्र में एक सफल करियर बनाने के लिए प्रमुख स्किल्स क्या चाहिए.

- कंप्यूटर एल्गोरिदम, ऑपरेटिंग सिस्टम, सॉफ्टवेयर, डेटाबेस हैंडलिंग आदि का गहन ज्ञान हो.
- विश्लेषणात्मक स्किल्स
- समस्या समाधान करना आना
- क्रिएटिविटी
- महत्वपूर्ण विचार करने की स्किल्स
- तकनीकी स्किल्स

### आवदेन प्रक्रिया

विश्वविद्यालय योग्यता-आधारित प्रवेश की प्रणाली का पालन करते हैं, इसके बाद व्यक्तिगत इंटरव्यू होता है. कुछ कॉलेज ऐसे हैं जो अपनी खुद की प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं. प्रवेश प्रक्रिया आमतौर पर कॉलेजों में अलग-अलग होती है. किसी भी विदेशी कॉलेज में परेशानी मुक्त प्रवेश पाने के लिए छात्र को जिस प्रवेश प्रक्रिया का पालन करना चाहिए, उसका उल्लेख किया गया है:

- विषय रुचि की व्याख्या करते हुए एक व्यक्तिगत विवरण लिखें.
- स्कूल के शिक्षक द्वारा प्रदान किया गया रेफरेंस
- ऑनलाइन प्रारंभिक आवेदन जमा करें
- विश्वविद्यालय द्वारा भेजे गए पूरक आवेदन प्रश्नावली को पूरा करें
- कोर्स की आवश्यकताओं के अनुसार शैक्षणिक टेप जमा करें.
- साक्षात्कार के समय बोली जाने वाली अंग्रेजी में एक उचित मानक की आवश्यकता होती है.

### कॅरियर स्कोप

आप बीएससी आईटी कार्यक्रम के बैचलर क्षेत्र में एमएससी और पीएचडी डिग्री प्राप्त कर सकते हैं. इस विषय का अध्ययन करने में रुचि रखने वाले व्यक्तियों के लिए आईटी और दूरसंचार क्षेत्र के साथ साथ इंडस्ट्री क्षेत्र में भी अधिक स्कोप है. बीएससी आईटी डिग्री पूरी करने के बाद उपलब्ध कुछ जॉब प्रोफाइल नीचे दिए गए हैं.

- प्रोग्रामर्स
- सॉफ्टवेयर डेवलपर
- गुणवत्ता विशेषज्ञ
- आईटी विशेषज्ञ
- प्रौद्योगिकी इंजीनियर
- तकनीकी सलाहकार
- ग्राफिक डिज़ाइनर
- नेटवर्क इंजीनियर
- आईटी सपोर्ट एनालिस्ट
- आईटी सलाहकार
- वेब डिज़ाइनर
- एप्लीकेशन विशेषज्ञ

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)